

दिल साफ करके मुलाकात की आदत डालो धूल हटती है तो आइने भी चमक उठते हैं।

दैनिक
# अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी

खुश होना है तो तारीफ सुनिए और बेहतर होना है तो निंदा।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, वीरवार, 08 मई, 2025 | बैशाख शुक्ल पक्ष: एकादशी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 126 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12


# 'ऑपरेशन सिंदूर': पाक में आतंक की पाठशाला ध्वस्त

## पाक पर एयरस्ट्राइक

## देश हमारी ओर देख रहा था, ये तो होना ही था: पीएम मोदी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** आखिरकार भारत ने पाकिस्तान के आतंकी संगठनों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करते हुए आतंक की पाठशाला ध्वस्त कर दी। इंडियन एयरफोर्स ने मंगलवार आधी रात 1:05 बजे पाकिस्तान और पीओके, यानी पाक अधिकृत कश्मीर के भीतर एयर स्ट्राइक की। इस हमले में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया है। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। भारत की ये जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की गई है और इसका नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हत्या कर दी थी। कैबिनेट बैठक में पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की तारीफ की। ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि ये नया भारत है। पूरा देश हमारी ओर देख रहा था। ये तो होना ही था। सूत्रों के हवाले से बताया कि पीएम मोदी ऑपरेशन सिंदूर को पूरी रात मॉनिटर करते रहे। वहीं, पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री, सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में देश को छह और सात मई की दरमियानी रात को एक बज कर पांच मिनट से डेढ़ बजे तक चले 'ऑपरेशन सिंदूर' की जानकारी दी। ब्रीफिंग से पहले एक स्लाइड में बताया गया कि पाकिस्तान कई दशकों से आतंकवाद को बढावा दे रहा है और आतंकवादियों के हमलों में अब तक करीब 350 आम लोग और 600 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गये हैं। ऑपरेशन सिंदूर में जिन नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया है उनमें से चार पाकिस्तान में और पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में हैं। इन ठिकानों पर आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय, भर्ती , प्रशिक्षण केन्द्र और लांच पैड़ हैं। मिस्त्री ने जोर देकर कहा कि बीती रात सीमापार की गई कार्रवाई नपी तुली, गैर उकसावे वाली एवं जिम्मेदाराना थी जिसका उद्देश्य आतंकवादी ढांचे को नेस्तनाबूद करना और आतंकवादियों को आगे किसी भी ऐसी हरकत के लिए अक्षम बनाना था। इस कार्रवाई में पाकिस्तान के किसी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया। इसमें निर्दोष लोगों की जान नहीं गयी और न ही उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई 25 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पहलगाम हमले के बाबत जारी बयान की भावना के अनुरूप है। विदेश सचिव ने कहा कि पाकिस्तान आधारित आतंकवादी मॉड्यूल पर हमारी खुफिया निगरानी से संकेत मिला था कि भारत पर आगे भी हमले हो सकते हैं, अतः इन्हें रोकना और इसने निपटना दोनों को बेहद आवश्यक समझा गया। आज सुबह भारत ने इस तरह के सीमा पार हमलों का जवाब देने और उन्हें रोकने तथा उनका प्रतिरोध करने के अपने अधिकार का प्रयोग किया है।

- पहलगाम हमले के 15 दिन बाद भारत की बड़ी कार्रवाई
- भारत ने पाकिस्तान से लिया पहलगाम हमले का बदला
- पाक में 4 और पीओके में 5 आतंकी ठिकानों पर दागीं मिसाइलें
- 100 से ज्यादा आतंकवादी ढेर






मिसाइल हमले में तबाह हुई मुजफ्फराबाद की बिलाल मस्जिद।

### ये आतंकी ठिकाने हुए तबाह

1. मरकज सुभान अल्लाह, बहावलपुर (जैश)
2. मरकज तैयबा, मुरीदके (लश्कर)
3. सरजाल, तेहरा कलां (बहावलपुर) (जैश)
4. महमूना जोया सुविधा, सियालकोट (हिजबुल)
5. मरकज अहले हदीस बरनाला, भीमबेर (लश्कर)
6. मरकज अब्बास, कोटली (जैश)
7. मस्कर राहील शाहिद, कोटली (हिजबुल)
8. शावई नाला कैंप, मुजफ्फराबाद (लश्कर)
9. मरकज सैयदना बिलाल, मुजफ्फराबाद (जैश)

### 18 एयरपोर्ट्स बंद, कई राज्यों में स्कूलों की छुट्टी

पाकिस्तान पर एयरस्ट्राइक के बाद भारत ने 7 राज्यों के 18 एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट्स ऑपरेशन बंद कर दिए हैं। इनमें से बड़े एयरपोर्ट श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, बीकानेर, जोधपुर, राजकोट, धर्मशाला, अमृतसर, भुज और जामनगर हैं। यह एयरपोर्ट्स पाकिस्तान बॉर्डर से लगे हुए हैं। एअर इंडिया, इंडिगो, स्पाइसजेट, एयर इंडिया एक्सप्रेस, आकासा एयर और कुछ विदेशी एयरलाइंस ने करीब 200 फ्लाइट्स को कैंसिल किया है। जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान के कई जिलों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। करतारपुर कॉरिडोर को भी बंद कर दिया गया है। यहां से सिख श्रद्धालु पाकिस्तान में करतारपुर साहिब के दर्शन करने जाते थे।

## पुंछ में पाकिस्तान की भारी गोलाबारी में 15 नागरिकों की मौत, 45 घायल

**जम्मू/श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर मंगलवार रात पाकिस्तान की ओर से की गई भारी गोलीबारी में एक महिला और दो बच्चों समेत कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 45 अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि पाकिस्तान की ओर से रात भर की गई भारी गोलीबारी में पुंछ सेक्टर में एक महिला, दो बच्चों समेत दस लोगों की मौत हो गई और 45 घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सीमा पार से दागे गए मोर्टार शेल के घर में फटने से एक महिला की मौत हो गई जबकि उसकी 13 साल की बेटी घायल हो गई। सीमावर्ती जिला पुंछ पाकिस्तान की गोलाबारी से सबसे अधिक प्रभावित रहा। उन्होंने कहा कि पुंछ सेक्टर के अन्य हिस्सों में करीब 14 लोग घायल हुए हैं और राजौरी के ठंडीकासी इलाके में दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की भारी गोलाबारी में कई घर और वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि मनकोट क्षेत्र के अलावा भारतीय सेना ने राजौरी के कृष्णा घाटी, शाहपुर, लाम, मंजाकोट और गंभीर ब्राह्मणा क्षेत्रों में भी पाकिस्तानी सेना को मुंहतोड़ जवाब दिया। मृतकों की पहचान मोहम्मद आदिल, सलीम हुसैन, रूबी कौर, मोहम्मद जैन (10),



मोहम्मद अकरम (55), अमरीक सिंह, रंजीत सिंह, जोया खान (12), मोहम्मद रफी और मोहम्मद इकबाल के रूप में हुई है। ये सभी पुंछ के निवासी हैं। इस बीच सेना ने कहा कि 6-7 मई की रात को पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के सामने नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार चौकियों से गोलीबारी की।

### सेना को सलाम: राहुल गांधी



राहुल गांधी ने कहा कि हम सेनाओं को पूरा समर्थन देते हैं। हमारा पूरा सपोर्ट है। हमारे जवानों को पूरा समर्थन है।

### सेना की बहादुरी को सलाम: खड़गे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि देश की सेना की बहादुरी को सलाम है। उनके साथ हम कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। हमारे भारतीय शस्त्र बलों पर हम गर्व करते हैं, जिन्होंने पाकिस्तान और पीओके के अंदर के ठिकानों पर साहसिक कार्रवाई की। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दिन से ही कांग्रेस सेना और सरकार के साथ खड़ी थी।

## बठिंडा में प्लेन क्रैश, हरियाणा के व्यक्ति की मौत, 9 लोग घायल



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बठिंडा।** पहलगाम आतंकी हमले के बदले भारत की पाकिस्तान पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत एयर स्ट्राइक के दौरान पंजाब के बठिंडा में गेहूं के खेत में प्लेन क्रैश हो गया। जिसमें 2 व्यक्तियों की मौत की सूचना सामने आई है और 9 लोग घायल हुए हैं। हालांकि प्रशासन की तरफ से आधिकारिक तौर पर एक ही व्यक्ति की मौत की पुष्टि की गई है। मरने वालों में एक व्यक्ति गोविंद है जो की हरियाणा के चरखी दादरी जिले का रहने वाला है। जिस जगह प्लेन क्रैश हुआ, वह आबादी से 500 मीटर दूर है।

जानकारी के मुताबिक यह घटना रात 2 बजे बठिंडा में गोनियाना मंडी के अकालियां कलां गांव में हुई। इस दौरान खेत में प्लेन गिरा। जिसके बाद उसमें आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने पूरा एरिया सील कर दिया। मीडिया को भी 2 किमी पहले रोका गया है।

इस घटना के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं, जिसमें खेत में प्लेन जैसी चीज जलती हुई दिख रही है। वीडियो में एक चश्मदीद पुष्टि करते हुए कह रहा है कि खेत में प्लेन गिरा है। जब लोगों ने उसके करीब जाने की कोशिश की तो उसमें ब्लास्ट हो गया। वीडियो में फायर ब्रिगेड के कर्मचारी आग भी बुझाते हुए दिख रहे हैं। यह प्लेन कौन सा है और किसका है, इसके बारे में अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। इसके पायलट के बारे में भी अभी कोई सूचना नहीं है।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक पीएम की गीदड़भभकी

## भारत से इसका बदला लेंगे, जगह और समय चुनकर हमला करेंगे



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**इस्लामाबाद।** भारत की तरफ से पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक को पाकिस्तान ने युद्ध के लिए उकसावे की कार्रवाई (एक्ट ऑफ वॉर) कहा है। पाकिस्तान ने दावा किया है कि वह भारत से इसका बदला लेगा। जगह और समय चुनकर हमला करेंगे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को पाकिस्तान की संसद में कहा कि भारत ने कायराना हमला किया। उन्होंने फिर यह दावा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले से पाकिस्तान का कोई लेना-देना नहीं है। शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तानी सेना छूट मांग रही है। वह भारत के खिलाफ कार्रवाई करना चाहती है। मैंने सेना को पूरा अधिकार दे दिया है। हम सेना को तैयार कर रहे हैं।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने जापान, जर्मनी, फ्रांस, स्पेन के विदेश मंत्रियों को दी जानकारी



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जापान, फ्रांस, जर्मनी एवं स्पेन के विदेश मंत्रियों के साथ टेलीफोन पर बात की और पहलगाम आतंकवादी हमले के जिम्मेदार आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाकर की गयी कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। डॉ. जयशंकर ने यहां एक्स पर इन टेलीफोन वार्ताओं की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि उनकी जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया से टेलीफोन पर वार्तालाप हुआ। मैं जापान द्वारा 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा किये जाने की सराहना करता हूँ। आज सुबह सीमा पार आतंकवादी ढांचे के खिलाफ भारत की कार्रवाई पर चर्चा हुई। विदेश मंत्री ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट और जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल के साथ संयुक्त टेलीकॉन्फ्रेंस हुई। पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर उनकी एकजुटता और समर्थन की सराहना की। आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता सुनिश्चित करने पर चर्चा की।

## सेना ने आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर रचा इतिहास: राजनाथ सिंह



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ योजना के अनुसार पहले से तय किये गये आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर इतिहास रचा है। राजनाथ ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर पर पहली प्रतिक्रिया में जोर देकर कहा कि इस कार्रवाई में किसी भी नागरिक ठिकाने को जरा सा भी नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। इसका उद्देश्य आतंकवादियों को ठिकाने लगाकर आतंकवाद की कमर तोड़ना था। रक्षा मंत्री ने बुधवार को यहां सीमा सड़क संगठन की विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि सेना ने केवल उन्हीं को मारा है जिसने भारत को आहत किया था। सिंह ने कहा कि जैसा कि आप सबको जानकारी है कि कल रात भारतीय सेनाओं ने अपने शौर्य एवं पराक्रम का परिचय देते हुए एक नया इतिहास लिख दिया है।




### सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में 22 नक्सलियों को किया ढेर

**बीजापुर (अप्रस)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर की करेंगुट्टा पहाड़ी पर जारी 'नक्सल उन्मूलन ऑपरेशन' के सोलहवें दिन बुधवार को सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता उस वक्त मिली जब उन्होंने मुठभेड़ में 22 से अधिक नक्सलियों को मार गिराया। इनमें से अब तक 22 नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं। नक्सलियों के मूवमेंट की पुष्टि ड्रोन कैमरे से लिए फोटो में भी हो रही है। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के आखिरी गढ़ करेंगुट्टा की पहाड़ियों पर जमा नक्सलियों को सुरक्षाबलो ने चौतरफा घेरे हुए हैं। इस ऑपरेशन पर दिल्ली से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक (डीजी) ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह भी नजर बनाए हुए हैं।


## देश के 244 जिलों में ब्लैकआउट, मॉक ड्रिल में हमले से बचने के दिए टिप्स

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली/चंडीगढ़।** देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 244 सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट में ब्लैकआउट एक्सरसाइज की गई। गृह मंत्रालय ने इन जगहों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर लिस्ट किया है। ये सामान्य प्रशासनिक जिलों से अलग हैं। इससे पहले, इन 244 डिस्ट्रिक्ट में युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों को लेकर मॉक ड्रिल हुई। इसमें लोगों, कर्मचारियों, स्टूडेंट्स को आपात स्थिति में बचाव और लोगों को निकालने के तरीके समझाए गए।

सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट्स को उनकी संवेदनशीलता के आधार पर 3 कैटेगरी में बांटा गया है। कैटेगरी-1 सबसे संवेदनशील और कैटेगरी-3 कम सेंसेटिव है। गृह मंत्रालय ने 5 मई को सभी राज्यों को मॉक ड्रिल कराने के आदेश जारी किए थे।


फोटो: अजीत कौशल



### सायरन बजा बुझी लाइटें

दिल्ली, चंडीगढ़, हिमाचल के शिमला, हरियाणा, अंबाला छावनी, अजमेर, इंदौर, समेत अन्य राज्ये में साइरन बजते ही लाइट बुझा दी गई। इस दौरान अंधेरा छा गया। दिल्ली में अंधेरे में ही मॉक ड्रिल का गई और हमले के दौरान बचने के टिप्स दिए गए। सायरन बजने के बाद लोगों ने लाइटें बंद कर दी थीं। ये ब्लैकआउट 10 मिनट से आधे घंटे तक रहा। हिसार में दुकानदारों ने लाइटें बंद कर भारत माता की जय के नारे लगाए। हालांकि कई जगह ब्लैकआउट को मिलाजुला असर रहा।

# भारतीय सेना के साथ पंजाब सरकार और तीन करोड़ पंजाबी चट्टान की तरह खड़े हैं: अरोड़ा

कहा-पंजाब पुलिस का 'सेकेंड लाइन ऑफ डिफेंस' भी पूरी तरह तैयार, पुलिस भारतीय सेना के साथ मिलकर पाकिस्तानी हमले का मुंहतोड़ जवाब देगी

बॉर्डर से सटे जिले हाईअलर्ट पर, जनता की सुरक्षा के लिए सभी तरह के सार्वजनिक कार्यक्रम रद्द

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 मई।** पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हुए आतंकी घटना के जवाबी कार्रवाई में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकवादी संगठनों से जुड़े नौ ठिकाने पर मिसाइल हमले की आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब से तारीफ की और कहा कि तीन करोड़ पंजाबी समेत देश के सभी 140 करोड़ लोग भारतीय सेना पर गर्व महसूस कर रहे हैं।

आम आदमी पार्टी पंजाब के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने कहा कि पंजाब सरकार और सभी तीन करोड़ पंजाबी भारतीय सेना के साथ खड़े हैं। जब भी देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा पर कोई आंच आई है, पंजाबियों ने हमेशा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आगे बढ़ कर अपनी जान कुर्बान की है। इस बार भी हम पाकिस्तान को जवाब देने के लिए तैयार हैं।

अरोड़ा ने कहा कि भारतीय सेना के हमले को लेकर पंजाब पुलिस का %सेकेंड लाइन ऑफ डिफेंस% भी पूरी तरह तैयार है। राज्य की पुलिस फोर्स युद्ध में भारतीय सेना के साथ मिलकर हर पाकिस्तानी हमले का मुंहतोड़ जवाब देगी।

अरोड़ा ने कहा कि पंजाब का 532 किलोमीटर का बॉर्डर पाकिस्तान के साथ लगता है। इसलिए किसी भी तरह के सैन्य तनाव के दौरान पंजाब सरकार की भूमिका भी बेहद अहम हो जाती है। इसके लिए बॉर्डर से सटे सभी जिलों को हाईअलर्ट पर रखा गया है और आम जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी तरह के पब्लिक इवेंट सरकार की तरफ से रद्द कर दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान जवाबी हमला करेगा तो हम उसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। हमें पता था कि जब भारतीय सेना हमला करेगी तो पाकिस्तान भी बदला लेने की प्रतिक्रियात्मक कोशिश करेगा। इसलिए हमने पहले से ही सारे इंतजाम कर लिए हैं।

### भारतीय सेना की वीरता पर पूरे देश को गर्व है: मोहिंदर भगत



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए कायराना आतंकी हमले में 26 भारतीय नागरिकों की मृत्यु हुई थी। इस नृशंस घटना का मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारतीय सेना ने 6-7 मई की मध्यरात्रि को पाकिस्तान एवं पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में स्थित आतंकवादियों के नौ ठिकानों को निशाना बनाकर सफल एयर स्ट्राइक की। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कैबिनेट मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने कहा कि भारतीय सेना की इस साहसी कार्रवाई पर पूरे देश को गर्व है। उन्होंने कहा कि सेना ने जिस सूझबूझ, सटीक रणनीति और अदम्य साहस से यह ऑपरेशन को अंजाम दिया है, वह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। पूरा राष्ट्र सेना के साथ एकजुट होकर खड़ा है। मंत्री ने कहा कि पंजाब हमेशा से देश की एकता और अखंडता के लिए अग्रणी भूमिका निभाता आया है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा राज्य पाकिस्तान की सीमा से सटा हुआ है, ऐसे में हमें अधिक सतर्क और जागरूक रहने की आवश्यकता है। श्री भगत ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' से बौखलाया शत्रु देश किसी भी तरह की नापाक साज़िश रच सकता हैं, ऐसे में हमें हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहना होगा। उन्होंने संबंधित सभी अधिकारियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

पंजाब पुलिस भारतीय सेना का हरसंभव सहयोग कर रही है और साथ मिलकर आगे की तैयारियां कर रही है। अरोड़ा ने पंजाब के लोगों से भी सरकार के सभी आदेश और हिदायतें मानने की अपील की ताकि सार्वजनिक सुरक्षा के लिए कोई खतरा उत्पन्न न हो।

# पंजाब के राज्यपाल ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की उपस्थिति में पी.पी.एस.सी. चेयरमैन को शपथ दिलाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 मई।** पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने बुधवार को मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की उपस्थिति में पंजाब लोक सेवा आयोग (पी.पी.एस.सी.) के नव-नियुक्त चेयरमैन मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) विनायक सैनी को पद की शपथ दिलाई। मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा ने यहां पंजाब राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह की कार्यवाही का संचालन किया। नए पी.पी.एस.सी. चेयरमैन को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पारदर्शी तरीके से विभिन्न पदों पर योग्य उम्मीदवारों के चयन के लिए पी.पी.एस.सी. को पूरा समर्थन और सहयोग देने का आश्वासन दिया। दिसंबर 1987 में कोर ऑफ इंजीनियर्स में कमीशन प्राप्त मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) सैनी, होशियारपुर के रहने वाले हैं और वर्तमान में मोहाली के निवासी हैं। वे पिछले साल अक्टूबर में भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए थे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां, राज्यपाल के प्रमुख सचिव वी.पी. सिंह, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव रवि भगत और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## इंदरपाल सिंह धन्ना ने पंजाब सूचना आयोग में नई लाइब्रेरी का किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 मई।** पंजाब के मुख्य सूचना आयुक्त इंदरपाल सिंह धन्ना ने आज पंजाब सूचना आयोग में नई स्थापित की गई लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सूचना आयुक्त श्री संदीप सिंह धालीवाल, वरिंदरजीत सिंह बिलिंग, डॉ. भूपिंदर सिंह बाथ, हरप्रीत संधू और श्रीमती पूजा गुप्ता भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी में विशेष तौर पर पारदर्शिता कानूनों, प्रशासनिक प्रक्रियाओं, शासन सुधारों और विभिन्न सूचना आयोगों एवं अदालतों द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण फैसलों संबंधी लेखन मौजूद होंगे। इनमें पंजाबी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं की किताबें उपलब्ध करवाने की कोशिश है ताकि व्यापक पाठक वर्ग की जरूरतों को पूरा किया जा सके। मुख्य सूचना आयुक्त इंदरपाल सिंह धन्ना ने लाइब्रेरी की स्थापना में सूचना आयुक्त श्री हरप्रीत संधू द्वारा दिए गए योगदान और ईमानदार प्रयासों की सराहना की।

# पंजाब में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33फीसदी आरक्षण, लिंग समानता की दिशा में मान सरकार का ऐतिहासिक फैसला: डॉ. बलजीत कौर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 मई।** पंजाब सरकार द्वारा महिलाओं को सरकारी नौकरियों में और अधिक अवसर देने और लिंग समानता को प्रोत्साहित करने की ओर एक बड़ा कदम उठाते हुए पंजाब सिविल सेवा (महिलाओं के लिए पदों में आरक्षण) नियम तैयार करके लागू कर दिए गए हैं। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि यह नियम लागू होने से राज्य के सरकारी विभागों, बोर्डों और निगमों में ग्रुप-ए, बी, सी और डी की नौकरियों में हर वर्ग की महिलाओं के लिए 33त्न आरक्षण होगा।

सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने इस फैसले पर मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह कदम पंजाब सरकार की लिंग-निरपेक्ष, समान समाज बनाने की ओर वचनबद्धता का प्रमाण है। यह नीति महिलाओं की सरकारी प्रशासन और नीति-निर्धारण में भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई है, जिससे राज्य की प्रशासनिक और सामाजिक संरचना और मजबूत होगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली पंजाब सरकार ने महिलाओं को सरकारी सेवाओं में और अधिक अवसर मुहैया करवाने को अपनी प्राथमिकता बनाया है। यह बड़ा फैसला न सिर्फ महिलाओं के लिए न्याययुक्त नुमाइंदगी को सुनिश्चित करेगा, बल्कि सरकार के प्रगतिशील और रंगला पंजाब के सपने को हकीकत बनाने की ओर भी एक अहम कदम साबित होगा।

डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि सरकारी प्रशासन में महिलाओं को समर्थ बनाना, राज्य के समग्र विकास और चमकते भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण फैसला है। उन्होंने आखिर में कहा कि यह उद्यम लागू करके पंजाब सरकार ने फिर साबित किया है कि वह सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र में महिलाओं को बराबरी के मौके और न्याययुक्त नुमाइंदगी देने के लिए वचनबद्ध है, ताकि राज्य का प्रशासनिक ढांचा और संतुलित और विकसित बन सके।

# फिरोजपुर में सीमा पार से चलाए जा रहे नारको नेटवर्क का पर्दाफाश, 5 किलो हेरोइन, दो पिस्तौलों समेत 3 व्यक्ति काबू

पाकिस्तान आधारित तस्करों द्वारा ड्रोन का उपयोग करके भेजी गई थीं खेपें : डीजीपी गौरव यादव

अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन




**फिरोजपुर, 7 मई।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा निर्देशों के अनुसार पंजाब को सुरक्षित और नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए चल रही मुहिम के दौरान पंजाब पुलिस के काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) फिरोजपुर ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में 5.4 किलो हेरोइन, दो 7.65 एमएम की चीन में बनी पिस्तौलों, चार मैगजीनों और एक पिस्तौल स्लाइड समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार करने के बाद सीमा पार से चलाए जा रहे नारको नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने बुधवार को यहां दी।

गिरफ्तार किए गए मुलजिमों की पहचान संदीप सिंह और जज्ज सिंह, दोनों निवासी गांव कमाल वाला, जिला फिरोजपुर और बब्बू सिंह उर्फ बब्बू निवासी गांव जल्लो के, फिरोजपुर के रूप में हुई है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह खेप पाकिस्तान स्थित तस्करों द्वारा सीमा पार से ड्रोन का उपयोग करके भेजी गई थी। उन्होंने कहा कि पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए आगे और पीछे के संबंधों को स्थापित करने के लिए जांच जारी है। पहले ऑपरेशन संबंधी विवरण साझा करते हुए, एआईजी सी.आई. फिरोजपुर गुरसेवक सिंह ने कहा कि विश्वसनीय सूत्रों की खुफिया जानकारी पर तेजी से कार्रवाई करते हुए, सीआई फिरोजपुर की पुलिस टीमों ने फिरोजपुर के गांव कोतवाल के लिंक रोड पर स्थित सरकारी कॉलेज, मोहकम वाला के पास छापेमारी की और मुलजिम संदीप सिंह और जज्ज सिंह को 465 ग्राम हेरोइन और दो पिस्तौलों समेत मैगजीन और पिस्तौल स्लाइडर के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### मोटरसाइकिल पर खेप पहुंचाने जा रहे थे दोनों आरोपी

उन्होंने कहा कि जांच से पता चला है कि दोनों दोषी अपने हीरो होंडा मोटरसाइकिल (पीबी 05-आर-3298) पर किसी को खेप पहुंचाने जा रहे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने उसका मोटरसाइकिल भी जब्त कर लिया है और इस संबंध में, फिरोजपुर के थाना कुलगढ़ी में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 सी और 29 और शस्त्र अधिनियम की धारा 25 के तहत एफआईआर नंबर 52 दिनांक 06/05/2025 को दर्ज किया गया है। दूसरे ऑपरेशन के बारे में एआईजी गुरसेवक सिंह ने बताया कि प्राप्त खुफिया जानकारी के आधार पर, पुलिस टीमों ने फिरोजपुर के गांव भाखड़ा में स्थित उसके खेत से 5 किलो हेरोइन बरामद करके नशा तस्कर बब्बू सिंह को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में, थाना सदर फिरोजपुर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 सी और 29 के तहत एफआईआर नंबर 86 दिनांक 07/05/2025 को केस दर्ज किया गया है।

# गुरदासपुर में रात डेढ़ बजे धमाका, कांप उठी घर की दीवारें

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**गुरदासपुर, 7 मई।** पहलगाम में आतंकी हमले के जवाब में भारत की ओर से ऑपरेशन सिंदूर के तहत मंगलवार-बुधवार मध्य रात पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला किया गया। इसी दौरान गुरदासपुर में तिब्बड़ी छावनी से करीब एक किलोमीटर दूर स्थित गांव पंधेर के खेतों में रात को जोरदार धमाके की आवाज सुनी गई। घटना की सूचना मिलने पर सुबह सेना के जवानों के अलावा पुलिस बल भी मौके पर पहुंची जहां खेतों में कुछ अवशेषों को एकत्र कर सेना और पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

जिस जगह पर खेतों में धमाका हुआ, उसके पांच 100 फीट के घेरे में ही तीन-चार डेरे बने हुए हैं। इनमें रहने वाले लोगों ने धमाके के बाद खेतों के नाड़ को लगी आग पर काबू पाया। खेतों में गिरे बमनुमा वस्तु के अवशेषों से इसके बम होने की संभावना जताई जा रही है, लेकिन सेना और पुलिस फिलहाल मामले की जांच की बात कर रही है। यह भी कहा जा रहा है कि यह अतिरिक्त फ्यूल टैंक हो।

लोगों का यह भी कहना है कि अचानक इस धमाके के बाद ही गुरदासपुर-मुकेरियां रोड पर ट्रक का टायर फट गया था जिससे जाम लग गया। इसके चलते इस घटना को नजरंदाज कर दिया गया, लेकिन बुधवार की सुबह घटनास्थल के पास स्थित डेरों के लोगों ने खेतों में जाकर देखा, तो उन्हें बमनुमा वस्तु के अवशेष मिले। लोगों ने जब छानबीन शुरू की तो अवशेषों की संख्या 50 के करीब पहुंच गई फिर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सेना को इसकी जानकारी दी। पुलिस व सेना की टीमों ने करीब 4 घंटे तक घटनास्थल व आसपास के इलाके की गहनता से जांच की। मौके पर खोजी कुत्तों का भी सहारा लिया गया। खेतों में गिरे अवशेषों के साथ ही अवशेषों में तारें व विभिन्न तरह के छोटे उपकरण भी लगे हैं, जिसे देखकर साफ होता है कि यह कोई धमाके वाली वस्तु ही थी। हालांकि, पुलिस व सेना के अधिकारी सुरक्षा के मद्देनजर कुछ भी साफ नहीं कर रही। लोगों को अपील की गई है कि घबराने की कोई बात नहीं है।

गांव पंधेर निवासी जसमीत सिंह ने बताया कि रात करीब 1.20 पर धमाका हुआ। उनका घर घटनास्थल से करीब आधा किलोमीटर दूर है, लेकिन उनके घर की दीवारों के कांपने से उन्हें धमाका का पूरा अहसास हुआ। अगली सुबह उन्हें पता चला कि गांव के खेतों में धमाका हुआ है। उन्होंने बताया कि उन्होंने धमाके से पहले जहाज चलने जैसी आवाज भी सुनी थी। गांव के ही सरपंच दिलबाग सिंह ने बताया कि रात करीब 1.18 मिनट पर उक्त जगह पर काफी बड़ा धमाका हुआ और लाइट भी निकली। धमाके के बाद गांव के लोगों ने एक दूसरे के साथ फोन पर संपर्क किया था। लोगों ने पहले मिसाइल चलने जैसे गूंज सुनी, जिसके तुरंत बाद यह धमाका हो गया। उन्होंने बताया कि पुलिस के कुछ अधिकारियों ने उन्हें बताया कि अवशेष बम के ही है, लेकिन पक्के तौर पर आर्मी ही बता पाएगी।

एसएसपी गुरदासपुर आदित्य ने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने बताया कि मंगलवार रात को जहां से धमाके की आवाज सुनाई दी है, पुलिस व आर्मी जांच के लिए वहां पहुंची है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की गंभीरता से सर्च की जा रही है। गांव पंधेर के खेतों से बमनुमा मिले वस्तु के अवशेषों संबंधी एसएसपी ने कहा कि अभी इसकी जांच की जा रही है।

# पटियाला में ट्रक और इनोवा में टक्कर, कार के उड़े परखच्चे, छह स्कूली बच्चों की मौत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पटियाला, 7 मई।** पंजाब के पटियाला में बुधवार को बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में छह स्कूली बच्चों समेत सात की मौत हो गई। पटियाला-समाना रोड पर गांव नस्सूपुर के बस अड्डे के नजदीक एक प्राइवेट स्कूल की इनोवा गाड़ी की रेत से लदे टिप्पर ट्रक के साथ भीषण टक्कर के बाद कार पेड़ से जा टकराई। हादसे में इनोवा में सवार छह स्कूली बच्चों और चालक की मौत हो गई है, जबकि आठ अन्य घायल हुए हैं। घायलों में से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद आरोपी टिप्पर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

बच्चे पटियाला के भूपिंदरा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में पढ़ते थे। बुधवार दोपहर को स्कूल की छुट्टी के बाद इनोवा में सवार होकर घरों को लौट रहे थे। रास्ते में पटियाला-समाना रोड पर गांव नस्सूपुर के बस अड्डे के पास इनोवा को तेज रफ्तार टिप्पर ने टक्कर मार दी। यह टक्कर इतनी भयानक थी कि स्कूल की गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त इनोवा से मशक्कत के बाद खून से लथपथ लाशों को बाहर निकाला गया। हादसे में चार स्कूली विद्यार्थियों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक की राजिंदरा अस्पताल और एक अन्य की पटियाला के प्राइवेट अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई। घायल बच्चों का राजिंदरा के अलावा प्राइवेट अस्पतालों में इलाज जारी है। घायल बच्चों में से तीन की हालत काफी नाजुक बनी हुई है।

हादसे में मरने वाले स्कूली बच्चों में प्रभ सचदेवा (12 साल) निवासी समाना, भिवांशी (11 साल) निवासी समाना, अराध्या (10) निवासी समाना, भव्यन (8), इनोवा चालक बलविंदर सिंह (45) निवासी फतेहपुर शामिल हैं।

### अस्पताल पहुंचे सेहत मंत्री

राजिंदरा अस्पताल में उपचाराधीन स्कूली बच्चों का हालचाल जानने सेहत मंत्री डा. बलबीर सिंह भी पहुंचे। सेहत मंत्री ने कहा कि जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हादसे के वक्त इनोवा में 14 स्कूली बच्चे सवार थे। साथ ही कहा कि सरकार इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। साथ ही कहा कि जल्द ही वह प्रशासन के साथ मिलकर ठोस कदम उठाएंगे, जिससे आगे भविष्य में इस तरह के सड़क हादसे न हो पाएं।

### सीएम भगवंत मान व सुखबीर बादल ने जताया शोक

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और अकाली दल के वरिष्ठ नेता सुखबीर सिंह बादल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर पटियाला में हुए सड़क हादसे में स्कूली बच्चों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। इनका कहना है कि दुख की इस घड़ी में वह पीड़ित परिवारों के साथ हैं। साथ ही घायल स्कूली बच्चों के जल्द ठीक होने की कामना की है।

# पंजाब मुख्यमंत्री के फील्ड अफसरों के हुए तबादले, आरटीओ भी बदले गए

पंजाब सरकार ने किए 55 पीसीएस अधिकारियों के तबादले

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 7 मई।** पंजाब सरकार द्वारा लगातार तबादले किए जा रहे हैं। इसके तहत बुधवार को पंजाब मुख्यमंत्री के फील्ड अफसर, आरटीओ भी बदले गए । एक आईएएस और 55 पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। पीसीएस हरप्रीत सिंह को आरटीओ बरनाला और इसके अतिरिक्त एसडीएम बरनाला का भी चार्ज सौंपा गया है। पीसीएस राजेश कुमार शर्मा को आरटीओ, संगरूर, पीसीएस मंजीत कौर को एसडीएम, भवानीगढ़ और एसडीएम ढिबरा का कार्यभार दिया गया है। पीसीएस नमन मार्केन को रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी पटियाला का सचिव नियुक्त किया है। पीसीएस अर्षदीप सिंह लोबाना को आरटीओ, पठानकोट और एसडीएम का अतिरिक्त तौर पर चार्ज दिया गया है। इसी प्रकार पीसीएस शायरी मल्होत्रा को एसडीएम जालंधर-11, पीसीएस विक्रम सिंह पांथे सहायक आयुक्त (जनरल) फाजिल्का, पीसीएस संजीव कुमार को आरटीओ, पटियाला, पीसीएस इंदल पाल को आरटीओ एसबीएस नगर, पीसीएस हरनूर कौर ढिल्लों को एसडीएम बटाला नगर निगम की आयुक्त तैनात किया गया है। पीसीएस गगनदीप सिंह को रिजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी बठिंडा का सचिव, पीसीएस बलजीत कौर को आरटीओ और एसडीएम श्री मुक्तसर साहब, पीसीएस अनिल गुप्ता को एसडीएम फिरोजपुर, पीसीएस पुनीत शर्मा को आरटीओ बठिंडा, हरजोत कौर को सहायक आयुक्त फिरोजपुर और मुख्यमंत्री का फील्ड अफसर फिरोजपुर, पीसीएस इरवान कौर को एसडीएम कपूरथला और आरटीओ कपूरथला का अतिरिक्त कार्यभार भी दिया गया है। पीसीएस तुष्टि गुलाटी को आरटीओ मोगा, पीसीएस




गुरसिमरनजीत कौर को एसडीएम,होशियरपुर, पीसीएस गगनदीप सिंह को आरटीओ मानसा और बुढलाडा के एसडीएम का अतिरिक्त चार्ज सौंपा गया है। पीसीएस अमनपाल सिंह को आरटीओ जालंधर, पीसीएस संजीव कुमार को आरटीओ होशियारपुर, पीसीएस गुरमंदर सिंह को मुख्यमंत्री का फील्ड अफसर, गुरदासपुर, पीसीएस गुरमीत सिंह को रिजनल ट्रांसपोस अथॉरिटी, फिरोजपुर का सचिव नियुक्त किया है। पीसीएस सुखराज सिंह ढिल्लों को एसडीएम मोड़ मंडी और एसडीएम रामपुरा फूल का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। पीसीएस राजपाल सिंह सेखों को आरटीओ एसएएस नगर, पीसीएस चेतना बांगड़ को एसडीएम अमलोह और आरटीओ फतेहगढ़ का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। पीसीएस हितेशवीर गुप्ता को एसडीएम जीरा, पीसीएस कपिल जिंदल को आरटीओ तरनतारन, पीसीएस नवजोत शर्मा को आरटीओ गुरदासपुर, पीसीएस अमनदीप सिंह को मुख्यमंत्री का फील्ड अफसर, फाजिल्का, पीसीएस गुरकिरण दीप सिंह को मुख्यमंत्री का फील्ड अफसर फरीदकोट, पीसीएस जसजीत सिंह को मुख्यमंत्री का फील्ड अफसर रूपनगर, पीसीएस जुगराज सिंह काल्हो को मुख्यमंत्री का फील्ड अफसर बरनाला, पीसीएस परमप्रीत सिंह को होशियारपुर में मुख्यमंत्री का फील्ड अफसर, पीसीएस खुशप्रीत सिंह को अमृतसर में मुख्यमंत्री का फील्ड अफसर, पीसीएस को बठिंडा में मुख्यमंत्री का फील्ड अफसर, पीसीएस अमनदीप को अमृतसर में सहायक आयुक्त, विशाल वाट्स को कपूरथला में मुख्यमंत्री का फील्ड अफसर, पीसीएस राकेश प्रकाश को मलेरकोटला में मुख्यमंत्री का फील्ड अफसर, पीसीएस जगदीप सिंह को मुख्यमंत्री का एसबीएस नगर में फील्ड अफसर लगाया है। इसी तरह पीसीएस शंकर शर्मा को फतेहगढ़ में मुख्यमंत्री का फील्ड अफसर, पीसीएस गगनदीप को मोगा में मुख्यमंत्री का फील्ड अफसर का अतिरिक्त कार्यभार, पीसीएस गुरमीत सिंह को एसएएस नगर में मुख्यमंत्री का फील्ड अफसर, पीसीएस लवप्रीत सिंह को सहायक आयुक्त संगरूर, सतीश चंदर को पटियाला में मुख्यमंत्री का फील्ड अफसर, पीसीएस नवदीप सिंह को जालंधर में मुख्यमंत्री का फील्ड अफसर, पीसीएस हरप्रीत सिंह को मानसा में मुख्यमंत्री का फील्ड अफसर, पीसीएस विक्रमजीत को पठानकोट में मुख्यमंत्री का फील्ड अफसर,पीसीएस रोहित जिंदल को जालंधर में सहायक आयुक्त, करणवीर सिंह को मुख्यमंत्री का तरनतारन में फील्ड अफसर और रूपाली टंडन को श्री मुक्तसर साहिब में मुख्यमंत्री के फील्ड अफसर का चार्ज सौंपा गया है।

# जम्मू-कश्मीर में गुरुद्वारा साहिब पर हमला बेहद निंदनीय और मानवता को शर्मसार करने वाला: अरविंद केजरीवाल

### केजरीवाल ने हमले में मारे गए लोगों व पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना की व्यक्त

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 मई।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में एलओसी के पास स्थित एक गुरुद्वारा साहिब पर पाकिस्तान की ओर से किए गए हमले पर गहरा दुख प्रकट किया है।

केजरीवाल ने पाकिस्तान द्वारा किए गए इस हमले को बेहद निंदनीय और मानवता को शर्मसार करने वाला बताया। उन्होंने हमले में मारे गए रागी सिंह भाई अमरीक सिंह, अमरजीत सिंह, रंजीत सिंह एवं रूबी कौर को नमन किया एवं उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मंगलवार रात पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तान की ओर से की गई भारी गोलीबारी और बमबारी में एक महिला और दो बच्चों समेत करीब 10 लोगों की मौत हो गई एवं 45 के करीब लोग घायल हो गए। अरविंद केजरीवाल ने सभी दिवंगत आत्माओं की शांति और उनके परिजनों को यह असहनीय पीड़ा सहने की शक्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की।

## हाईकोर्ट ने पंजाब पुलिस को लगाई फटकार-कहा- बाजवा को बेवजह तंग न करें

जांच जारी रखे, 22 मई को होगी सुनवाई

**चंडीगढ़, 7 मई (अप्रस)।** पंजाब में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रताप सिंह बाजवा द्वारा 50 बमों को लेकर दायर मामले की आज (7 मई) पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने आज पंजाब पुलिस को फटकार लगाई। बाजवा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आरएस चीमा ने हाईकोर्ट को बताया कि बाजवा इस मामले की जांच में सहयोग कर रहे हैं, लेकिन पुलिस उन्हें बार-बार नोटिस भेजकर परेशान कर रही है। उनके घर के बाहर 30 पुलिसकर्मी भेजे गए हैं और उन्हें जांच में शामिल होने के लिए कहा गया है। यह सब पूरी तरह गलत है। कोर्ट ने आज पंजाब सरकार से कहा कि इस मामले में बाजवा को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। अदालत ने अंतरिम आदेश जारी करते हुए कहा कि पुलिस जांच जारी रख सकती है।

# पानी को तरस रहे लोग, बिजली विभाग ने काटा ट्यूबवेल का कनेक्शन

बिल्डर की गलतियों का खामियाजा भुगत रही है आम जनता

सोसाइटी निवासियों ने सोसाइटी के में गेट पर किया रोष प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा








**जीरकपुर, 7 मई।** ढकोली क्षेत्र में पड़ती ड्रीम होम सोसायटी के लोग पिछले तीन दिन से पानी के लिए तरस रहे हैं। क्योंकि सोसायटी में लगे ट्यूबवेल का बिजली का बिल ना भरे जाने के बाद बिजली कनेक्शन विभाग द्वारा काट दिया गया है। जबकि लोगों का कहना है के मोटर का कनेक्शन बिल्डर के नाम है और उसी ने बिल भरना था। क्योंकि बिल्डर ने अभी तक सोसायटी नगर परिषद के हैंड ओवर नही की है। जबकि 2017 में सोसायटी हैंड ओवर करने के समय है और करीब चार करोड़ रूपये भी बिल्डर द्वारा नगर परिषद का देना बाकी है। सोसायटी निवासियों ने पानी ना मिलने के कारण बुधवार को बिल्डर के खिलाफ सोसायटी के गेट पर रोष प्रदर्शन किया। बिल्डर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पानी का कनेक्शन बहाल करने की मांग की। रोष प्रदर्शन कर रहे राजेश महिंदरु, राजन अरोरा, चंचल अगरवाल, स्वपन दत्त, स्वर्ण कुमारी, रजनी शर्मा, उषा रानी, प्रीति वर्मा, मोनिका, सपना, रमेश कुमार, आनंदवीर, जय देव , प्रभु राम डाबला व अन्य ने बताया कि वैसे तो बिल्डर द्वारा उनकी सोसायटी में बहुत सारी समस्याएं पैदा की हुई है लेकिन इस समय पानी का मुद्दा सबसे अहम है। रोष प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि उनकी सोसायटी में लगे ट्यूबवेल पर एसपी केटागिरी का कनेक्शन लगा हुआ है जबकि नियमों के अनुसार यहां एनआरएस केटागिरी का कनेक्शन लगा होना चाहिए था। यह कनेक्शन बिल्डर द्वारा लगाया गया था और उन्ही के किसी जानकर के नाम पर है। बिजली विभाग ने कुछ दिन पहले कनेक्शन गलत लगा होने के कारण 5 लाख 41 हजार रूपये का बिल उनकी सोसायटी को भेज दिया है। जिसे भरने की जिम्मेवारी बिल्डर की है क्योंकि कनेक्शन उन्ही की कंपनी के नाम पर है और बिल्डर ने अभी तक सोसायटी भी नगर परिषद को हैंडओवर नही की है। जब हमने इस सबंध में पॉवरकम के एसडीओ से बात की तो उन्होंने कहा की कनेक्शन आप लोगों के नाम नही बल्कि ड्रीम होम सोसायटी के नाम है, इस लिए आपसे बात करने का कोई फायदा नही। जिसकी शिकायत उन्होंने मुख्यमंत्री पंजाब व डीसी मोहाली को भी है के उनकी समस्या का हल किया जाए, क्योंकि गर्मी का समय शुरू हो चूका है तो पानी के बिना बहुत ज्यादा मुश्किल आ रही है। उन्होंने बताया की सोसायटी में 2 हजार के करीब लोग रह रहे हैं जो इस समस्या से परेशान है।

लोगों ने बताया कि डीसी मोहाली को दी गई शिकायत पर एसडीएम डेरा बस्सी ने उन्हें बुलाया था और बिल्डर भी वहां पहुंचा था। उस समय बिल्डर ने बिल भरने की हामी भर दी थी लेकिन यहां आकर वह फिर से मुकर गए। हमने बिल्डर को यह भी बोला कुछ बिल वह भर दे और कुछ सोसायटी के लोग पैसे इकठा करके भर देंगे। लेकिन बिल्डर जगतार सिंह उनको लारे लगा रहा है और बैठकर बात करने को राजी ही नही है। बिजली कनेक्शन कटने के कारण ना तो पीने के लिए पानी मिल रहा है औरउनकी समस्या का कोई हल कर रहा है। लोगों ने बताया की यहां 174 फ्लैट पास थे जिसमें बिल्डर ने 422 फ्लैट बनाकर बेच दिए, सोसायटी के बाकी हिस्से जहां कोठीयां बनी है कई कोठीयों के नक्शे तक पास नही है। जब हम पानी की शिकायत लेकर नगर परिषद गए तो पता चला के बिल्डर के खिलाफ तो चार करोड़ की पनेल्टी नगर परिषद ने लगा रखी है जो उसने अभी तक नही भरी है। इसके इलावा बिल्डर ने दुकानों की जगह पर होटल बना लिया है। यहीं कारण है के वह सोसायटी को नगर परिषद के हैंड ओवर नही कर रहा है। हम नगर परिषद, एसडीएम डेरा बस्सी, डीसी मोहाली व मुख्यमंत्री तक शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई हल नही किया जा रहा है। लोगों ने कहा की हम पॉवरकाम को दूसरा कनेक्शन लगा दे, लेकिन वह कहते हैं पहले पुराना बिल भरो तभी नया कनेक्शन मिल पाएगा। हमारे पास अब कोई रास्ता नही बचा है।

रोष प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने बताया कि पानी हमारा मौलिक अधिकारी है पानी ना देना क्राइम कि श्रेणी में आता है। पिछले तीन दिन से हमें पानी नही मिला है। पीने के लिए पानी नही, खाने के लिए कपड़े धोने के लिए यहां तक कि नहाने व टॉयलेट जाने के लिए भी पानी नही है तो हम पिछले तीन दिनों से खुद के खर्चे पर पानी के टैंकर मंगवा कर काम चला रहे हैं। दूसरी तीसरी व चौथी मंजिल पर पानी चढ़ाना बेहद मुश्किल हो रहा है। महिलाओं ने बताया कि 400 के करीब परिवार पानी के लिए तरस रहे हैं। हम सब मिडल क्लास लोग हैं और पानी का टैंकर 500 से 600 तक चार्ज किया जा रहा है। रोजाना इतना खर्च करना हम सब के लिए बेहद मुश्किल है। रोष प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मांग की यह शुरू से बिल्डर की गलती है और उसका बिल भरने की जिम्मेवारी भी बिल्डर की ही बनती है। लोगों ने यह भी कहा की वह भी योगदान करने के लिए तैयार है लेकिन बिल्डर साथ तो दे। इस सबंध में जब बिल्डर से बात करने की कोशिश की तो उन्होंने फोन नही उठाया।

हमने बिल ज्यादा होने की बजह से कनेक्शन काटा है। भले कनकेशन बिल्डर के नाम है हमारे लिए तो कंजुयमर कोई भी हो हमारा बिल भर दें हम कनेक्शन चालू कर देंगे। कब तक यह बिल नही भरा जाता तब तक नया कनेक्शन भी नही दिया जा सकता।

**सुरिंदर सिंह बैंस, एक्सीयन पावरकॉम।**

## मुख्यमंत्री ने पुंछ सेक्टर के गुरुद्वारा साहिब पर हुए हमले में चार लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 मई।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास एक गुरुद्वारा साहिब पर पाकिस्तान द्वारा की गई बमबारी के दौरान एक रागी सिंह समेत चार व्यक्तियों की मौत पर दुख व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां सभी की भलाई के लिए प्रार्थना की जाती है, उस पवित्र स्थान पर पाकिस्तान द्वारा की गई भयानक बमबारी के दौरान रागी सिंह भाई अमरीक सिंह, अमरजीत सिंह, रंजीत सिंह और रूबी कौर ने अपनी कीमती जान गंवा दी। हमले की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि वहशी कार्रवाइयों के दौरान पाकिस्तान द्वारा निर्दोष लोगों को निशाना बनाना दुर्भाग्यपूर्ण बात है। संकट की इस घड़ी में पीड़ितों के परिवारों के साथ सहानुभूति व्यक्त करते हुए भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह उन सभी के लिए दर्दनाक पल है, जिन्होंने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में अपने प्रियजनों को खो दिया है। पीड़ितों के परिवार के सदस्यों के साथ सहानुभूति व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने परमात्मा से प्रार्थना की कि वह इस दुख की घड़ी में इस बड़े और अपूरणीय नुकसान को सहने के लिए उन्हें शक्ति प्रदान करें और दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में निवास दें।

### फसली विविधता की ओर कदमः खरीफ-मक्का की खेती को बढ़ावा देने के लिए 200 किसान मित्र नियुक्त किए जाएंगे

## इस वर्ष 3 लाख एकड़ रकबे को मक्का की खेती के तहत लाने का लक्ष्य: खुड्डियां

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 मई।** राज्य में फसली विविधता को और बढ़ावा देने के लिए पंजाब सरकार द्वारा किसानों को धान की जगह खरीफ की मक्का की खेती करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु 200 किसान मित्र नियुक्त किए जाएंगे। यह घोषणा करते हुए पंजाब के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि इस सीजन में तीन लाख एकड़ रकबे को मक्का की खेती के तहत लाने का लक्ष्य है।

स. खुड्डियां ने विभाग के प्रबंधकीय सचिव डॉ. बसंत गर्ग के साथ यहां किसान भवन में बुलाई बैठक के दौरान खरीफ की फसलों की बुआई संबंधी तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने मुख्य कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे राज्य में एक विशाल जागरूकता अभियान शुरू करें ताकि किसानों को खरीफ की मक्का के तहत अधिक से अधिक रकबा लाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। इसके लिए गुरदासपुर, पठानकोट, संगरूर, कपूरथला, पटियाला, जालंधर और बठिंडा जिलों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

टिकाऊ कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने मुख्य कृषि अधिकारियों को किसानों के बीच धान की सीधी बुआई (डी.एस.आर.) तकनीक को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए ताकि भूजल को बचाया जा सके। उन्होंने उच्च गुणवत्ता वाले कृषि संबंधी उत्पादों तक किसानों की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्ता-नियंत्रण उपायों को तेज करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया ताकि फसल की पैदावार बढ़ सके।

प्रबंधकीय सचिव डॉ. बसंत गर्ग ने कृषि मंत्री को बताया कि विभाग ने गुणवत्ता नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण लक्ष्य निर्धारित किए हैं, जिसका उद्देश्य चालू वित्तीय वर्ष के दौरान कीटनाशक के 4,550 नमूने, बीज के 6,100 नमूने और खाद के 5,200 नमूने एकत्र करना है। यह सक्रिय दृष्टिकोण मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार की किसानों के लिए प्रामाणिक और मानक कृषि उत्पाद सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। बैठक में कृषि विभाग के निदेशक जसवंत सिंह और विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

## नशीले पाउडर के साथ युवक गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 7 मई।** बनूड़ थाने की पुलिस ने एक युवक को 35 ग्राम नशीले पाउडर के साथ गिरफ्तार किया है। इस मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रमुख इंस्पेक्टर गुरसेवक सिंह ने बताया कि जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर बहादुर राम पुलिस पार्टी सहित शरारती तत्वों और नशा तस्करों की तलाश में बनूड़-राजपुरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान जब वे राष्ट्रीय राजमार्ग पर फतेहपुर गढ़ी टी-प्वाइंट चेकप्वाइंट पर खड़े थे, तो उन्होंने एक संदिग्ध युवक को रोककर उसकी तलाशी ली गई। इस दौरान उसकी जेब से 35 ग्राम नसीला पाउडर बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि युवक को मौके पर ही गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। थाना प्रमुख ने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान गौरव शर्मा पुत्र दविंदर कुमार शर्मा निवासी वार्ड नंबर 6 मोहल्ला इमली वाला बनूड़ के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में नशा तस्करी व शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है तथा इस मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

## मोगा में हेरोइन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

### सूचना पर पुलिस की रेड, पूछताछ में बोले-फरीदकोट के युवक से खरीदी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**मोगा, 7 मई।** पंजाब के मोगा जिला पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मुखबिर की सूचना पर सीआईए स्टाफ ने रोडे गांव के पास से दो आरोपियों को मोटरसाइकिल समेत पकड़ा। उनके पास से 255 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों से पुलिस की टीम द्वारा पूछताछ की जा रही है। उसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

डीएसपी डी. सुख अमृत सिंह के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुरतेज सिंह और विक्रमजीत सिंह के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि हेरोइन फरीदकोट के रहने वाले हरप्रीत सिंह से ली थी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए हरप्रीत सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया। थाना समालसर में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आगे की जांच में जुट गई है। नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

## भारत-पाक युद्ध की आशंका: डेराबस्सी मेडिकल एसोसिएशन ने आपातकालीन चिकित्सा सहायता के लिए कमर कसी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**डेराबस्सी, 7 मई।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर डेराबस्सी मेडिकल एसोसिएशन ने सिविल अस्पताल के साथ मिलकर आपातकालीन चिकित्सा तैयारियों को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की। इस बैठक में सिविल अस्पताल के एसएमओ डॉ. धर्मेंद्र सिंह के साथ चिकित्सा सहायता और संसाधनों की व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राजीव गुप्ता ने आश्वस्त किया कि किसी भी आपदा या युद्ध की स्थिति में एसोसिएशन पूरी तरह से सिविल अस्पताल के साथ खड़ी है और हर संभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा, 'हमारा कर्तव्य है कि देश की इस चुनौतीपूर्ण घड़ी में चिकित्सा क्षेत्र की ओर से कोई कमी न रहे।' महासचिव डॉ. आकाश गोस्वामी ने कहा, 'देश पर आई इस आपातकालीन परिस्थिति में हम सरकार और हर नागरिक के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। हमारी टीम प्रशिक्षित है और किसी भी आपदा से निपटने के लिए पूर्णतः तैयार है।'

इस बैठक में एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डॉ. वरुण अत्री, संपादक डॉ. पारस सूरी, सलाहकार डॉ. अफसर अली, डॉ. नवसाद अंसारी, श्री परमदीप सिंह महना और मोहित रैना विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी ने चिकित्सा आपातकालीन योजनाओं की समीक्षा करते हुए त्वरित सहायता टीमों के गठन और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता पर भी चर्चा की। डेराबस्सी मेडिकल एसोसिएशन की यह पहल स्थानीय नागरिकों में विश्वास और सुरक्षा की भावना को और मजबूत करती है।

## राष्ट्रीय मिशन पंजाब के निदेशक ने किया बनूड़ अस्पताल का दौरा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 7 मई।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पंजाब के निदेशक घनश्याम थोरी आईएएस ने आज सीएचसी बनूड़ का अचानक दौरा किया। वह करीब साढ़े बारह बजे अस्पताल पहुंचे और करीब एक घंटे तक वहां रहे। एनएचएम मिशन निदेशक श्री थोरी ने बनूड़ सीएचसी की एसएमओ डॉ. रजनीत कौर रंधावा से अस्पताल में चल रही समस्त सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा स्वयं भी सभी ओपीडी, वार्ड, लैब, फार्मेसी तथा ऑपरेशन थियेटर का दौरा किया। उन्होंने अस्पताल में इलाज के लिए आए मरीजों से बातचीत की तथा उनसे वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल के चिकित्सा एवं गैर-चिकित्सा कर्मचारियों की उपस्थिति की भी जांच की। अस्पताल में सब कुछ ठीक पाया गया तथा उन्होंने सभी सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया तथा एसएमओ व सीएचसी के समस्त स्टाफ की प्रशंसा की। सीएचसी बनूड़ की एसएमओ डॉ. रजनीत कौर रंधावा ने पुष्टि करते हुए बताया कि एनएचएम निदेशक श्री थोरी ने बनूड़ अस्पताल का दौरा किया है। उन्होंने अस्पताल की सभी सेवाओं का निरीक्षण किया, जो संतोषजनक पाई गई। एसएमओ ने बताया कि पूरा स्टाफ मौजूद था। एसएमओ ने बनूड़ अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर व लैबोरेटरी के नवीनीकरण का मामला निदेशक के ध्यान में लाया, जिस पर उन्होंने जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एसएमओ डॉ. रजनीत कौर व स्टाफ ने निदेशक को पौधा भेंट कर सम्मानित किया।

## 'चंडीगढ़ आगे बढ़कर नेतृत्व करे': काउंसलर सौरभ जोशी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद आपातकालीन बैठक बुलाने की मांग की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 मई।** एक मजबूत और निर्णायक अपील में काउंसलर एडवोकेट सौरभ जोशी ने माननीय मेयर से आग्रह किया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा की गंभीर स्थिति और शहरभर में चल रहे मॉक ड्रिल को देखते हुए नगर निगम की आपातकालीन बैठक तुरंत बुलाई जाए।

यह अपील 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सामने आई है–एक सटीक सैन्य कार्रवाई, जिसे भारत सरकार के नेतृत्व में अंजाम दिया गया और जिसमें पाकिस्तान में मौजूद प्रमुख आतंकी ठिकानों को सफलतापूर्वक ध्वस्त किया गया।

जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा भारतीय सशस्त्र बलों की दृढ़ और निर्णायक नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम भारत की संप्रभुता और सुरक्षा के प्रति हमारी अटल प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

'यह भारत के लिए निर्णायक क्षण है – और चंडीगढ़ को एक मूक दर्शक नहीं, बल्कि एक आदर्श बनना चाहिए,' जोशी ने कहा। 'प्रशासन जहां तैयारियों की कमान संभाल रहा है, वहीं जन प्रतिनिधियों को एकजुट होकर कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलना चाहिए।'

जोशी ने चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा केंद्र सरकार के समन्वय से चलाए जा रहे मॉक ड्रिल की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह समय है जब स्थानीय निकायों को समन्वित कार्रवाई कर नागरिक सुरक्षा, जागरूकता और प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत करना चाहिए।

'यह समय राष्ट्र के साथ खड़े होने का है, राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में योगदान देने का है,' जोशी ने अपने पत्र में लिखा।

उन्होंने सभी काउंसलरों और निगम अधिकारियों से पार्टी लाइन से ऊपर उठकर एकजुट होने, नागरिकों की सुरक्षा हेतु संकल्पबद्ध सहयोग देने, और चंडीगढ़ को एकजुट नागरिक शक्ति का प्रतीक बनाने का आह्वान किया।

## डेराबस्सी में ब्लैकआउट के आदेश की उड़ाई गई धज्जियां, दुकानों से लेकर शराब ठेके और एटीएम तक में जलती रही लाइटें

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 7 मई।** भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात को देखते हुए देशभर में सुरक्षा की दृष्टि से 10 मिनट का ब्लैकआउट घोषित किया गया था। इसी क्रम में डेराबस्सी शहर में भी प्रशासन की ओर से रात 7.30 से 7.40 तक 10 मिनट तक बिजली बंद रखने के निर्देश दिए गए थे। मकसद था कि इस अभ्यास से नागरिकों को आपातकालीन स्थिति के लिए मानसिक और व्यावहारिक रूप से तैयार किया जा सके।

लेकिन डेराबस्सी के बाजारों और प्रमुख स्थानों पर इस आदेश का पालन बहुत ही निराशाजनक रहा। कई दुकानदारों ने केवल औपचारिकता निभाई–बाहर से शटर तो गिरा दिए, लेकिन अंदर शोरूम में लाइटें पूरी तरह जल रही थीं और व्यापार चलता रहा। कुछ प्रतिष्ठानों के बाहर लगे चमचमाते लाइट बोर्ड भी लगातार जलते रहे, मानो आदेशों का कोई डर ही न हो। इतना ही नहीं, शहर के शराब के ठेकों में भी अंदर और बाहर दोनों ओर लाइटें पूरी तरह से जल रही थीं, जो सुरक्षा व्यवस्था का खुलेआम मज़ाक उड़ाने जैसा है। ऐसे समय में जब पूरे देश में सतर्कता बरती जा रही है, कुछ लोगों का यह गैर-जिम्मेदार रवैया समाज के लिए चिंता का विषय है।

बैंकों के एटीएम भी इस लापरवाही से अछूते नहीं रहे। शहर के कई प्रमुख बैंकों के एटीएम कक्षों में न केवल लाइटें जल रही थीं, बल्कि बाहरी डिजिटल डिस्प्ले भी चालू थे। इससे साफ जाहिर होता है कि या तो आदेशों को ठीक से समझा नहीं गया या उन्हें जानबूझकर नजरअंदाज किया गया।

इस बीच डेराबस्सी पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आई। पुलिस बल बस स्टैंड क्षेत्र में तैनात था और दिल्ली साइड से आ रही हरियाणा रोडवेज की बसों को रुकवाकर उनकी हेडलाइट्स बंद करवा रहा था। पुलिस का यह प्रयास काबिल-ए-तारीफ रहा, लेकिन जनता से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल सका।

प्रशासन अब उन संस्थानों और दुकानदारों की पहचान कर रहा है जिन्होंने आदेश का उल्लंघन किया। उम्मीद की जाती है कि आगे से लोग गंभीरता दिखाएंगे और ऐसे राष्ट्रीय स्तर के निर्णयों में सरकार और सेना का साथ देंगे।

### एम्युनिशन डिपो दपर की सुरक्षा के एक किलोमीटर क्षेत्र 'नो फ्लाइंग ज़ोन' घोषित

**डेराबस्सी, 7 मई (अप्रस/चौहान)।** देश में युद्ध जैसे हालात और आपातकालीन स्थिति को देखते हुए एस.ए.एस. नगर के डेराबस्सी स्थित एम्युनिशन डिपो दपर की सुरक्षा के मद्देनज़र जिला प्रशासन ने एहतियातन एक बड़ा निर्णय लिया है।

ज़िला मजिस्ट्रेट-कम-उपायुक्त श्रीमती कोमल मित्तल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एम्युनिशन डिपो दपर, तहसील और सब-डिवीजन डेराबस्सी, एस.ए.एस. नगर के तहत स्थित एक किलोमीटर अर्धव्यास वाले क्षेत्र को 'नो फ्लाइंग और नो ड्रोन ज़ोन' घोषित कर दिया है।

इस आदेश के अनुसार उक्त क्षेत्र में किसी भी प्रकार के ड्रोन, पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून या अन्य उड़ने वाले उपकरणों को उड़ाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध 7 मई 2025 से लागू होकर अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा।

प्रशासन ने आम जनता से सहयोग की अपील की है ताकि देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखा जा सके। आदेश के उल्लंघन की स्थिति में कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

# ग्रुप डी में होगी 4246 पदों पर भर्तियां, ग्रुप सी में ज्वाइन करने से हुए कई पद रिक्त

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 7 मई।** हरियाणा सरकार ने ग्रुप डी के तहत 4246 पदों को भरने का फैसला किया है। इस संबंध में जल्द ही अधिसूचना जारी की जाएगी। इन भर्तियों में उन युवाओं को मौका दिया जाएगा जो सीईटी पास कर चुके हैं और ग्रुप डी की वेटिंग लिस्ट में हैं।

पिछले साल मार्च माह के दौरान लोकसभा चुनाव से पहले हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने ग्रुप सी और ग्रुप डी के लिए चयन सूची जारी की थी। मार्च 2024 में ग्रुप डी के लिए चयनित उम्मीदवारों में से कईयों की नौकरी ग्रुप सी में लग गई। जिसके चलते उन्होंने नई नौकरी को ज्वाइन करते हुए ग्रुप डी की नौकरी छोड़ दी।

सीईटी पास उम्मीदवार लगातार यह मांग कर रहे थे कि वेटिंग सूची वालों को नियुक्ति के लिए अवसर प्रदान किया जाए।

इस बीच सरकार ने प्रदेश के सभी विभागों, बोर्ड व निगमों से ग्रुप डी के रिक्त पदों की ब्यौरा मंगवाया। अब सरकार ने 4246 पदों को भरने के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है। इनमें सबसे अधिक अनारक्षित श्रेणी के अंतर्गत 1535, बीसीए के लिए 516, ईडब्ल्यूएस कोटे, डीएससी, ओएससी कोटे के तहत क्रमशः 395, बीसीबी के लिए 248 रिक्त पदों को भरा जाएगा।

# हरियाणा के सभी 22 जिलों में हुई नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल

## नागरिकों को युद्ध के दौरान की स्थिति में सुरक्षा व इमरजेंसी रिस्पोन्स का दिया गया प्रशिक्षण

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 मई।** गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार आयोजित राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा अभ्यास के रूप में हरियाणा के सभी 22 जिलों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल में नागरिकों को युद्ध के दौरान की स्थिति में सुरक्षा व इमरजेंसी रिस्पोन्स के बारे में जागरूक व प्रशिक्षित किया गया।

सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गृह मंत्रालय की ओर से जारी निर्देशों का अनुपालन करते हुए हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन द्वारा इस मॉक ड्रिल को सफल बनाने के लिए सभी प्रबंध पुख्ता किए गए और नागरिकों के लिए भी पहले से दिशा-निर्देश जारी कर उनसे सहयोग का आग्रह किया गया।

उन्होंने बताया कि ब्लैकआउट से पहले नागरिकों को समझाया गया कि उन्हें कुछ आवश्यक बातों का ध्यान रखना है। जैसे ब्लैकआउट से पहले अपने फ़ोन और पावर बैंक को चार्ज रखना। बुनियादी सामान व आपातकालीन सप्लाई सुनिश्चित करना। बैटरी या सौर ऊर्जा से चलने वाली फ्लैश लाइट, टॉर्च, रेडियो, ग्लो स्टिक्स साथ रखना। एक वैध पहचान पत्र और पारिवारिक आपातकालीन किट को भी तैयार करना, जिसमें पानी, सूखा भोजन और बुनियादी दवाइयां हों।

उन्होंने बताया कि नागरिकों को जागरूक कर उन्हें बताया गया कि आश्रय के रूप में एक सुरक्षित आंतरिक कमरे या तहखाने की पहचान करें। घर के सभी सदस्यों को प्रशिक्षित करें और बार-बार अभ्यास करें। लाइट बंद करें, 1-2 मिनट के भीतर सुरक्षित क्षेत्र में इकट्ठा हों। शाम 7:30 से 8:30 बजे तक लिफ्ट का उपयोग न करें। लिफ्ट को निष्क्रिय कर दें ताकि ब्लैकआउट के दौरान कोई असुविधा न हो।

उन्होंने बताया कि ब्लैकआउट के लिए नागरिकों ने पूरा सहयोग किया और दिशा-निर्देशों का पालन करते सभी घर के अंदर ही रहे। जो नागरिक गाड़ी चला रहे थे, उन्होंने अपनी गाड़ी को किनारे पर पार्क करके लाइट बंद कर दी। अलर्ट के दौरान सभी इनडोर और आउटडोर लाइटों को भी बंद कर दिया गया।

प्रवक्ता ने बताया कि यह मॉक ड्रिल अभ्यास चिकित्सा प्रतिष्ठानों पर लागू नहीं हुआ। हालांकि, उन्होंने भी सहयोगात्मक रूप से ड्रिल के दौरान सभी खिड़कियों को मोटे पर्दों से ढक दिया।

प्रवक्ता ने बताया कि इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य नागरिकों को किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार करना और ऐसी गंभीर/प्रतिकूल परिस्थिति के दौरान स्थिति से निपटने में प्रशिक्षित करना है।

### मॉक ड्रिल में नागरिकों का मिला भरपूर सहयोग

प्रवक्ता ने बताया कि मॉक ड्रिल के हिस्से के रूप में सबसे पहले शाम 4 बजे हवाई हमले की चेतावनी वाले सायरन सक्रिय हुए और सरकारी विभागों सहित सभी हितधारकों को शामिल करते हुए महत्वपूर्ण और रणनीतिक स्थानों पर मॉक ड्रिल ऑपरेशन शुरू किया गया। इनमें मिनी सचिवालय, सरकारी कार्यालय, सार्वजनिक उपक्रम और मॉल आदि जैसे महत्वपूर्ण स्थान शामिल हैं। प्रवक्ता ने बताया कि ड्रिल के एक हिस्से के रूप में शाम 7.50 बजे एक और हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई और नागरिकों ने सरकार का सहयोग करते हुए 10 मिनट की अवधि के लिए यानि शाम 7.50 बजे से 8.00 बजे तक पूर्ण ब्लैक आउट सुनिश्चित किया।

**न्यायालय, समाहर्त्ता–सह–जिला दण्डाधिकारी**
**पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी**

बिहार सरकार

**बिहार मद्यनिषेद एवं उत्पाद अधिनियम 2016 के अन्तर्गत जप्त वाहनों/भूमि के मालिको/संबंधितों के लिए**

**–:अल्प अवधि नोटिस:–**

एतद द्वारा निम्नलिखित वाहनों/भूमि के मालिको/संबंधितों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद(संशोधन) नियमावली, 2022 के अन्तर्गत पुलिस/उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन/भण्डारन के आरोप में आपके वाहन/भूमि/मकान को जप्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है, जिसकी सुनवाई की तिथि कांडिका–6 में निर्धारित की गई है।

| क्र0 सं0 | थाना काण्ड सं0/दिनांक | उत्पाद अधिहरण वाद संख्या | वाहन स्वामी/भू–स्वामी का पूर्ण पता | जप्त वाहन का निबंधन संख्या/भूमि की विवरणी | सुनवाई की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | उत्पाद थाना काण्ड सं0–1525/24, दिनांक– 12.09.2024 | 218/25 | अनील, पिता–जगदीश कुमार सा0–बनियानी रोहतक, जिला–रोहतक, राज्य–हरियाणा पिन–124001 | मोटरसाइकिल वाहन रजि0 सं0– HR12AF-2630, इंजन सं0–DP1FH2113598, चेचिस सं0–MD621DP10H3F36254 | 13-05-2025 |

अतः सूचित किया जाता है कि वाद से संबंधित अंकित वाहन/भूमि/मकान जिनका भी हित निहित हो वे उपरोक्त निर्धारित सुनवाई की तिथि को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने विद्वान अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जप्त वाहन/भूमि को मुक्त कराने हेतु वांछित कागजात के साथ अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगें। अन्यथा निर्धारित तिथि तक आपके उपस्थित नही होने पर एकपक्षीय सुनवाई कर नियमानुसार वाद का निष्पादन कर दिया जाएगा।

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**पीठासीन पदाधिकारी, उत्पाद न्यायालय, मोतिहारी।**
**–सह–**
**अनु0लो0शि0नि0 पदाधिकारी**
**अरेराज, पूर्वी चम्पारण।**

PR. No.002728 (District) 2025-26

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**

**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड**
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

**सार्वजनिक नोटिस**

श्री अशोक कुमार सोनी पुत्र स्वर्गीय श्री स्वर्ण लाल सोनी, निवासी मकान नंबर 473, सेक्टर–20–ए, चंडीगढ़ ने इस दस्तावेज के खो जाने के कारण बूथ नंबर 256, एमएचसी मनीमाजरा, चंडीगढ़ के संबंध में आवंटन पत्र की डुप्लिकेट कॉपी जारी करने के लिए चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड से संपर्क किया है। उन्होंने उपरोक्त दस्तावेज के खो जाने के संबंध में दिनांक 05/12/2022 को पुलिस स्टेशन–19, जीडी नंबर 022, चंडीगढ़ में पंजीकृत डीडीआर प्रस्तुत की है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त श्री अशोक कुमार सोनी पुत्र स्वर्गीय श्री स्वर्ण लाल सोनी को उपरोक्त आवासीय इकाई के संबंध में आवंटन पत्र की डुप्लिकेट कॉपी जारी करने पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति दर्ज कराए, अन्यथा दस्तावेज जारी कर दिए जाएंगे। इसके अलावा, यदि किसी को उपरोक्त वर्णित मूल दस्तावेज मिलते हैं, तो उन्हें उपरोक्त पुलिस स्टेशन या नीचे हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

**सचिव,**
**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,**
**चंडीगढ़**

# रोहित शर्मा के संन्यास के बाद कौन होगा अगला टेस्ट कप्तान

अर्थ प्रकाश/साक्षी जैन



**नई दिल्ली, 7 मई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से अचानक संन्यास लेने की घोषणा के बाद चयनकर्ताओं को 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली भारतीय टीम के लिए एक नया कप्तान ढूंढना होगा।

रोहित ने टेस्ट से संन्यास ले लिया है लेकिन वह वनडे प्रारूप में भारत का प्रतिनिधित्व करना जारी रखेंगे। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में संघर्ष किया था, जिसमें भारत 3-1 से हार गया था। उन्होंने पांच पारियों में सिर्फ 6.20 की औसत से रन बनाए और सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में अंतिम टेस्ट के लिए खुद को बाहर कर लिया। इससे पहले, रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में भारत की 3-0 की हार में एक भूलने वाला प्रदर्शन किया था, जिसमें उनका औसत सिर्फ 15.16 था।

आईएएनएस को पता चला है कि भविष्य के लिए टेस्ट टीम बनाने की दृष्टि से, खासकर इंग्लैंड के टेस्ट दौरे के साथ एक नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र की शुरुआत के साथ, रोहित ने इस प्रारूप से संन्यास की घोषणा की है।

रोहित के टेस्ट से संन्यास की घोषणा के साथ, शुभमन गिल और जसप्रीत बुमराह अगले टेस्ट कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं, क्योंकि अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति का लक्ष्य टीम में कुछ नए खिलाड़ियों को शामिल करना है। 25 वर्षीय गिल सफेद गेंद के प्रारूपों में उप-कप्तान थे और जसप्रीत बुमराह के इंग्लैंड में सभी पांच टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध होने की संभावना नहीं होने के कारण, वह भारत के अगले टेस्ट कप्तान बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह वर्तमान में गुजरात टाइटन्स (जीटी) की कप्तानी कर रहे हैं, जो आईपीएल 2025 अंक तालिका में शीर्ष पर है।

**उत्तर रेलवे**

**ई. निविदा**

**खुली निविदा संख्या 06–अम्बाला/2025–26 दिनांक 07.05.2025**

वरिष्ट मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुरने रेलवे स्टेशन पर दूसरे लूप के प्रावधान के संबंध में पी.वे कार्य। | 53,61,143 | 1,07,200 | 04 महीने | 30.05.2025 |
| 2 | एडीईएन/आरपीजे अनुभाग में सीवरेज/जल निकासी प्रणाली (जीवीजी, केएनएन, आरपीजे, एसएमयू और अन्य रेलवे कॉलोनियों) की मरम्मत, पुल जलमार्ग की सफाई (ब्र. सं. 313, 325, 361–ए, 344, 331 और यूएमबी–एलडीएच सेक्शन पर अन्य पुल)। | 41,44,467 | 82,900 | 06 महीने | 30.05.2025 |
| 3 | रेलवे भूमि उपयोग की जीआईएस मैपिंग, जीपीएस आधारित डिवाइस का उपयोग करके आईआर जियो पोर्टल के लिए विस्तृत मैपिंग और अंबाला डिवीजन में जीआईएस डेटा तैयार करने और शेप फाइल प्रारूप में आउटपुट के लिए इनपुट फॉर्म का विकास। | 28,32,804 | 56,700 | 03 महीने | 30.05.2025 |
| 4 | सीनियर डीईएन–II–यूएमबी के तहत बीटीआई–एसजीएनआर खंड पर पुल संख्या 57बी (1x12.20 मीटर), 57ए (4x12.20 मीटर) और डीयूआई–बीटीआई पर पुल संख्या 172 (2x12.19 मीटर) के स्पैन 9.14 और 12.20 मीटर के बीच पुलों के उप–संरचना को मजबूत करना और पीएससी स्लैब के साथ स्टील गर्डर्स की प्रतिस्थापना के साथ–साथ पुल के उप–संरचना की जैकेटिंग और संरचनात्मक ड्राइंग की आपूर्ति। | 2,46,33,625 | 2,73,200 | 12 महीने | 30.05.2025 |
| 5 | एडीईएन/यूएमबी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एम/यूएमबी के सेक्शन में एमओवाई–यूएमबी सेक्शन पर किमी 191/16–18 पर बीआर संख्या 232 यूपी (2x12.20 एम) के पीएससी स्लैब के साथ मौजूदा स्टील गर्डर को प्रतिस्थापित करना। | 82,90,530 | 1,65,800 | 09 महीने | 30.05.2025 |
| 6 | एडीईएन/बीटीआई के अधीन एसएसई/पी.वे/बीएनएन सेक्शन में ट्रैक के दिन–प्रतिदिन के रखरखाव के संबंध में विविध कार्य। | 31,76,105 | 63,500 | 12 महीने | 30.05.2025 |
| 7 | एडीईएन/बीटीआई के अधीन एसएसई/पी.वे/बीटीआई और एसएसई/पी.वे/एबीएस अनुभाग में ट्रैक के दिन–प्रतिदिन के रखरखाव के संबंध में विविध कार्य। | 63,52,159 | 1,27,100 | 12 महीने | 30.05.2025 |
| 8 | सीनियर डीईएन–IV/UMB के सेक्शन में टीटीआर, टीएसआर, टीटीआर (टीएसआर) और अन्य ट्रैक कार्य, राजपुरा – धुरी – लेहरा मुहब्बत – टीआरआर (पी) – 82.179 टीकेएम और अंबाला डिवीजन – टीटीआर (टीएसआर) – 148 सेट (1:12 – 118 सेट और 1:8.5 – 30 सेट) के स्वीकृत कार्य। | 73,10,411 | 1,46,200 | 12 महीने | 30.05.2025 |
| 9 | सीनियर डीईएन/आई/यूएमबी अनुभाग में बीसीएम के साथ 43.850 टीकेएम की डीप स्क्रीनिंग। | 1,40,04,775 | 2,20,000 | 08 महीने | 30.05.2025 |
| 10 | यूएमबी–केएलके सेक्शन पर डीकेटी–एलएलयू स्टेशन के बीच किमी 207/3–5 पर राज्य सरकार विभाग के लिए रेलवे ट्रैक/भूमि के नीचे पहले 1200 मिमी एम.एस. एनकेसिंग पाइप और 1400 मिमी एम.एस. दूसरे केसिंग पाइप के माध्यम से 2 नग 100 मिमी (40") व्यास के डीआई वाहक पाइप की जल निकासी/सीवरेज आपूर्ति का कार्य। | 3,25,96,189 | 3,13,000 | 06 महीने | 30.05.2025 |

**नोट :–** 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट **IREPS** पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई – निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **1353/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड**
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़






**सार्वजनिक नोटिस**

**विषय :–** आवंटी/हस्तांतरिती श्री अशोक कुमार भाटिया पुत्र श्री हाकिम राय भाटिया की बिना वसीयत के मृत्यु पर (i) श्रीमती सीता रानी भाटिया पत्नी स्वर्गीय श्री अशोक कुमार भाटिया (ii) श्री आदर्श भाटिया पुत्र स्वर्गीय श्री अशोक कुमार भाटिया और (iii) श्री रमन भाटिया पुत्र स्वर्गीय श्री अशोक कुमार भाटिया के नाम पर चंडीगढ़ के सेक्टर 19–सी में एमआईजी–II फ्लैट श्रेणी के आवास इकाई संख्या 2114/2 के आवंटन/पंजीकरण का स्थानांतरण/ यूटेशन।

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री अशोक कुमार भाटिया पुत्र श्री हाकिम राय भाटिया, सेक्टर 19–सी, चंडीगढ़ में एमआईजी–II फ्लैट श्रेणी की आवासीय इकाई संख्या 2114/2 के मालिक का निधन 16/11/2022 को चंडीगढ़ में हो गया, जैसा कि उनके कानूनी उत्तराधिकारियों द्वारा सूचित किया गया है। (i) श्रीमती सीता रानी भाटिया पत्नी स्वर्गीय श्री अशोक कुमार भाटिया (ii) श्री आदर्श भाटिया पुत्र स्वर्गीय श्री अशोक कुमार भाटिया और (iii) श्री रमन भाटिया पुत्र स्वर्गीय श्री अशोक कुमार भाटिया ने श्री अशोक कुमार भाटिया पुत्र श्री हकीम राय भाटिया की बिना वसीयत के निधन के आधार पर चंडीगढ़ के सेक्टर 19–सी में एमआईजी–II फ्लैट श्रेणी के आवास इकाई संख्या 2114/2 के स्वामित्व को अपने नाम पर स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने आगे कहा है कि कोई अन्य कानूनी उत्तराधिकारी नहीं छोड़ा गया है और वे उपरोक्त आवास इकाई के मृतक मालिक के एकमात्र कानूनी उत्तराधिकारी हैं।

यदि किसी को आवास इकाई में दावे/अधिकार/हित के संबंध में कोई आपत्ति है, जिसे चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड द्वारा (i) श्रीमती सीता रानी भाटिया (पत्नी) (ii) श्री आदर्श भाटिया (पुत्र) और (iii) श्री रमन भाटिया (पुत्र) के पक्ष में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर नीचे हस्ताक्षरकर्ता को लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा उक्त आवास इकाई का पंजीकरण और आवंटन उपरोक्त दावेदार के पक्ष में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

**सचिव,**
**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,**
**चंडीगढ़**

**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड**
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़




**सार्वजनिक नोटिस**

**विषय :–** आवंटी/हस्तांतरिती सुश्री नलिनी डोगरा पुत्री स्वर्गीय श्री रतन चंद डोगरा की बिना वसीयत के मृत्यु होने पर श्री मोहिंदर प्रताप डोगरा पुत्र स्वर्गीय श्री रतन चंद डोगरा के नाम पर सेक्टर 47–डी, चंडीगढ़ में श्रेणी एलआईजी की आवासीय इकाई संख्या 3162–1 के आवंटन/पंजीकरण का हस्तांतरण/ यूटेशन।

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सुश्री नलिनी डोगरा पुत्री स्वर्गीय श्री रतन चंद डोगरा, जो सेक्टर 47–डी, चंडीगढ़ में श्रेणी एलआईजी की आवासीय इकाई संख्या 3162–1 की मालिक थीं, का निधन 07.01.2025 को मोहाली (पंजाब) में हो गया, जैसा कि उनके कानूनी उत्तराधिकारी द्वारा सूचित किया गया है।

श्री मोहिंदर प्रताप डोगरा पुत्र स्वर्गीय श्री रतन चंद डोगरा ने सुश्री नलिनी डोगरा पुत्री स्वर्गीय श्री रतन चंद डोगरा की बिना वसीयत के मृत्यु के आधार पर चंडीगढ़ के सेक्टर 47–डी में श्रेणी एलआईजी की आवासीय इकाई संख्या 3162–1 का स्वामित्व उनके नाम पर स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने आगे कहा है कि किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी को नहीं छोड़ा गया है।

यदि किसी को आवासीय इकाई में दावे/अधिकार/हित के संबंध में कोई आपत्ति है, जिसे चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड द्वारा श्री मोहिंदर प्रताप डोगरा (भाई) के पक्ष में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती है, ऐसा न करने पर उक्त आवासीय इकाई का पंजीकरण और आवंटन उपरोक्त दावेदार के पक्ष में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

**सचिव,**
**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,**
**चंडीगढ़**

## आईजी कॉलेज की तीन छात्राएं कुवि की टॉप 10 सूची में शामिल

**कैथल (अप्रस)।** आईजी कालेज की एमए इकोनॉमिक्स की तीन छात्राओं ने यूनिवर्सिटी की टॉप 10 सूची में अपना नाम दर्ज करवाया और कॉलेज का एक बार फिर नाम रोशन किया। प्रिंसीपल डॉ. आरती गर्ग ने बताया कि 6 मई को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा एमए इकोनॉमिक्स द्वितीय वर्ष के तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें कोमल ने 500 में से 383 अंकों के साथ पांचवा स्थान हासिल किया। सोनाली ने 379 अंक प्राप्त कर आठवां व शीतल ने 369 अंक प्राप्त कर दसवां स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया ने कहा कि कॉलेज की कक्षाओं के परीक्षा परिणाम आने शुरू हो गये हैं। जैसे हमेशा कॉलेज की छात्राएं सभी संकायों में व सभी सेमेस्टर में यूनिवर्सिटी की टॉप-10 सूचि में नाम दर्ज करवाती हैं उसी प्रकार आज भी एमए इकोनॉमिक्स की छात्राओं ने अपना परचम विश्वविद्यालय में लहराया। कॉलेज मैनेजमेंट ने छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रबंधक समिति के प्रधान जगदीश बहादुर खुरानिया ने छात्राओं को बेहतर परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी। सचिव नरेंद्र मिगलानी ने भी छात्राओं व प्राध्यापकवर्ग को शुभआशीष दिए।

**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड**
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

**सार्वजनिक नोटिस**

**सचिव, सीएचबी के समक्ष संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए**

**विषय–** चंडीगढ़ के सेक्टर 45–सी में श्रेणी–एमआईजी(एल) की आवासीय इकाई संख्या 2168–3 (तीसरी मंजिल) के संबंध में श्री भजन लाल सांगवान पुत्र श्री सतबीर सिंह सांगवान के नाम पर आवंटी/हस्तांतरिती श्री रमन सिंदुरिया पुत्र श्री प्यारे लाल के नाम से बिक्री विलेख के आधार पर स्वामित्व अधिकार का उत्परिवर्तन/हस्तांतरण।

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि चंडीगढ़ के सेक्टर 45–बी में श्रेणी–एमआईजी(एल) की आवासीय इकाई संख्या 2168–3 (तीसरी मंजिल) आवंटी/हस्तांतरिती श्री रमन सिंदुरिया पुत्र श्री प्यारे लाल के नाम पर है।

अब, श्री रमन सिंदुरिया पुत्र श्री प्यारे लाल ने उपरोक्त आवास इकाई को श्री भजन लाल सांगवान पुत्र श्री सतबीर सिंह सांगवान को बिक्री विलेख के माध्यम से बेच दिया है, जो दिनांक 22.04.2025 को उप–पंजीयक चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित और पंजीकृत है। श्री भजन लाल सांगवान पुत्र श्री सतबीर सिंह सांगवान ने इस कार्यालय से बिक्री विलेख के आधार पर उपरोक्त आवास इकाई को अपने नाम पर स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है।

यदि किसी को आवेदक के पक्ष में उक्त संपत्ति के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर नीचे हस्ताक्षरकर्ता, को लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, ऐसा न करने पर, उक्त आवास इकाई का स्वामित्व उपरोक्त दावेदार(दावेदारों) के पक्ष में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

**सचिव,**
**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,**
**चंडीगढ़**

**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड**
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

**सार्वजनिक नोटिस**

**सचिव, सीएचबी के समक्ष संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए**

**विषय–** बिक्री विलेख के आधार पर सेक्टर 61, चंडीगढ़ के एमआइजी के आवासीय यूनिट संख्या 1434–ए (प्रथम तल) श्रेणी के संबंध में श्री अमरजीत सिंह पुत्र श्री सेवा सिंह के नाम से आवंटी/हस्तांतरिती श्री हरदीप सिंह पुत्र श्री गुरदेव सिंह के नाम से स्वामित्व अधिकार का यूटेशन/हस्तांतरण।

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 61, चंडीगढ़ के एमआइजी के आवासीय यूनिट संख्या 1434–ए (प्रथम तल) श्रेणी आवंटी/हस्तांतरिती श्री हरदीप सिंह पुत्र श्री गुरदेव सिंह के नाम पर है।

अब, श्री हरदीप सिंह पुत्र श्री गुरदेव सिंह ने उपरोक्त आवास इकाई को श्री अमरजीत सिंह पुत्र श्री सेवा सिंह को बिक्री विलेख के माध्यम से बेच दिया है, जिसे 02.05.2025 को उप–पंजीयक चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित और पंजीकृत किया गया है। श्री अमरजीत सिंह पुत्र श्री सेवा सिंह ने बिक्री विलेख के आधार पर उपरोक्त आवास इकाई को अपने नाम पर स्थानांतरित करने के लिए इस कार्यालय से अनुरोध किया है।

यदि किसी को आवेदक के पक्ष में उक्त संपत्ति के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर नीचे हस्ताक्षरकर्ता, को लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, ऐसा न करने पर, उक्त आवास इकाई का स्वामित्व उपरोक्त दावेदार(दावेदारों) के पक्ष में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

**सचिव,**
**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,**
**चंडीगढ़**

**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड**
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

**सार्वजनिक नोटिस**

**सचिव, सीएचबी के समक्ष संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए**

**विषय–** आवंटी/हस्तांतरिती श्री विजय पाल सिंह पुत्र श्री चरणजीत सिंह मारवाहा के नाम से बिक्री विलेख के आधार पर श्रीमती पूनम पत्नी श्री सुखविंदर सिंह के नाम पर सेक्टर 49, चंडीगढ़ में वन बेड रूम फ्लैट्स श्रेणी की आवासीय इकाई संख्या 2840 (भूतल) के संबंध में स्वामित्व अधिकार का यूटेशन/हस्तांतरण।

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 49, चंडीगढ़ में वन बेड रूम फ्लैट्स श्रेणी की आवासीय इकाई संख्या 2840 (भूतल) आवंटी/हस्तांतरिती श्री विजय पाल सिंह पुत्र श्री चरणजीत सिंह मारवाहा के नाम पर है।

अब, श्री विजय पाल सिंह पुत्र श्री चरणजीत सिंह मारवाहा ने उपरोक्त आवास इकाई को श्रीमती पूनम पत्नी श्री सुखविंदर सिंह को बिक्री विलेख के माध्यम से बेच दिया है, जिसे 25.03.2025 को उप–पंजीयक चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित और पंजीकृत किया गया है।

श्रीमती पूनम पत्नी श्री सुखविंदर सिंह ने बिक्री विलेख के आधार पर उपरोक्त आवास इकाई को अपने नाम पर स्थानांतरित करने के लिए इस कार्यालय से अनुरोध किया है।

यदि किसी को आवेदक के पक्ष में उक्त संपत्ति के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर नीचे हस्ताक्षरकर्ता, को लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, ऐसा न करने पर, उक्त आवास इकाई का स्वामित्व उपरोक्त दावेदार(दावेदारों) के पक्ष में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

**सचिव,**
**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,**
**चंडीगढ़**

**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड**
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़, 0172-2511141

**सार्वजनिक नोटिस**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्ति(यों) ने चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड (आवंटन, प्रबंधन और बिक्री) विनियम 1979 के तहत अपने नाम पर आवासीय इकाई के उपहार/बिक्री/खरीद के लिए अनुमति के लिए आवेदन किया है:

| क्र.सं. | क्रेता का नाम | विक्रेता का नाम | डी.यू.नं. | श्रेणी | सेक्टर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री सुंदर सिंह पुत्र श्री प्रताप सिंह | श्रीमती सुधीरा शर्मा पत्नी श्री अशोक कुमार | 3356–1 | एलआई जी (यू) | 40–डी, चंडीगढ़ |
| 2. | श्री उमेद सिंह पुत्र श्री बच्चन सिंह | श्रीमती वीना उर्फ वीना कुमारी पत्नी श्री दर्शन कुमार | 2037–2 | एचआई जी (एल)/ श्रेणी–II | 47–सी, चंडीगढ़ |
| 3. | श्री अरुण मोहन शर्मा पुत्र श्री बृज मोहन शर्मा | श्री गोबिंद राम पुत्र श्री दाता राम | 232–2 | एलआई जी | 41–ए, चंडीगढ़ |

यदि किसी को उपरोक्त आवास इकाइयों के संबंध में बिक्री/खरीद के संबंध में कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर लिखित रूप में आपत्ति, यदि कोई हो, दस्तावेजी साक्ष्य के साथ, यदि कोई हो, नीचे हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकता/सकती है।

**सचिव,**
**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,**
**चंडीगढ़**

▲ अधिकतम 34 डिग्री से.
डिग्री से. 23 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 5.33 बजे
सूर्यास्त 7.05 बजे
सोना 24 कैरेट : 99,150.00
सैंसेक्स : 80,746.78
अमेरिका : 84.76
कैनेडियन : 61.44
आस्ट्रेलिया : 54.86

## न्यूज़ ब्रीफ

### एक्टिवा सवार से लूट के मामले में स्कॉर्पियो सवारों के खिलाफ मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 39 पुलिस ने एक्टिवा स्कूटर सवार से लूटमार करने के मामले में स्कॉर्पियो सवार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता पंजाब के जिला मोहाली के रहने वाले वरिंदर कुमार ने पुलिस को बताया कि वह सैक्टर 26 मंडी में फरूट का काम करता है। मंगलवार को अल सुबह वह अपने घर से एक्टिवा स्कूटर पर सवार होकर सैक्टर 26 मंडी जा रहा था। जैसे ही वह सैक्टर 37/38/40/41 चौक के पास पहुंचा तो एक पंजाब नंबर की स्कार्पियो गाड़ी आई। जिसमें आरोपी युवक सवार थे। उन्होंने एक्टिवा स्कूटर सवार को रोककर उसकी 2 हजार रुपए की नकदी और उसका मोबाइल फोन छीना और फरार हो गए। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात स्कार्पियो सवार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सब्जी विक्रेता से स्नैचिंग के मामले में एक्टिवा सवारों के खिलाफ मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 11 पुलिस ने सब्जी विक्रेता से स्नैचिंग करने के मामले में एक्टिवा स्कूटर सवार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता खुडा अलीशेर के रहने वाले बालगोविंद ने पुलिस को बताया कि वह गांव कंसल में सब्जी की रेहड़ी लगाता है। हर रोज की तरह वह सोमवार रात के समय सब्जी बेचकर रेहड़ी पर सवार होकर अपने घर की तरफ जा रहा था। खुडा अलीशेर सत्संग भवन के पास पहुंचने पर एक्टिवा स्कूटर पर सवार तीन शातिर आरोपी पीछे से आए और सब्जी विक्रेता से खीरा मांगने लगे। एक आरोपी उतरा और उसकी जेब से पर्स निकाल लिया। पर्स में 5 हजार रुपए की नकदी और जरूरी कागजात थे। लेकर फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ट्राइसिटी ब्लैकआउट: मॉक ड्रिल में नागरिक और प्रशासन ने दिखाई एकजुटता

- क्यूआरटी टीम की मदद से आपातकाल स्थिति में लोगों को बचाने में सुरक्षा एजेंसियों की दिखी मुस्तैदी
- चंडीगढ़ में आईएसबीटी 17, पिकाडिली-34 और औद्योगिक क्षेत्र में परखी गई नागरिकों की सुरक्षा
- पंचकूला सेक्टर 20 में पुलिस की लेट लतीफी पर निगम कमिश्नर ने लगाई लताड़

अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा

**चंडीगढ़/मोहाली/पंचकूला, 7 मई।** पालगाम में हुई हिंसा के बाद भारत के सुरक्षा मंत्रालय की ओर से नागरिकों की सुरक्षा के लिए उत्तर भारत में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए बुधवार मॉक ड्रिल के जरिए सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया गया, जिसमें चंडीगढ़, पंचकूला और मोहाली के नागरिकों और स्थानीय प्रशासन में बेहतर समन्वय देखा गया। हालांकि, कुछ जगहों पर खामियां सामने आई मगर प्रशासनिक अधिकारियों ने खुद मोर्चा संभालते हुए स्थिति को काबू किया गया।

यूटी चंडीगढ़ में तीन स्थानों पर नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल आयोजित की गई। आईएसबीटी17, चंडीगढ़ में इमारत ढहने की मॉक ड्रिल आयोजित की गई, जबकि पिकाडिली सेक्टर-34 और मेसर्स पंजाब वेस्ट प्लांट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नंबर 92, औद्योगिक क्षेत्र फेज-1, चंडीगढ़ में आग लगने की मॉक ड्रिल आयोजित की गई।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ-साथ जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और चंडीगढ़ प्रशासन के प्रमुख विभागों जैसे चंडीगढ़ पुलिस, नागरिक सुरक्षा, अग्निशमन विभाग, इंजीनियरिंग विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एमसी और अन्य प्रमुख एजेंसियों ने आपातकालीन स्थितियों से निपटने में तैयारियों का आकलन करने और उन्हें बढ़ाने के लिए इन मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इन मॉक ड्रिल में लगभग 250 आपदा मित्र, 510 एनएसएस, 100 एनसीसी, 100 होमगार्ड और 50 युवा मोर्चा स्वयंसेवकों ने भाग लिया। अभ्यास में उच्च तीव्रता वाले आपातकालीन परिदृश्यों का अनुकरण किया गया और इसका उद्देश्य विभिन्न आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों के समन्वय, प्रतिक्रिया समय और दक्षता का मूल्यांकन करना था। मॉक ड्रिल की मुख्य विशेषताओं में लोगों के लिए निकासी प्रक्रियाएँ; दमकल गाड़ियों और एम्बुलेंस की तैनाती; नकली हताहतों के लिए ऑन-साइट ट्राइएज और चिकित्सा सहायता; और पुलिस, अग्निशमन, चिकित्सा और परिवहन अधिकारियों द्वारा समन्वित प्रयास शामिल थे।


चंडीगढ़ में मॉक ड्रिल के दौरान आईएसबीटी पर हुए हमले के दौरान दमकल कर्मचारी व एनडीआरएफ फोर्स आपातकालीन स्थिति पर काबू पाते हुए। फोटो: अजीत कौशल

### अधिकारियों न संभाला मोर्चा

यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव वर्मा, गृह सचिव श्री मंदीप सिंह बराड़, डिप्टी कमिश्नर निशांत कुमार यादव, एसएसपी कंवरदीप कौर और चंडीगढ़ प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने अभ्यास की निगरानी की और भाग लेने वाले सभी विभागों की त्वरित और पेशेवर प्रतिक्रिया की सराहना की। उन्होंने चंडीगढ़ के आईजीपी श्री राज कुमार सिंह के साथ सेक्टर-26 चंडीगढ़ स्थित पुलिस कंट्रोल रूम का भी दौरा किया। इस अभ्यास से मौजूदा आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल में ताकत और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिली। वास्तविक आपात स्थितियों के दौरान जान बचाने के लिए तैयारी महत्वपूर्ण है। ये अभ्यास हमें अपने सिस्टम का परीक्षण करने और यह सुनिश्चित करने में मदद करते हैं कि चंडीगढ़ संभावित खतरों का सामना करने में लचीला बना रहे। प्रशासन जनता से ऐसे अभ्यासों के दौरान सहयोग करने और हर समय सतर्क रहने का आग्रह करता है।

### मोहाली प्रशासन ने बेस्टेक मॉल में व्यापक मॉक ड्रिल के

मोहाली में नागरिक सुरक्षा तैयारियों की जांच करने के लिए, संभावित आपात स्थितियों के लिए तैयारियों को मजबूत करने के लिए बेस्टेक मॉल में अग्नि सुरक्षा और बचाव कार्यों पर केंद्रित एक व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की गई। संभावित हवाई हमलों की सूचना मिलने के साथ ही शाम 4 बजे अभ्यास शुरू हुआ, जिसके बाद स्थानीय पुलिस, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, अग्निशमन विभाग, जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, पंजाब होम गार्ड, स्थानीय शैक्षणिक संस्थानों के एनएसएस सहित कई एजेंसियों के बीच त्वरित समन्वय स्थापित किया गया। जिला प्रशासन द्वारा रक्षा अधिकारियों के सहयोग से आयोजित इस अभ्यास में वास्तविक समय की आपातकालीन प्रतिक्रिया का अनुकरण किया गया।

### एक घटना कमांड पोस्ट स्थापित

मॉल के अंदर तुरंत एक घटना कमांड पोस्ट स्थापित की गई, जहाँ भाग लेने वाले विभागों के नोडल अधिकारी एकत्रित हुए। मॉल में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित रूप से दूसरे बेसमेंट में ले जाया गया, क्योंकि उन्हें नीचे की सीढ़ियों का उपयोग करके उनकी सुरक्षा के लिए यह सबसे सुरक्षित स्थान माना गया। सिविल डिफेंस अधिकारियों और सीआईएसएफ ने आपदा प्रबंधन तकनीकों पर प्रदर्शन किया, जबकि अन्य टीमों ने आपात स्थिति के दौरान व्यक्तियों को बचाने और उनका इलाज करने के तरीकों का प्रदर्शन किया, जिसमें जीवन रक्षक प्रोटोकॉल पर जोर दिया गया। डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने इस बात पर जोर दिया कि आज की ड्रिल का उद्देश्य लोगों में जागरूकता बढ़ाना और जिले भर में किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार रहना है। उन्होंने निवासियों से शांत रहने का आग्रह किया और उन्हें आश्वस्त किया कि इस तरह के अभ्यास सुरक्षा और तैयारियों को बढ़ाने के लिए सक्रिय उपाय हैं। उपायुक्त ने आगे कहा कि जिले में किसी भी अप्रिय स्थिति की आशंका नहीं है, लेकिन हम होर्डिंग्स और उपद्रवी तत्वों पर कड़ी नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि निर्देशों के अनुसार जिले में हवाई क्षेत्र को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक पारीक ने इस अभ्यास के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जिला पुलिस अन्य विभागों की मदद से ऐसी आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस अवसर पर एडीसी सोनम चौधरी, एसडीएम दमनदीप कौर, एसपी रमनदीप सिंह, डीएसपी हरसिमरन सिंह बल व नवीन पाल, जिला राजस्व अधिकारी अमनदीप चावला व अन्य भी उपस्थित थे।

### पंचकूला में तीन महिला अधिकारियों ने संभाली सुरक्षा की कमान

पंचकूला में हुई मॉक ड्रिल की 3 महिला अधिकारियों ने ब्लैक आउट खत्म होने तक सुरक्षा कमान अपने आठों में संभाले रखी। डीसी मोनिका गुप्ता, नगर निगम कमिश्नर अपराजिता और डीसीपी हिमाद्री कौशिक ने पंचकूला में 4 बजे लघु सचिवालय में शुरू हुई मॉक ड्रिल का रात 8 बजे तक हुए ब्लैक आउट तक सभी ऑपरेशन का खुद नेतृत्व किया। पंचकूला जिला में हुई मॉक ड्रिल में लोगों को रेस्क्यू किया गया। मॉक ड्रिल शाम 4 बजे जिला सचिवालय में सारयन बजने के साथ प्रारंभ हुई। सायरन बजते ही सभी संबंधित विभागों को डायल 112 के माध्यम से सूचना मिलते ही सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी लाव लश्कर व संसाधनों के साथ जिला सचिवालय की ओर दौडे। कुछ ही देर में अग्निशमन विभाग के कर्मचारी सीढीयों को जोड़कर प्रथम मंजिल पर पहुंचे और वहां से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना शुरू किया। कुछ लोगों को स्ट्रैचर पर, कुछ को रस्सियों के सहारे, कुछ को कुर्सी पर, कुछ को गोद में उठाकर, कुछ को पीठ पर लादकर कर्मचारी सुरक्षित बाहर निकालने लगे और सभी को एम्बुलेंस व बसों के माध्यम से सुरक्षित स्थानों व अस्पतालों की ओर भेजा गया। इस मॉक ड्रिल के पश्चात सैक्टर -20 की मार्किट में भी इसी प्रकार का अभ्यास मार्किट एसोसिएशन के सहयोग से किया गया। जहां पर उपायुक्त मोनिका गुप्ता के साथ साथ नगर निगम कमिश्नर अपराजिता ने भी मार्किट में मौजूद लोगों को आपात स्थिति से निपटने के लिए आयोजित किए गए इस अभ्यास के बारे में जानकारी दी।

### पुलिस 20 मिनिट देरी से पहुंची

सेक्टर 20 में अभी मॉक ड्रिल शुरू ही हुई थी कि बाजार में जाम लगना शुरू हो गया। इस बीच ना तो ट्रैफिक पुलिस और ना ही स्थानीय पुलिस दिखाई दी। फायर कर्मियों ने ट्रैफिक को कंट्रोल करना शुरू कर दिया। रेस्क्यू किए जा रहे लोगों को एंबुलेंस तक भेजने में दिक्कत हुई। यह देख नगर निगम कमिश्नर ने अधिकारियों को लताड़ भी लगाई। करीब 200 मीटर की दूरी पर स्थित पुलिस थाने से फोर्स को मौके पर पहुंचने के लिए 20 से 30 मिनट का समय लगा। तब तक उपायुक्त मोनिका गुप्ता भी मौके पर पहुंच चुकी थी।

### आगे मॉक ड्रिल में दूर की जाएंगी खामियां

नगर निगम कमिश्नर अपराजिता ने मीडिया द्वारा उठाए गए सवालों पर जवाब देते हुए कहा कि ट्रैफिक को कंट्रोलल करने में दिक्कत आई। पुलिस विलंब से मौके पहुंची। इसे आगे मॉक ड्रिल में खामी को दूर किया जाएगा।


चंडीगढ़ आईएसबीटी सेक्टर 17 में मॉक ड्रिल के दौरान लोगों को सुरक्षित बाहर निकालते एनडीआरएफ फोर्स। फोटो : अजीत कौशल


मोहाली की एडीसी सोनम चौधरी ब्लैक आउट के दौरान सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेते हुए।


पंचकूला की डीसी मोनिका गुप्ता, एडीसी निशा यादव और डीसीपी हिमाद्री कौशिक मॉक ड्रिल के संबंध में जानकारी देते हुए


पंचकूला की नगर निगम कमिश्नर अपराजिता सेक्टर 20 में मॉक ड्रिल के दौरान एनडीआरएफ कर्मचारियों के साथ मौके का जायजा लेते हुए।

### अतिरिक्त मुख्य सचिव डाक्टर सुमिता मित्रा ने की मॉनीटरिंग

प्रदेश की अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व एव गृह विभाग) डॉक्टर सुमिता मिश्रा ने प्रदेश में हुई मॉक ड्रिल की डायल 112 के लिए पंचकुला में बनाए गए कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से डायल 112 पर आने वाले फोन कॉल्स को लेकर भी विस्तृत जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह मॉकड्रिल आपात परिस्थिति के लिए खुद को तैयार करने के लिए है। किसी भी नागरिक को घबराने या चिंता करने की आवश्यकता नहीं है । उन्होंने लोगो से अपील की कि जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा समय समय पर दी जाने वाली सूचनाओं का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए खुद को तैयार रखें । उन्होंने कहा कि वर्तमान में स्थिति एकदम शांतिपूर्ण है । मॉक ड्रिल केवल एक अभ्यास है ।

# अवैध निर्माण की सील तोड़ कर अवैध तरीके से बिल्डिंग बना रहे लोग, अधिकारी दे रहे साथ

- नगर परिषद बन चूका है भ्र्ष्टाचार का अड्डा, कार्रवाई के नाम पर नोटिस भेजकर झाड़ लेते हैं पल्ला
- सरकारी सील तोड़ कर फिर से अवैध निर्माण करने का चल रहा चलन, अधिकारी ही दिखा रहे हैं रास्ते

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 7 मई।** शहर में अवैध निर्माण करने का काम धड़ल्ले से जारी है, भले सरकार भ्र्ष्टाचार को खत्म करने के बड़े बड़े दावे ठोक रही है। लेकिन नगर परिषद के अधिकारी भ्रष्टाचार की हर हद पार कर चुके है। जीरकपुर नगर परिषद के अधिकारियों को ना तो सरकारी नियमों की परवाह है और ना ही सरकार व आला अधिकारियों की। दयालपुरा क्षेत्र में एक अवैध तरीके से बिल्डिंग (पीजी) बनाया जा रहा है। जिसकी शिकायत मिलने के बाद नगर परिषद के अधिकारियों ने बीते कुछ दिन पहले 195 डी का नोटिस निकाल कर



उस बिल्डिंग को सील कर दिया था और वहां दो नोटिस चस्पा किए गए हैं, एक नोटिस में लिखा है के आप द्वारा प्लाट नंबर 30 में मंजूर नक्शे के उलट ज्यादा निर्माण करते हुए यहां फ्लैट बनाए गए हैं और उनकी सीढ़ियां भी कॉमन रखी गई है। जोकि पंजाब म्युनिसिपल एक्ट 1911 की धारा 195 डी की उलंघना है। जिसके तहत यह बिल्डिंग सील की गई है। वहीं दूसरे नोटिस में लिखा है के नगर परिषद के आदेशों के मुताबिक आप द्वारा यह बिल्डिंग अवैध तरीके से बनाई जा रही है। जिसके चलते इस बिलडिंग को सील किया जा रहा है। नियमों की उलंघना करने वाले और सील तोड़ने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पहले नोटिस में यह भी लिखा गया है के 7 दिनों के अंदर अंदर अपना सपस्टिकरण दिया जाए। लेकिन हैरानी की बात सपस्टिकरण देने की बजाए बिल्डिंग की सील तोड़ कर अंदर काम किया जा रहा है। यह इस बात की तरफ इशारा करता है कि या तो नगर परिषद के अधिकारी इतने लापरवाह है के बिल्डिंग सील करने के बाद ध्यान ही नहीं देते या फिर खुद ही भ्रष्टाचार में लिप्त होकर अंदर ही अंदर काम करने के लिए बोल देते हैं। जिसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। या फिर ऐसे निर्माणकर्ताओं व भ्रष्ट अधिकारीयों खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

### नगर परिषद में केवल दो ही बिल्डिंग इंस्पेक्टर, एक तो अक्सर रहते हैं नदारद

नगर परिषद जीरकपुर के अधीन बहुत सारे निर्माण कार्य चल रहे हैं और अवैध निर्माण को रोकने के लिए केवल दो ही बिल्डिंग इंस्पेक्टर है। दोनों द्वारा जीरकपुर को दो हिस्सों में बांटकर काम किया जा रहा है। चंडीगढ़ अंबाला कि एक तरफ अजय बराड़ और दूसरी तरफ शिवानी बंसल का देखती है। लेकिन हैरानी की बात है के शिवानी बंसल के पास जीरकपुर के लिए दो दिन तय किए हुए हैं, उन दो दिनों में वह हाई कोर्ट में व्यस्त होती है, लोग शिकायतें कर कर के थक जाते हैं ना तो लोगों की समस्याओं का हल किया जाता है और ना ही लोगों का फोन उठाया जाता है। नगर परिषद में प्रॉपर बिल्डिंग इंस्पेक्टर ना होने के कारण ही अवैध निर्माण धड़ल्ले से चल रहे हैं। लोगों की समस्या को देखते हुए या तो डियूटी का समय पूरा दिया जाए या फिर नए बिल्डिंग इंस्पेक्टर तैनात किए जाने चाहिए। बिल्डिंग इंस्पेक्टर की कमी के चलते वीआईपी रोड पर भी कई पीजी बन रहे हैं और अवैध निर्माण हो रहे हैं, जिनकी तरफ कोई ध्यान नही दे रहा। लोग शिकायतें कर कर के थक चुके हैं। वीआईपी रोड पर भी कई बिल्डिंगों की सील तोड़कर उन पर भी काम किया जा रहा है।

शहर में जो भी बिल्डिंग कानून व नियमों के हिसाब से बनेगी उसे ही बनने दिया जाएगा। सरकारी सील लगाने का मतलब होता है जिसे बिना आदेशों के कोई अपने आप नहीं खोल सकता है। यदि किसी ने ऐसा किया है तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**जगजीत सिंह जज, कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद जीरकपुर।**

# वायुसेना ने चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर किया पूरा नियंत्रण, सभी उड़ानें रद्द

- एयरपोर्ट पर पहुंचे यात्रियों को बैरिकेड्स पर रोक दिया गया, टैक्सी वालों ने मांगा मनमर्जी से किराया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जीरकपुर, 7 मई।** मोहाली पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारतीय वायुसेना ने बुधवार सुबह शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (मोहाली) पर पूरा नियंत्रण कर लिया। अगली सूचना तक सभी 52 डोमेस्टिक और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। यह एयरपोर्ट अहमदाबाद, बेंगलुरु, मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, गोवा, हैदराबाद, इंदौर, लेह, जयपुर, लखनऊ, चेन्नई, पटना, पुणे और श्रीनगर सहित कई प्रमुख मार्गों को सेवा प्रदान करता है। यहां से केवल दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानें दुबई और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अबूधाबी के लिए उड़ान भरती हैं।




बुधवार सुबह एयरपोर्ट पर पहुंचे यात्रियों को बैरिकेड्स पर रोक दिया गया और वापस भेज दिया गया। एयरपोर्ट पर रोजाना करीब 10,000 यात्री आते हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) पंजाब और हरियाणा सरकारों के सहयोग से सिविल टर्मिनल का प्रबंधन करता है, जबकि रनवे संचालन और हवाई यातायात नियंत्रण चंडीगढ़ वायु सेना स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आता है, जो वाणिज्यिक यात्री उड़ानों के लिए परिचालन घंटे भी निर्धारित करता है। चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एएआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अजय कुमार ने पुष्टि की है कि वायु सेना ने हवाई अड्डे का पूरा नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है और अगले आदेश तक सभी राज्य और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें निलंबित रहेंगी। शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और पंजाब व हरियाणा सरकारों के बीच एक संयुक्त उद्यम है। 485 करोड़ के निवेश के साथ पंजाब और हरियाणा प्रत्येक के पास 24.5 फीसदी हिस्सेदारी है, जबकि एएआई के पास 51 फीसदी की बहुमत हिस्सेदारी है।

# चंडीगढ़ नगर निगम ने जल संचय जन भागीदारी पहल के तहत पैम्फलेट वितरित करके जल संरक्षण को दिया बढ़ावा

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 7 मई।** चल रहे जल शक्ति अभियान- कैच द रेन पहल 2025 के हिस्से के रूप में, 'जल संचय, जन भागीदारी, जन जागरूकता की ओर' थीम के तहत, नगर निगम चंडीगढ़ ने वर्षा जल संचयन (आरडब्ल्यूएच), जल संरक्षण तकनीकों और आरडब्ल्यूएच प्रणालियों की नियमित सफाई और रखरखाव के महत्व पर केंद्रित जानकारीपूर्ण पैम्फलेट वितरित करके समुदाय को सक्रिय रूप से शामिल किया है।

1 मई से 7 मई तक युवा पीढ़ी के बीच जागरूकता बढ़ाने के प्रयास में, पंजाब विश्वविद्यालय और डीएवी स्कूल, सेक्टर 15 सहित शैक्षणिक संस्थानों में पैम्फलेट वितरित किए गए। इन सामग्रियों का उद्देश्य छात्रों को जल संरक्षण के व्यावहारिक तरीकों के बारे में शिक्षित करना और स्थायी जल प्रबंधन के महत्व पर जोर देना है।

इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए, चंडीगढ़ नगर निगम ने विभिन्न बाजार क्षेत्रों में पैम्फलेट वितरण अभियान भी चलाया, जिसमें वर्षा जल संचयन





संरचनाओं के रखरखाव और जल शक्ति अभियान के व्यापक लक्ष्यों पर बहुमूल्य जानकारी साझा करने के लिए जनता से सीधे संवाद किया गया। इस पहल के बारे में बोलते हुए, चंडीगढ़ नगर निगम के आयुक्त, श्री अमित कुमार, आईएएस ने कहा कि जमीनी स्तर पर जागरूकता पैदा करके, इस पहल का उद्देश्य नागरिकों - विशेष रूप से युवाओं को - जल संरक्षण और पर्यावरणीय स्थिरता में सक्रिय भागीदार बनने के लिए सशक्त बनाना है।

# नगर निगम अब नहीं करेगा 2888 कर्मचारियों की नियुक्ति

- वित्त संकट के चलते स्टाफ को समय से वेतन देने के पैसे नहीं

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 7 मई।** नगर निगम की वित्तीय स्थिति को देखते हुए स्टाफ के विभिन्न विंग्स में कर्मियों की संख्या कम करने का निर्णय लिया गया, ताकि निगम पर वित्तीय बोझ किसी हद तक कम किया जा सके।

किंतु बाद में निगम की विगत मार्च की मासिक सदन बैठक में पूर्व के फैसले को पलटते हुए स्टाफ की फिर से नियुक्ति करने का निर्णय लेने का प्रस्ताव पारित कर दिया। फिर सदन के विरोध के चलते यह निर्णय वापस लेना पड़ा।

बता दें कि नगर निगम की मार्च माह में सदन बैठक में अतिरिक्त



स्टाफ की नियुक्ति संबंधित प्रस्ताव पारित किया गया था। किंतु बाद में विरोध स्वरूप इस फैसले को वापस लेने को मजबूर होना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि 25 मार्च की सदन की आम बैठक में 2888 पदों को स्वीकृत किया गया था। अब इन्हें स्वीकृत करने का निर्णय वापस लेना पड़ा है। इस प्रकार अपने ही निर्णय को वापस लेने से कई प्रकार के सवाल उठ रहे हैं। एक साथ इतने पदों की स्वीकृति देने के मामले में शुरू से ही अधिकारी सवालों के घेरे में थे। इस स्वीकृति के बाद प्रशासन के सेक्रेटरी लोकल गवर्नमेंट की तरफ से भी सवाल उठाये गये थे।

### प्रशासन से लगातार उठ रहे थे सवाल

प्रशासन से इन पदों की स्वीकृति के सदन से पारित प्रस्ताव को प्रशासन के लोकल सेल्फ गवर्नमेंट डिपार्टमेंट की तरफ से मंजूरी की संभावना कम ही लग रही थी। इसके बाद नियम ने ही इस निर्णय को वापस ले लिया। आउटसोर्स स्टाफ को सैंक्शन पदों से कई गुना अधिक रखने पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। इन्हीं सवालों और गलतियों को हमेशा के लिए दफन करने को ही सदन में करीब 2888 पदों की मंजूरी दी गई थी। लेकिन प्रशसनिक दखल ने निगम के अधिकारियों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। इनमें अधिकांश कर्मी ऐसे हैं, जो पूर्व कमिश्नर और चीफ इंजीनियर के कार्यकाल के दौरान रखे गये। ये सभी पद इंजीनियरिंग विभाग के अंतर्गत ही आते हैं।

### पदों की मंजूरी के बाद निकाले गये कर्मचारी

अधिकारी पद स्वीकृत करने और अतिरिक्त कर्मियों को निकालने की प्रक्रिया से स्टाफ को युक्तिसंगत करने की बात कह रहे थे। इस प्रक्रिया के उपरांत इंजीनियरिंग विभाग से 640 कर्मचारियों को निकालने की सूची तैयार की गई, और उनके कांट्रेक्ट आगे नहीं बढ़े। 31 मई तक यह सभी कर्मचारी नौकरी से बाहर हो जायेंगे। अभी तक इनमें से बड़ी संख्या में स्टाफ नौकरी से बाहर भी हो चुका है। स्टाफ की हालत यह है कि निगम को नियमित की सैलरी से अधिक आउटसोर्स की सैलरी पर खर्च करना पड़ रहा है। पैसा नहीं होने से सैलरी भी समय पर नहीं दी जा रही है।

### ऑडिट की आपत्ति का भय

इन पदों की मंजूरी वापस लेने के पीछे कहा जा रहा है कि ऑडिट में इस पर आब्जेक्शन लग जाता। बिना स्वीकृत पद इतने आउटसोर्स कर्मी रखने पर आपत्ति होनी पहले से ही तय है। सभी पद स्वीकृत कर आडिट से बचने का उपाय निगमाधिकारियों ने तैयार किया था। किंतु यह भी नहीं चल पाया। क्योंकि निगम ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन से स्टाफ ऑडिट का काम सौंपा रखा है। अब इस ऑडिट के बाद ही कुछ हो पायेगा। कैटेगरी 24-25 के अंतर्गत रेगुलर कर्मी 2362, डेलीवेजर कर्मी 353, कांट्रेक्ट कर्मी 68, आउटसोर्स 6965, कुल मिलाकर 9748 कर्मचारी हैं।

सम्पादकीय

## ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने लिया बदला, पाक को मिला सबक

आखिरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एवं सेना के तीनों अंगों ने उस इंतकाम को अंजाम दे दिया, जिसकी मांग बीते 15 दिनों से देश में हो रही थी। पहलगाम में निर्दोष नागरिकों की हत्याओं को अंजाम दिलवा कर पाकिस्तान के हुक्मरान यह समझ बैठे थे कि पहले की भांति इस बार भी भारत चुप होकर रह जाएगा। हालांकि उन्हें इसका बखूबी अहसास हो चुका है कि अब देश बदल चुका है, यह मोदी का दौर है। जोकि अपने दुश्मनों को उनके घर में घुस कर मारता है। मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि पाकिस्तान में जो हुआ है, वह इसका सबक है कि वह अपनी काली करतूतों को नहीं रोकता है, उसका आगे क्या हश्र हो सकता है। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में आतंकियों के 9 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक करके न केवल आतंक के गढ़ नष्ट किए हैं, अपितु पाकिस्तान के हुक्मरानों को भी जता दिया है कि उन्होंने कितनी बड़ी हिमाकत पहलगाम में निर्दोष नागरिकों की हत्या करवा कर की थी। इस समय अंतरराष्ट्रीय समाज दोनों देशों से शांति बनाए रखने की अपील कर रहा है, हालांकि पाकिस्तान अपने झूठ को नया रंग देने में जुटा है। वह भारत की अपने ऊपर की गई कार्रवाई को ज्यादती करार देते हुए खुद को निर्दोष ठहराने में लगा है। इस दौरान वह खुद को आतंकवाद पीड़ित बता रहा है। यह भी कितना विचित्र है कि देश के अंदर गृहयुद्ध जैसे हालात झेल रहा पाकिस्तान इसके बावजूद यह मानने को तैयार नहीं है कि वही जम्मू-कश्मीर में आतंकी हरकतों को अंजाम दिलवा रहा है।

> **निश्चित रूप से भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक के जरिये एकबार फिर यह साबित कर दिया है कि उसका साहस और हौसला आसमान से भी विस्तारित है। भारत ने कभी युद्ध नहीं चाहा है, उसकी जनता और सरकार सदैव शांति और समन्वय के रास्ते पर चलती आई हैं। लेकिन अगर किसी का पड़ोसी पाकिस्तान जैसा मुल्क हो तो उसे भी अतिरिक्त रूप से सावधान रहने की जरूरत होती है। भारत के लिए यह चुनौतीपूर्ण है कि उसे अपनी सरहद में शांति और विकास को कायम करना है, लेकिन उसे आतंकवाद से भी लड़ना है।**

निश्चित रूप से भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक के जरिये एकबार फिर यह साबित कर दिया है कि उसका साहस और हौसला आसमान से भी विस्तारित है। भारत ने कभी युद्ध नहीं चाहा है, उसकी जनता और सरकार सदैव शांति और समन्वय के रास्ते पर चलती आई हैं। लेकिन अगर किसी का पड़ोसी पाकिस्तान जैसा मुल्क हो तो उसे भी अतिरिक्त रूप से सावधान रहने की जरूरत होती है। भारत के लिए यह चुनौतीपूर्ण है कि उसे अपनी सरहद में शांति और विकास को कायम करना है, लेकिन उसे आतंकवाद से भी लड़ना है। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को खत्म किए जाने के बाद से पाकिस्तान लगातार इस कोशिश में था कि किस प्रकार वह घाटी में कोई बड़ा कारनामा अंजाम देकर अपनी कुढऩ को बाहर निकाले। कश्मीर घाटी में भारत सरकार की योजना फलीभूत हो रही है, यहां विधानसभा चुनाव हो चुके हैं और जनता विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रही है। लेकिन पाकिस्तान और उसके हुक्मरानों को यह स्वीकार नहीं था। इसी कारण उसने पहलगाम में 26 निर्दोष लोगों का खून बहाकर यह जताने की कोशिश की थी कि वह घाटी में क्या कर सकता है। बेशक इस हमले के आरोपी आतंकी अभी पकड़े नहीं गए हैं, संभव है सेना और सुरक्षा बल उन तक पहुंच चुके हों। लेकिन इस दौरान भारतीय सेनाओं ने जिस प्रकार से अतुलनीय पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को नष्ट किया है, वह यह बताने को काफी है कि पाकिस्तान की हर कायराना, नापाक हरकत को अब मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। इस कार्रवाई के लिए पूरा देश अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पीछे खड़ा है और उनके हाथों को मजबूती प्रदान कर रहा है। निश्चित रूप से यह सामान्य कार्रवाई नहीं है, बीते पंद्रह दिनों के अंदर पूरा देश जिस प्रकार से बैचेन था, उसी बेचैनी को मोदी सरकार ने आतंकियों पर सीधी कार्रवाई करके खत्म किया है। हालांकि अब सिरफिरे पाकिस्तान की ओर से की जाने वाली नापाक हरकत का जवाब देने का समय है। पाकिस्तान एक बदहाल और सिरफिरा मुल्क है, जिसका हर कोना दूसरे से खुद को अलग करने को तैयार है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने संभव है, पाक का स्थायी इलाज सोचा हुआ होगा। वरना ऐसी कार्रवाई को इतना समय नहीं लगना था।

इस सर्जिकल स्ट्राइक को अंजाम देने से पहले और बाद में जिस प्रकार केंद्र सरकार ने वैश्विक स्तर पर समर्थन जुटाया है, वह भी अद्भुत है। यह बदले हुए भारत का दौर है कि वह विश्व में शांति चाहता है, लेकिन अगर दुश्मन के इरादे कुछ और हैं, तो वह उन्हें भी पूरा करने का माद्दा रखता है। भारत आतंकवाद को नष्ट करने को प्रतिबद्ध है और यह तभी होगा जब पाक में आतंक के पनाहगारों को सबक मिलेगा। जाहिर है, इस युद्ध की शुरुआत भारत ने नहीं की है, लेकिन अगर इसकी पहल पाक ने की है तो वह अब बहुत पछताएगा। उसे सबक सिखाने के लिए पूरा भारत एकजुट है। ऑपरेशन सिंदूर देश की उन तमाम वीरांगनाओं को समर्पित है, जिन्होंने बीते समय में और आजकल में अपने सुहाग को पाकिस्तान की नापाक हरकतों की वजह से खोया है। यह उन माताओं, बहनों को भी समर्पित है जोकि अपने पुत्रों, भाइयों को पाक पोषित आतंकवाद की वजह से खो चुकी हैं। ऑपरेशन सिंदूर की लालिमा मां काली के उस रूप का दर्शन कराती है, जोकि शत्रुओं पर काल बनकर टूटता है। -जयहिंद

# बदला हुआ भारत, बदला लेना जानता है




भारत ने इस जवाबी कार्रवाई को नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। इस सैन्य कार्रवाई को केवल रणनीतिक पलटवार नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस स्पष्ट संकल्प की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है, जो उन्होंने हमले के दो दिन बाद बिहार के मधुबनी से दिया था।

24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के मौके पर मधुबनी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम हमले पर गहरा शोक प्रकट किया और देशवासियों से दो मिनट का मौन रखवाया। इसके बाद उन्होंने एक कड़े और प्रतिज्ञाबद्ध स्वर में कहा था– 'मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सज़ा मिलेगी।' बिहार मधुबनी में प्रधानमंत्री का दिया गया बयान अब 'ऑपरेशन सिंदूर' के रूप में धरातल पर उतर चुका है, जिसमें आतंकी नेटवर्क की जड़ें हिलाकर रख दी गई हैं। ऑपरेशन सिंदूर के लिए जिन आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिलाया गया है, उनमें से चार पाकिस्तान में और पांच पीओके में हैं।

पहलगाम में आतंकी हमला कोई पहली घटना नहीं था जिसको पाक का समर्थन प्राप्त था। दशकों से पाकिस्तान में पले–बढ़े और प्रशिक्षित आतंकी भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देते आए हैं। लेकिन हर बार घटना के बाद भारत सरकार का रवैया जबानी जमा खर्च तक रहा। दो चार दिन की बयानबाजी और कागजी कार्रवाई के बाद गाड़ी पुरानी पटरी पर दौड़ती रही। और पाकिस्तान अपनी कारस्तानियों से बाज नहीं आया।

26 नवंबर 2008 की रात, भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई उस समय दहल उठी जब पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने समुद्र के रास्ते शहर में प्रवेश किया। हमले के दौरान, भारतीय सुरक्षा बलों, जिसमें मुंबई पुलिस, एनएसजी और अन्य कमांडो शामिल थे, ने तीन दिनों तक ऑपरेशन चलाया। इस ऑपरेशन में 9 आतंकी मारे गए, लेकिन अजमल कसाब को 27 नवंबर 2008 को जुहू चौपाटी पर जिंदा पकड़ लिया गया। इस हमले में 166 लोग मारे गए, जिनमें 26 विदेशी नागरिक भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए।

तत्कालीन कांग्रेस नीत यूपीए सरकार केंद्र की सत्ता में थी। प्रधानमंत्री थे डॉ. मनमोहन सिंह। इस घटना के बाद तत्कालीन भारत सरकार का रवैया जगजाहिर है। असल में तत्कालीन सत्तासीन दल का पूरा जोर इस बात पर था कि इस हमले में शामिल लोगों को हिंदू साबित किया जाए, जिससे वो हिंदू आतंकवाद की थ्योरी को स्थापित कर सके। गनीमत यह रही कि आतंकी अजमल कसाब जिंदा पकड़ लिया गया। वरना सुरक्षाबलों द्वारा मारे गए आतंकियों के हाथों मे षड्यंत्र पूर्वक बंधे कलावे से ही सरकार हिंदू आतंकवाद की थ्योरी स्थापित करने में सफल हो जाती।

12 मार्च 1993 को मुंबई के विभिन्न इलाकों खासकर हिंदू आबादी बहुल में 13 सिलसिलेवार बम धमाके हुए, जिसमें 257 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई और 700 से ज्यादा निर्दोष नागरिक घायल हो गए। उस समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। पीवी नरसिंह राव देश के प्रधानमंत्री थे। 13 दिसंबर 2001 को, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैय्यबा नामक आतंकवादी संगठनों के पांच आतंकवादियों ने भारत की संसद पर एक घातक हमला किया। इस आतंकी हमले का मुख्य आरोपी मोहम्मद अफजल गुरु था। इस हमले में दिल्ली पुलिस के पांच जवान, एक महिला कांस्टेबल और दो सुरक्षा गार्ड शहीद हो गए।

24 सितंबर 2002... शाम के करीब पौने पांच बजे का समय, ये वो दिन था जब गुजरात के अक्षरधाम मंदिर को आतंकियों ने अपना निशाना बनाया। इस आतंकी हमले में मंदिर परिसर में मौजूद 32 श्रद्धालुओं और 3 सुरक्षाकर्मियों की जान गई थी। आतंकियों ने हथियारों से लैस होकर श्रद्धालुओं को निशाना बनाया था। इस घातक हमले में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकवादियों का संबंध था। आतंकवादियों को एनएसजी कमांडो ने मार गिराया था। संसद और अक्षरधाम हमले के समय देश में भाजपा नीत एनडीए के नेता प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी गठबंधन की सरकार चला रहे थे।

देश में आतंकी घटनाओं की लंबी फेहरिस्त है। चूंकि देश में सबसे ज्यादा लंबे समय तक कांग्रेस का राज रहा है। ऐसे में पाक समर्थित आतंकवाद से निपटने के लिए बयानबाजी और डोजियर भेजने का जो तरीका कांग्रेस की सरकार ने शुरू किया, वो रिवायत 2014 तक जारी रही। हर आतंकी हमले के बाद भारत ने जिस तरह रिएक्ट किया, उससे पूरी दुनिया में यह मैसेज गया कि भारत एक 'सॉफ्ट स्टेट' है। भारत के इस टालू और ठंडे रवैये से पाकिस्तान के हौसले बुलंद हुए। 2004 से 2014 में कांग्रेस नीत यूपीए सरकार के शासन में आतंकियों के हौसले इतने बुलंद थे कि वो जहां चाहते थे आसानी से हमले को अंजाम दे देते थे। उन्हें पता था कि भारत सरकार का रवैया बयानबाजी और कागजी लिखा पढ़ी से ज्यादा कुछ नहीं होगा।

वर्ष 2014 में केंद्र की सत्ता में भाजपा नीत एनडीए सरकार का आगमन हुआ। जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। मोदी सरकार ने सत्ता संभालने के साथ आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करना शुरू किया। जिसका नतीजा यह रहा है कि कश्मीर को छोड़कर देश के किसी हिस्से में आतंकी घटनाओं की खबर सामने नहीं आई। कश्मीर में स्थानीय लोगों की मदद से आतंकियों और उनके सरगनाओं के हौसले बुलंद है। 2019 में धारा 370 को हटाने के बाद घाटी के हालात तेजी से बदले। के बाद से देश में आतंकी घटनाओं का ग्राफ गिरा है।

18 सितंबर 2016 में जम्मू-कश्मीर स्थित उरी भारतीय सेना के ब्रिगेड हेडक्वार्टर पर जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादियों ने सुबह सवेरे घात लगाकर हमला किया। हमले में हमारे कई जवान शहीद हुए। इस हमले के महज 10 दिन बाद भारतीय जवानों ने 28-29 सितंबर की दरम्यानी रात को पीओके में सीमा के भीतर तीन किलोमीटर अंदर तक घुसकर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर डाला। पाकिस्तान को सबक सिखाने का इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता था। जम्मू कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी 2019 की शाम करीब तीन बजे सीआरपीएफ के एक काफिले को श्रीनगर-जम्मू हाईवे पर आतंकी हमला हुआ था। इस हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे। इस हमले का बदला लेने के लिए भारत ने एयर स्ट्राइक का विकल्प चुना था।

इन दो बड़ी घटनाओं के बाद मोदी शासनकाल में पहलगाम घटना सामने आई है। जिसका प्रत्युत्तर मोदी सरकार ऑपरेशन सिंदूर के तौर पर दिया है। चूंकि आतंकियों ने धर्म पूछकर हिंदू पुरुषों की हत्या उनकी पत्नी और परिवार के सामने की। आतंकियों ने हिंदू महिलाओं का सुहाग उजाड़ कर उनके माथे के गौरव सुहाग चिह्न सिंदूर को पोंछने का कुकृत्य किया था। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने नापाक पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए हुए ऑपरेशन का नामकरण सिंदूर रखकर दुनिया को यह संदेश दिया है कि निर्दोष नागरिकों को मारकर सुहाग उजाड़ने और सिंदूर मिटाने वाले ज्यादा दिन सांस नहीं ले पाएंगे।

पहलगाम आतंकी घटना में हुई नृंशसता के बारे में भारत की बेटियों ने रो–रोकर पूरी दुनिया को बताया था। पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने उजाड़ने के बाद भारतीय सैनिकों की वीरता की कहानी भी प्रेस वार्ता के माध्यम से भारत की दो बेटियों कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ही पूरी दुनिया के सामने रखी। इस ऑपरेशन के जरिये भारत ने फिर स्पष्ट किया है कि अब कोई आतंकी हमला बिना जवाब के नहीं जाएगा। यह कार्रवाई सिर्फ एक सैन्य उपलब्धि नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक इच्छा का परिणाम है। प्रधानमंत्री के शब्दों में–अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है।

अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

## पंजाब के लंबित मुद्दों को हल नहीं किया गया तो स्थिति बिगड़ेगी: शर्मा

नई दिल्ली। अखिल भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष कृष्णलाल शर्मा ने सचेत किया है कि पंजाब के मौजूदा स्थिरता के दौर में पहले से लंबित मुद्दों को अगर हल नहीं किया गया तो भविष्य में राज्य की स्थिति पुनः बिगड़ेगी आज यहां एक पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राजीव लौंगोवाल समझौता, राज्यों की सीमा निर्धारण व पानी के बटवारे जैसे विवादोत्सवों लंबित मुद्दों का हल कर लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़े खेद की बात है कि राज्य की लोकसभा की 13 में से 11 सीटों पर व राज्यसभा की सभी सीटों पर कांग्रेसी काबिज है लेकिन इसके बावजूद भी राज्य की जनता की अवाज संसद तक नहीं पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि यदि जालंधर उपचुनावों में भाजपा प्रत्याशी की जीत हुई तो राज्य के लोगों की जोरदार आवाज संसद तक पहुंचाई जाएगी। श्री शर्मा ने निष्पक्ष व निडर प्रणाली की हिमायत करते हुए निर्वाचन आयोग से मांग की है कि प्रत्येक विधानसभा में निर्वाचन आयोग के पर्यवेक्षक तथा संसदीय सीट के लिए डिप्टी इलेक्शन कमीश्नर को वहां भेजा जाए ताकि चुनाव निष्पक्ष हो सके। कालका विधानसभा के उपचुनावों के विवादास्पद मामले पर बोलते हुए कहा कि मौजूदा कानूनी लड़ाई से निर्वाचन आयोग हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के साथ गंभीर विवाद पैदा हो गया है। इसलिए इसके बारे में अभी कुछ भी कहना तर्क संगत नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान न अंतिम निर्णय दे दिया होता तो बेहतर होगा। श्री शर्मा ने यह भी बताया कि गत दिनों जालंधर में मुख्यमंत्री बेअंत सिंह द्वारा अस्पताल बनाए जाने की घोषणा की शिकायत भी वे चुनाव आयोग से करेंगे। उन्होंने बिहार व पंजाब के मुख्य मंत्रियों के विरुद्ध कार्यवाही न करने के लिए निर्वाचन आयोग की आलोचना की।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

| | |
|---|---|
| 1541- | हरनांदो डे सोटो ने मिसीसिपी नदी की खोज की। |
| 1828- | इंटरनेशनल कमेटी ऑफ द रेड क्रॉस (आईसीआरसी) के संस्थापक हेनरी डुनेंट का जन्म। |
| 1847- | रॉबर्ट डब्ल्यू थॉम्पसन ने रबर टायर का पेटेंट कराया। |
| 1871- | ब्रिटेन और अमेरिका के बीच समझौते के बाद अलबामा विवाद समाप्त हुआ। |
| 1886- | कोल्ड ड्रिंक कोकाकोला का उत्पादन शुरु हुआ। |
| 1895- | उड़ीसा के प्रसिद्ध क्रांतिकारी तथा गाँधीवादी कार्यकर्ता गोपबन्धु चौधरी का जन्म। |
| 1899- | भारतीय इतिहास में प्रसिद्ध चापेकर बन्धुओं में से एक वासुदेव चापेकर का निधन। |
| 1915- | भारत के स्वतंत्रता सेनानी अमीर चन्द का निधन। |
| 1921- | स्वीडन ने फांसी की सजा को खत्म किया। |
| 1926- | प्रसिद्ध इतिहासकार तपन राय चौधरी का जन्म। |
| 1929- | भारत की प्रसिद्ध ठुमरी गायिका गिरिजा देवी का जन्म। |
| 1932- | पद्म भूषण से सम्मानित भारतीय राजनीतिज्ञ और लोकसेवी सत्यब्रत मुखर्जी का जन्म। |
| 1933- | महात्मा गांधी ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ 21 दिन का उपवास रखा। |
| 1945- | मित्र राष्ट्रों की सेनाओं के समक्ष जर्मनी का आत्मसमर्पण। |
| 1954- | चंद्रनगर को पश्चिम बंगाल राज्य में शामिल किया गया। |
| 1962- | कलकत्ता (अब कोलकाता) में रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। |
| 1980- | विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेचक के उन्मूलन की घोषणा की। |
| 1982- | प्रसिद्ध मराठी साहित्यकार आत्माराम रावजी देशपांडे का निधन। |
| 1999- | बेलग्राद स्थित चीनी दूतावास पर नाटो द्वारा प्रक्षेपास्त्रों से हमला। |
| 2000- | भारतीय मूल के 69 वर्षीय लॉर्ड स्वराजपाल ब्रिटेन के चौथे सबसे बड़े विश्वविद्यालय ब्रिटिश यूनीवर्सिटी के कुलपति नियुक्त। |
| 2001- | अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य नियंत्रण बोर्ड से भी बाहर। |
| 2002- | पाकिस्तान दौरा रद्द कर न्यूजीलैंड की टीम स्वदेश लौटी। |
| 2004- | श्रीलंका के मुरलीधरन ने 521 विकेट लेकर सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने का रिकार्ड बनाया। |
| 2006- | संयुक्त राज्य अमेरिका पाकिस्तान को आधुनिकतम पारम्परिक शस्त्र प्रणाली देने पर सहमत। |

बोल ब्यूटीफुल

**हैप्पीमोन जैकब:** क्या इससे बड़ा, प्रभावी और दूरगामी कोई और जवाब हो सकता है कि पानी की किल्लत से जूझने वाले देश का पानी ही नियंत्रित कर लिया जाए?



**अखिलेश शर्मा:** यह आवश्यक नहीं कि युद्ध केवल तोप, गोलों, बंदूकों मिसाइलों और टैंकों आदि के जरिये आमने-सामने आकर ही लड़े जाए। ऐसे पारंपरिक युद्ध खर्चीलें और घातक होते है। इनमें जानमाल का ज्यादा नुकसान होता है। दुश्मन की बाहे मरोड़ कर और उसे झुका कर भी बिना खून बहाए युद्ध जीते जा सकते है।

**समीप राजगुरु:** करुण नायर ने कम से कम भारत की वनडे टीम में वापसी का एक बढ़िया अवसर गंवा दिया। लगता है कि ऐसे खिलाड़ी बस घरेलू क्रिकेट के लिए ही बने होते है।

## भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईसी) ने कैथल में क्षमता निर्माण कार्यक्रम का किया आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**कैथल।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईसी), हरियाणा शाखा कार्यालय द्वारा जिला सचिवालय, कैथल में एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के अधिकारियों, विशेषकर महिला एवं बाल विकास विभाग तथा खाद्य सुरक्षा विभाग से जुड़े कार्मिकों को मानकों एवं गुणवत्ता की महत्ता के प्रति जागरूक करना तथा जनकल्याणकारी योजनाओं में उनके प्रभावी उपयोग को प्रोत्साहित करना था।

इस कार्यक्रम का सफल मार्गदर्शन सुश्री प्रीति, आईएएस, उपायुक्त, कैथल द्वारा प्रदान किया गया, जिनके नेतृत्व एवं सहयोग से यह आयोजन प्रभावशाली ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में श्री दीपक बाबूलाल करवा, आईएएस, अतिरिक्त उपायुक्त, कैथल की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सेवाओं की गुणवत्ता सुधार हेतु जमीनी स्तर पर मानकीकरण को अपनाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुँच सके।

कार्यक्रम का प्रारंभ सुश्री आरती चौधरी, मानक संवर्धन अधिकारी, बीआईसी हरियाणा शाखा कार्यालय द्वारा स्वागत भाषण एवं परिचयात्मक प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने चर्चा के प्रमुख विषयों को रेखांकित किया। तकनीकी सत्र का संचालन श्रीमती नविता यादव, वैज्ञानिक-ई एवं निदेशक, बीआईसी हरियाणा शाखा कार्यालय द्वारा किया गया। उन्होंने निम्नलिखित विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

1. भारत में बीआईसी की कार्यप्रणाली एवं भूमिका
2. महिला एवं बाल कल्याण से जुड़े मानक, जैसे- आंगनवाड़ी केंद्रों एवं शिशु देखभाल केंद्रों हेतु सुरक्षा एवं स्वच्छता मानक
3. खाद्य सुरक्षा से संबंधित अनिवार्य मानक तथा इनका सरकारी पोषण योजनाओं एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अनुप्रयोग

प्रतिभागियों को गुणवत्ता जांच में तकनीकी रूप से सशक्त बनाने हेतु 'बीआईसी केयर' मोबाइल ऐप का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया। इसके माध्यम से उपस्थितों को प्रमाणित उत्पादों की पहचान, शिकायत पंजीकरण और उपभोक्ता सूचना प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई गई।

कार्यक्रम का समापन इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। क्ष्ढ्स ने अपनी इस पहल के माध्यम से गुणवत्ता एवं मानकों के प्रति संवेदनशील वातावरण सृजित करने की प्रतिबद्धता दोहराई तथा भविष्य में भी स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया।


## भारतीय डाक ने शुरू की 'ज्ञान पोस्ट' सेवा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** देशभर में ज्ञानवर्धक सामग्रियों के आसान और किफायती प्रसारण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारतीय डाक ने 'ज्ञान पोस्ट' नामक एक नई सेवा की शुरुआत की है। यह सेवा विशेष रूप से शैक्षिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक सामग्री को बहुत ही रियायती दरों पर भेजने के लिए डिज़ाइन की गई है।

'ज्ञान पोस्ट' सेवा भारतीय डाक की उस निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत वह देश के हर कोने तक शिक्षा और जानकारी को पहुँचाने में सहायक बन रही है। यह पहल शिक्षार्थियों, संस्थानों और समाज के सभी वर्गों को सुलभ जानकारी प्रदान करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

यह सेवा 1 मई 2025 से प्रभावी हो चुकी है और अब चंडीगढ़ डिवीजन के सभी डाकघरों में उपलब्ध है। भारतीय डाक, सभी शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों तथा आम नागरिकों से आग्रह करता है कि वे इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं और ज्ञान के प्रसार में सहभागी बनें।






'ज्ञान पोस्ट' सेवा के उपयोग हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) भारतीय डाक की आधिकारिक वेबसाइट www.indiapost.gov.in पर उपलब्ध है।

# हिमाचल प्रदेश के लोग देश और सेना के साथ खड़े: सीएम सुक्खू

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को भारतीय सेना पर गर्व है। भारतीय सेना के तीनों अंगों ने जिस प्रकार से सटीक कार्रवाई की है, उस पर प्रदेशवासी गौरवान्वित हैं। प्रदेश के लोग देश और सेना के साथ खड़े हैं। राज्यवासी देश के साथ खड़े होकर एकता और अखंडता का संदेश दे रहे हैं। सीएम ने बुधवार को बंजार दौरा रद्द कर उच्चस्तरीय बैठक बुलाई।

बैठक के बाद राज्य सचिवालय शिमला में मीडिया से बातचीत में उन्होंने प्रदेश के सीमाई क्षेत्रों में स्कूलों की समीक्षा करने को कहा है। कहा कि उपायुक्तों को स्कूलों में अवकाश के लिए स्थिति के अनुसार फैसला करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी जिलाधीशों को निर्देश जारी किए गए हैं कि वे अपने-अपने जिलों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें। प्रदेश के लोगों ने पहले भी देश के लिए बलिदान दिए हैं। सबसे ज्यादा परमवीर चक्र हिमाचल को मिले हैं। जिस तरह से पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले का जवाब दिया गया है, उसके लिए सभी प्रदेशवासी सेना की इस कार्रवाई के लिए गौरवान्वित हैं।

सुक्खू ने बुधवार को प्रदेश सचिवालय में उच्चस्तरीय बैठक बुलाई। उन्होंने कहा कि बैठक इसलिए बुलाई गई है, क्योंकि हमारा क्षेत्र भी बॉर्डर एरिया में आता है। कोई अनहोनी न हो, उसके लिए प्रशासन जागरूक रहेगा। उन्हें तकनीक के आधार पर इनपुट का इस्तेमाल करने को कहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई दुश्मन देश करता है तो वह कार्रवाई करने को तैयार हैं। कई बार दुश्मन देश की ओर से सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार किए जाते हैं, उस पर भी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादा भीड़भाड़ नहीं हो, इस बारे में निर्देश आए हैं। इसलिए उन्होंने बंजार का दौरा रद्द किया है, क्योंकि वहां पर चार हजार लोग जुट रहे थे।

# शिमला में हुआ ब्लैक आउट

## सायरन बजाकर कर दी हवाई हमले से बचाव की ट्रेनिंग, 2 जगह हुई मॉक ड्रिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** हिमाचल की राजधानी शिमला में आज (7 मई) को सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल हुई। इसमें आम नागरिकों को हवाई हमले से बचने की ट्रेनिंग दी गई। शिमला के संजौली और डीसी ऑफिस परिसर में शाम चार बजे मॉक ड्रिल हुई। इस दौरान हूटर बजाकर लोगों को चतावनी दी गई और उन्हें बताया कि अगर हवाई हमला होता है, तो किस तरह से आप खुद और दूसरों को सुरक्षित रखेंगे। इसके साथ ही उन्हें इसकी ट्रेनिंग दी गई है।

इसी तरह शाम 7.20 बजे से 7.30 बजे तक पूरे शिमला शहर में ब्लैकआउट रहा। सरकार ने इसे लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश व एडवाइजरी जारी की है और इनके पालन का अपील की है। मॉक ड्रिल से पहले शाम 4 बजे 2 मिनट तक जोर से सायरन बजाया गया।

**मॉक ड्रिल का उद्देश्य:** मॉक ड्रिल का उद्देश्य दुश्मन देश द्वारा संभावित हवाई हमले की स्थिति से निपटने के लिए आम नागरिकों को तैयार करना है। हवाई हमले या अन्य खतरों की स्थिति में लोग क्या कर सकते हैं, इसकी जानकारी मॉक ड्रिल के दौरान लोगों को दी जाएगी।

पाकिस्तान से युद्ध की आशंकाओं के बीच यह अभ्यास करवाया जाएगा। इससे पहले 1971 में इस तरह का मॉक ड्रिल करवाया गया था।

**आतंकी हमले के बाद भारत-पाक में तनाव :** जम्मू कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। इस आतंकी हमले में आतंकी फायरिंग में 26 टूरिस्ट मारे गए थे। तब से युद्ध की अटकलें लगाई जा रही है।

**डीसी बोले- प्रशासन की एडवाइजरी का करें पालन :** डीसी शिमला अनुपम कश्यप ने आम नागरिकों से मॉक ड्रिल के दौरान प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन करने की अपील की। उन्होंने बताया, शिमला शहर में मॉक ड्रिल 'ऑपरेशन अभ्यास' शाम चार बजे हुआ। यह अभ्यास डीसी ऑफिस परिसर और संजौली क्षेत्र के पार्किंग में किया।

## न्यूज ब्रीफ

### होम गार्ड की बीमारी से मौत, पुलिस जांच में जुटी

**सोलन (अप्रस)।** सोलन जिला में 6 मई को एक दुखद घटना सामने आई, जिसमें अर्की तहसील के गाय सोईली गांव निवासी 50 वर्षीय चिंतामणि की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। चिंतामणि होम गार्ड अर्की के कंपनी कार्यालय में तैनात थे। पुलिस थाना सदर सोलन को क्षेत्रीय अस्पताल सोलन से सूचना मिली कि अर्की अस्पताल से रेफर किए गए एक मरीज को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया है। पुलिस की टीम तुरंत क्षेत्रीय अस्पताल पहुंची, जहां आपातकालीन कक्ष में चिंतामणि का शव पाया गया। उनके परिजन भी मौके पर मौजूद थे। पुलिस ने मृतक की पहचान चिंतामणि, निवासी गाय सोईली, तहसील अर्की के रूप में की। शव का परिजनों की मौजूदगी में गहन निरीक्षण किया गया, जिसमें शरीर पर किसी भी प्रकार की चोट या खरोंच के निशान नहीं मिले। जांच के दौरान परिजनों के बयान दर्ज किए गए। प्रारंभिक जांच में पता चला कि चिंतामणि पिछले एक वर्ष से शुगर, ब्लड प्रेशर और लिवर की बीमारी से पीड़ित थे और उनका इलाज आईजीएमसी शिमला में चल रहा था। 6 मई को उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद परिजन उन्हें अर्की अस्पताल ले गए। वहां से चिकित्सकों ने उन्हें क्षेत्रीय अस्पताल सोलन रेफर किया, लेकिन वहां पहुंचने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि अभी तक की जांच में चिंतामणि की मृत्यु बीमारी के कारण प्रतीत होती है। परिजनों ने भी उनकी मृत्यु पर किसी प्रकार का शक जाहिर नहीं किया है। फिर भी, पुलिस ने सावधानी बरतते हुए पोस्टमार्टम करवाया और विसरा को रासायनिक परीक्षण के लिए राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, जूंगा भेजने की प्रक्रिया शुरू की। पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया।

### एचआरटीसी बस आधी हवा में अटकी

**मंडी (अप्रस)।** मंडी-पठानकोट नेशनल हाईवे पर देव पब्लिक स्कूल उरला के पास एचआरटीसी के बैजनाथ डिपो की बस अनियंत्रित होकर सड़क से बाहर लुढ़क गई। इससे आधी बस हवा में अटक गई। हादसा बुधवार सुबह 6:00 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार 25 यात्रियों से भरी एचआरटीसी बस नंबर एचपी-53ए 8370 बैजनाथ से राजधानी शिमला रूट पर जा रही थी। हादसे के दौरान मुख्य पट्टे के टूटने की आवाज आई। चालक संदीप कुमार ने सूझबूझ से बस को नियंत्रित करते हुए सड़क के नीचे पेड़ का सहारा लेते हुए रोक लिया। नीचे खेतों में लगभग 100 मीटर की खाई थी। बस जैसे ही सड़क से बाहर हुई, यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। बस को नियंत्रण में लेते हुए चालक संदीप कुमार ने सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकलने को कहा। हादसे की सूचना मिलते ही मंडलीय प्रबंधक उत्तम चंद मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सभी यात्रियों को निगम की वोल्वो बस में सुरक्षित गंतव्य की ओर रवाना किया। हादसे में सभी यात्री बाल-बाल बच गए। बस को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया।



# चंद्रा नदी को ब्यास नदी में मिलाएंगे! 50 फीसदी कम होगा चिनाब का जलस्तर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**कुल्लू।** सिंधु जल संधि निलंबित करने के बाद पाकिस्तान को जाने वाली नदियों का पानी रोकने की कवायद केंद्र सरकार ने शुरू कर दी है। लाहौल से गुजरने वाली चंद्रभागा नदी भी सिंधु नदी में मिलकर पाकिस्तान जाती है। ऐसे में नदी का पानी पाकिस्तान न जाए, इसके लिए चंद्रा नदी को ब्यास नदी में मोड़ने की अटकलें तेज हो गई हैं। इसे लेकर कुल्लू से लेकर लाहौल तक चर्चाएं हैं। विशेषज्ञों का मामना है कि आधुनिक तकनीक के दौर में नदी को मोड़ना बड़ी चुनौती नहीं है।

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के कुंजम दर्रा से होकर जाने वाले ट्रैक पर 14,000 फीट ऊंची चंद्रताल झील से निकलने वाली चंद्रा नदी को डायवर्ट कर ब्यास में लाने की अटकलें हैं। इस योजना से चिनाब नदी का पानी 40 से 50 फीसदी कम होगा। इसे जम्मू-कश्मीर में पड़ने वाले बांधों में रोकना आसान होगा। जिला कुल्लू से लेकर लाहौल के लोगों का कहना है कि चंद्रा नदी को आसानी से ब्यास में मिलाकर पाकिस्तान को झटका दिया जा सकता है। इस योजना को टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) से धरातल पर उतारा जा सकता है।

60 के दशक में ब्यास नदी को मोड़कर सलापड़ में सतलुज नदी में मिलाया गया। आज टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) जैसी तकनीक है। इससे चंद्रा नदी को आसानी से टनल के माध्यम से मोड़ा जा सकता है। आधुनिकता के दौर में इस तरह के कामों को आसानी से अंजाम दिया जा सकता है। - बीएस राणा, सेवानिवृत्त मुख्य अरण्यपाल वन विभाग।

> चंद्रा नदी के पानी को ब्यास में लाना कोई बड़ी चुनौती नहीं है। चंद्रा नदी का पानी ब्यास में लाया जा सकता है। इस योजना से चिनाब का जलस्तर भी आधा रह जाएगा। आधुनिक तकनीक की दुनिया में यह मुश्किल नहीं है।
>
> **देवेश शर्मा, सेवानिवृत अधीक्षक अभियंता जलशक्ति विभाग।**

> सिंधु जल संधि निलंबित होने से पाकिस्तान को पानी नहीं भेजा जाएगा। चंद्रा नदी को ब्यास में मिलाने की इस योजना के बारे में विचार किया जा सकता है।
>
> **गोविंद सिंह ठाकुर, पूर्व मंत्री।**

# अज्ञात लोगों ने भारतीय करंसी के नोट जलाए, पुलिस ने की जांच शुरू



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी बस स्टैंड के पीछे वार्ड नंबर 5 होटल प्रयाग के पास गली में कुछ अज्ञात लोगों ने भारतीय करंसी के नोट जलाए हैं, जिसका ज्वालामुखी पुलिस थाना प्रभारी विजय शर्मा ने कड़ा संज्ञान लेते हुए यहां पर पुलिस टीम को भेजा था ताकि इस मामले की कड़ी जांच की जा सके। उन्होंने कहा कि भारतीय करंसी को इस तरह खुलेआम जलाना अपने आप में एक अपराध है। उन्होंने लोगों के बयान भी दर्ज करवाए है। इस कार्य को अंजाम दिया है उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कल तक गगल एयरपोर्ट नागरिक उड़ानों के लिए बंद

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद सुरक्षा की दृष्टि से कांगड़ा के गगल एयरपोर्ट को नागरिक उड़ानों के लिए बंद कर दिया है।

अब केवल इस एयरपोर्ट का उपयोग आपात स्थिति में भारतीय सेना की ओर से किया जा सकता है। सरकार से प्राप्त निर्देशों के अनुसार 9 मई रात 12 बजे तक इस एयरपोर्ट पर कोई भी नागरिक उड़ान नहीं हो पाएगी। अगर हालात सामान्य रहे तो 10 मई से नियमित नागरिक उड़ानें शुरू हो सकती हैं। वर्तमान में गगल एयरपोर्ट से दिल्ली, चंडीगढ़ और शिमला के लिए कुल 16 उड़ानें होती हैं। धर्मशाला में हो रहे आईपीएल के मैचों और पर्यटन सीजन के चलते कुछ समय से नागरिक उड़ानों में काफी भीड़ है। पूर्व में रोजाना कई पर्यटक हवाई यात्रा कर गगल एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद टैक्सियों से धर्मशाला, मैक्लोडगंज, भागसूनाग, सतोवरी और पालमपुर व इसके आसपास के पर्यटन स्थलों का रुख करते रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद मैदानी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पर्यटक हिमाचल का रुख कर रहे हैं। अब हवाई सेवाएं बंद होने से पर्यटन कारोबार पर भी इसका असर पड़ने की संभावना है। उधर, गगल एयरपोर्ट अथॉरिटी के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि उच्चाधिकारियों से प्राप्त आदेशों के तहत 9 मई रात 12 बजे तक गगल एयरपोर्ट को नागरिक उड़ानों के लिए बंद कर दिया गया है

# सुजानपुर में 19 वर्षीय छात्र का शव नाले में मिला

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**सुजानपुर।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले के सुजानपुर में बुधवार को एक छात्र की लाश नाले में मिली है। मृतक की पहचान कसीरी गांव के लवकेश कुमार (19) के रूप में हुई है। वह 6 मई को दोपहर 3 बजे से लापता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस को बुधवार सुबह सूचना मिली कि लवकेश का शव पुंग खड्ड के पास नाले में पड़ा है। यह स्थान उसके घर से करीब 100 मीटर दूर है। सुजानपुर के एसएचओ राकेश धीमान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**परिवार में माता-पिता और दो बहनें :** लवकेश प्लस टू की परीक्षा के बाद शास्त्री की पढ़ाई कर रहा था। उसके परिवार में माता-पिता और दो बहनें हैं। पिता दिहाड़ी मजदूर हैं और मां गृहिणी हैं। ग्राम पंचायत प्रधान राजेश वर्मा के अनुसार, लापता होने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने उसे खोजने का प्रयास किया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

> **पैर फिसलकर नाले में गिरा**
>
> एसएचओ धीमान ने बताया कि परिजनों के मुताबिक लवकेश अक्सर पहाड़ी से तरंडी (एक सब्जी) तोड़ने जाता था। संभव है कि उसका पैर फिसल गया हो और वह नाले में गिर गया हो। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मौत के सटीक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।

# छात्र ने प्रिंसीपल व शिक्षकों के खिलाफ थाने में की शिकायत




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना।** क्षेत्र के रक्कड़ कालोनी स्थित एक निजी स्कूल के प्रिंसीपल सहित अध्यापिकाओं और स्टाफ के खिलाफ पुलिस थाना ऊना में एफआईआर दर्ज की गई है। यह एफआईआर स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे की शिकायत पर दर्ज की गई है। शिकायत दर्ज करवाते हुए 10वीं कक्षा के छात्र ने आरोप लगाया कि 25 फरवरी, 2025 को उनका रिजल्ट निकाला गया था तथा क्लास टीचर ने प्रिंसीपल के पास रिजल्ट लेने बारे कहा।

प्रिंसीपल ने उसे व माता-पिता को मानसिक तौर पर रिजल्ट को लेकर परेशान किया। इससे पहले 30 नवम्बर, 2024 को अध्यापक ने क्लास में हाजिरी को लेकर थप्पड़ मारा था तथा जातिसूचक शब्द कहे थे। 2 क्लास टीचरों और एक अन्य टीचर ने उसे जातिगत आधार पर बेइज्जत किया जबकि 5 मई, 2025 को भी क्लास टीचर ने उसे नोट बुक को लेकर थप्पड़ मारे और जाति के नाम से बुरा भला कहा। एसपी राकेश सिंह ने कहा कि इस संबंध में प्रिंसीपल, अध्यापक व अध्यापिकाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# एलपीजी में घोटाला: 95 सिलिंडरों में डेढ़ किलो तक कम निकली गैस, ट्रक कब्जे में लिया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में उपभोक्ताओं के घरेलू गैस सिलिंडर की सप्लाई में बड़ा गड़बड़झाला सामने आया है। बद्दी प्लांट से ठियोग में भेजी गैस सिलिंडरों में निर्धारित वजन के मुकाबले करीब डेढ़ किलो गैस कम निकली।

खाद्य विभाग ने एक दिन पहले गैस एजेंसी को दस प्रतिशत सिलेंडर तौलने के निर्देश दिए थे। अब गैस सिलिंडरों को तौलने पर सनसनीखेज खुलासा हुआ है। जांच के मुताबिक 95 घरेलू गैस सिलिंडरों में 14.2 किलोग्राम के मुकाबले करीब 12.7 किलोग्राम गैस पाई गई। जिला नियंत्रक ने कार्रवाई करते हुए ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

बद्दी प्लांट से 324 गैस सिलिंडरों की सप्लाई लेकर ट्रक राज्य नागरिक आपूर्ति निगम ठियोग पहुंचा। इस दौरान जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले को सूचना मिली कि एक ट्रक में गैस सिलिंडरों में गैस कम है। लिहाजा विभाग ने मौके पर एजेंसी को निर्देश दिए कि वह गैस सिलिंडरों को तौले। इसके बाद एजेंसी ने जब इन सिलिंडरों को तौलना शुरू किया तो अधिकारी अचंभित रह गए।

सिलिंडरों में वजन से कम गैस पाई गई। इस पर अधिकारियों का शक और गहराया और उन्होंने अन्य गैस सिलिंडरों की भी जांच की। इसमें एक के बाद एक करीब 95 गैस सिलिंडरों में गैस कम पाई गई। इन गैस सिलिंडरों की सप्लाई ठियोग समेत आसपास के इलाकों में की जानी थी। उधर सिलिंडर में कैसे गैस कम हुई, इस बारे में आगामी जांच में इसका खुलासा होगा।

> **नियमानुसार होगी कार्रवाई**
>
> बद्दी प्लांट से सप्लाई लेकर आए ट्रक को सीज कर दिया। वहीं दो इंस्पेक्टर की इस मामले की जांच को लेकर ड्यूटी लगा दी है। नियमों के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी
>
> **नरेंद्र धीमान, जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले।**

# राजभवन में मनाया गया विश्व रेडक्रॉस दिवस



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** राजभवन में आज विश्व रेडक्रॉस दिवस की पूर्व संध्या पर राज्य रेडक्रॉस सोसायटी और हिमाचल प्रदेश रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने राज्यपाल एवं हिमाचल प्रदेश रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष शिव प्रताप शुक्ल तथा लेडी गवर्नर एवं प्रदेश रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्षा जानकी शुक्ला को रेडक्रॉस फ्लैग लगाए। इस वर्ष विश्व रेडक्रॉस दिवस का विषय 'मानवता को जीवित रखना है' जो हमें यह संदेश देता है कि जरूरतमदों और पीड़ितों की मदद करना न केवल एक सामाजिक दायित्व है बल्कि हमारी मानवीय संवेदना का प्रमाण भी है। राज्यपाल ने रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा वैश्विक स्तर पर किए जा रहे सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह संगठन पीड़ित मानवता के लिए आशा की किरण है। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि रेडक्रॉस सोसाइटी भविष्य में भी इसी तरह सेवा और समर्पण की भावना से कार्य करती रहेगी और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# विवाह की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी में लापरवाही बरतने पर फोटोग्राफर को जुर्माना

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**धर्मशाला।** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, कांगड़ा के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा व सदस्य आरती सूद व नारायण ठाकुर की अदालत ने विवाह समारोह की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी में लापरवाही बरतने पर एक फोटोग्राफर को कुल 80,000 रुपए का जुर्माना अदा करने का आदेश दिया है। इसमें 9 प्रतिशत ब्याज सहित उपभोक्ता को 60,000 रुपए का भुगतान 30 दिन के भीतर लौटाने के आदेश जारी किए हैं। साथ ही मानसिक प्रताड़ना व मुकद्दमेबाजी के तौर पर 10-10 हजार रुपए लौटाने के भी आदेश जारी किए हैं। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्त्ता महिला ने बताया कि उन्होंने जुलाई 2022 में हुई अपनी शादी और जून 2022 में आयोजित रिसैप्शन की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के लिए एक फोटोग्राफर को 60,000 रुपए की राशि में सेवा प्रदान करने के लिए नियुक्त किया था। भुगतान की पूरी राशि नकद और ऑनलाइन माध्यम से दी गई थी, लेकिन फोटोग्राफर द्वारा समय पर वीडियो और फोटो नहीं दिए गए। जबकि चीजें उपलब्ध करवाई थीं, उसके संपादन में भी गलतियां पाई गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान फोटोग्राफर पेश नहीं हुआ, जिससे उसे आयोग ने एकतरफा करार दिया। मामले की पुष्टि के लिए एक लोक आयुक्त की नियुक्ति भी की गई, जिनकी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से बताया गया कि वीडियो में अनेक जगहों पर डबल साऊंड, अनुचित संगीत चयन, खराब एडिटिंग और कई हिस्सों में ऑडियो गायब था। इस आधार पर आयोग द्वारा उपरोक्त फैसला लिया गया है।

# उदयपुर का भीम सेतु राष्ट्र को समर्पित

केंद्रीय रक्षा मंत्री ने किया उदघाटन

राज्यपाल ने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा



**शाहतलाई** । राज्यपाल श्री शिव प्रताप शुक्ल ने हिमाचल प्रदेश के लाहुल स्पिति जिला के उदयपुर में सड़क संगठन (बी.आर.ओ.) द्वारा निर्मित डबल लाइन पुल के लोकार्पण के लिये केंद्रीय रक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया है।

सड़क संगठन (बी.आर.ओ.) के 66वें स्थापना दिवस के अवसर पर बी.आर.ओ मुख्यालय नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राज नाथ सिंह बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री शिव प्रताप शुक्ल बिलासपुर से वर्चुअल तौर पर जुड़े।

इस अवसर पर, देश भर में 50 विभिन्न अधोसंरचना परियोजनाओं को देश को समर्पित किया गया, जिनमें सड़क और पुल शामिल हैं। केंद्रीय रक्षा मंत्री ने इन परियोजनाओं का उदघाटन किया, जिनमें हिमाचल प्रदेश के लाहुल स्पिति जिला के उदयपुर में निर्मित डबल लाइन पुल भी शामिल है। यह पल 4 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से तैयार किया गया है। इस पुल का निर्माण कार्य 20 फरवरी 2023 में शुरू हुआ और 17 जनवरी 2025 में समाप्त हुआ।

इस अवसर पर, राज्यपाल ने कहा कि यह पुल सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। पहले यहां पर एक आरसीसी भीम सेतु हुआ करता था, जो 9 मीटर लंबा और 5 मीटर चौड़ा था, और इसकी लोड क्षमता मात्र 18 'आर' थी। उन्होंने कहा कि इस सेतु के कारण बड़े वाहनों की आवाजाही में दिक्कतें होती थीं, जिससे स्थानीय लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए नया भीम सेतु तैयार किया है, जिसकी लंबाई 21 मीटर और चौड़ाई 10 मीटर है, और इसकी भार क्षमता 70 'आर' है।

राज्यपाल ने कहा, ÷मैं इस शानदार उपलब्धि के लिए प्रोजेक्ट दीपक/38 सीमा सड़क कृतिक बल और 94 सड़क निर्माण इकाई के सभी रैंकों को बधाई देता हूँ। मुख्य अभियंता परियोजना दीपक की ओर से, 94 सड़क निर्माण इकाई के सभी रैंक और श्रमिकों के प्रति अपनी प्रशंसा और आभार व्यक्त करता हूँ।÷

इससे पूर्व, बिलासपुर के उपायुक्त श्री राहुल कुमार ने राज्यपाल का स्वागत किया।

राज्यपाल से सचिव सी.पी.वर्मा, पुलिस अधीक्षक संदीप धवल, प्रोजेक्ट दीपक के चीफ इंजीनियर राजीव कुमार, जिला प्रशासन और सीमा सड़क संगठन के अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# भारतीय सेना ने हर बार माताओं की कोख, बहनों की कलाई, और उनके माथे के सिंदूर की रक्षा की है: दीपा दुबे



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** आज पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपा दुबे ने कहा कि भारत, भारतीयों और भारतीय सेना ने कभी भी अपने देश में किसी भी प्रकार के आतंकवाद और अलगाववाद को बर्दाश्त नहीं किया है और ना ही कभी करेंगे ।

दुबे ने कहा की भारतीय सेना ने हर बार माताओं की कोख, बहनों की कलाई, और उनके माथे के सिंदूर की रक्षा की है।

उन्होंने आगे कहा कि हम सत्य, अहिंसा और शांति को मानने वाले लोग है। हम भारतीय कभी गलत नहीं करते लेकिन अगर कोई हमारे साथ गलत करता है तो फिर हम सहते नहीं। आतंकवाद को पोसने वाले लोग यदि हमारी एकता, अखंडता और संप्रभुता पर प्रहार करेंगे तो हमें एकजुट होकर मुँह तोड़ जवाब देना आता है। आतंकवाद के विरुद्ध इस लड़ाई में 140 करोड़ भारतवासी भारतीय सेना और सरकार के साथ कंधे से कंधे मिलाकर खड़े है।

देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। हमारी सेना पर हमें अत्यंत गर्व है हमारे बहादुर जवानों हमारी स्वतंत्रता और अखंडता को सुरक्षित रखते हैं भगवान उनकी रक्षा करें और उन्हें धैर्य और वीरता से चुनौतियों का सामना करने की अपार हिम्मत दे।

# बिलासपुर में जिला परिषद वार्डों के परिसीमन का कार्य प्रारंभ: राहुल कुमार

आपत्तियां दर्ज करवाने की अंतिम तिथि 13 मई 2025

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा

**शाहतलाई।** जिला बिलासपुर में जिला परिषद के वार्डों के परिसीमन का कार्य प्रारंभ हो गया है, जिसे 31 मई 2025 या उससे पूर्व पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।

उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन) संशोधित नियम, 2025 के प्रावधानानुसार जिला परिषद बिलासपुर के 14 वार्डों का सीमांकन कर प्रारूप अधिसूचना जारी की गई है। यदि इस प्रारूप अधिसूचना पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति या आक्षेप हो, तो वह अपनी आपत्ति 13 मई 2025 तक लिखित रूप में उपायुक्त कार्यालय या जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय, बिलासपुर में व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात अंतिम अधिसूचना प्रकाशित की जाएगी। पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायतों के वार्डों के परिसीमन कार्य के लिए उपायुक्त द्वारा खण्ड विकास अधिकारी सदर, घुमारवीं, झण्डूता एवं श्री नैनादेवी जी को अधिकृत किया गया है। संबंधित खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायतों के वार्डों का सीमांकन कर प्रारूप अधिसूचना जारी की जाएगी। अधिसूचना जारी होने के उपरांत, यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति या सुझाव हो तो वह इसे एक सप्ताह के भीतर संबंधित खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में सीधे या पंचायत सचिव के माध्यम से लिखित में प्रस्तुत कर सकता है।

**प्रस्तावित वार्डवार परिसीमन विवरण इस प्रकार है:-**

**वार्ड 1 हटवाड़-** भपराल, लञ्झयाणा, कोट हटवाड़ बम, पनलेहड़ा, घण्डलवी, सहराणा सलौआं-उपरी, हम्कोट, लेहड़ी-सरसेड़, बराटो, तड़ौन, गाहर।

**वार्ड 2 हुंगर-** डंगार, पदयालग, दधोल, सैह, कसारू, मरोली करसोगी, छत, रणधयार, पललाह, पललवाह, कोटले-ब्रामणी, पट्टा, बाड़ी-मझेवर, कांफटा।

**वार्ड 3 कुटहेड़ा-** मेहड़ीङ्ककालवा, लदराड़, तलवाड़ा, पटेर, कुटहेड़ा, मोरसिंगी, दाबला, कोठी, तिनयाणा, भुलवाणी, डंगसी, तुल्हारा, भुमाण, काथला, बाड़ी, कोठी, दयोल।

**वार्ड 4 ननावां-** बरमाणा, कुसमुंड, सरयूंखास, ननावां, मटयार, रोहिण, बल्हचुराणी, ओहर, अमरपुर, पनोह, अमझर, अवरीङ्कखलीणी, फटोह, पनोह, तलयाणा।

**वार्ड 5 बरठीं-** बरठीं, बल्हा, मलांगणु, चंदरू, बलसीणा, दसलेहड़ा, झबोला, नंधियार, कसारसी, बड़ांगणा-रत्तू।

**वार्ड 6 बड़ागांव-** रोहल, गालियां, बेहना-जट्टा, बामटा, झबोला, बलघार, समाह, निहाल, सुरहणू, बड़ागांव।

**वार्ड 7 जेजवीं-** भंजलीकलां, कुहलास्यां, कलोल, बुड़ियां, मलखाओं, जजवीं, पपलाहा, सतलोह, धणी, धारनु, सीनियां।

**वार्ड 8 बेहना-जट्टा-** विजयनगर, जौलान, नम्होलखड्डु, उम्मली, डबरी, बेहना-जट्टा, हीरापुर, बैरीराजा, दाड़ी-भोंसड़, झब्ब, गड्डुखड्डु।

**वार्ड 9 बामटा-** कंदरौर, बेमला-ब्रामणी, निवाली-मटेड, चांदपुर, बल्ह-बलवाना, कुड्डी, बमटा, ओलिंड, रघुनाथपुरा, नौली, बिनोला, नोउ, सिहड़ा।

**वार्ड 10 बरमाणा-** बरमाणा, पंजगाई, हरनोड़ा, धोणकोठी, जमथल, धार-टटोह, सोलग-जुरासी, दरोगबड़, दयौली, बैरी रजादियां।

**वार्ड 11 नम्होल-** सुरई-सुरहाड़, बाडनू-दिगथली, डोबा, रानीकोठला, भोली, साई-खारसी, सोलधा, छकोह, मल्याखर, सिकोह, पजेल-खुर्द, नम्होल, ग्याल।

**वार्ड 12 जुंखाला-** कोटला, निहारखण-बासला, जुंखाला, माकड़ी-मारकं, बंदला, कोटिपुरा, राजपुरा, दयोथ, मैहथी, कल्लर, स्थोहला, छड़ोल, कवौल्ली।

**वार्ड 13 स्वाहण-** तनबौल, टाली, कुटेहला, री, स्वाहण, बैहल, मण्डयाली, नकराणा, टरवाड़, कौंडावाला, धरोटे।

**वार्ड 14 कोटखास-** कोटखास, घगवडल, सलौआ, माकड़ी, भाखड़ा, रोजजामन, तरसूह, गवालथाई, लेहड़ी, डबट, मजारी, कोलावालांङ्कटोबा, बसी, खड़कड़ी।

# प्रधानमंत्री ने कहा था आतंकवाद पर बड़ा हमला होगा और हुआ : बिंदल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नाहन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व में जिस मजबूती के साथ देश खड़ा हुआ, दुनिया के अंदर पाकिस्तान को अलग-थलग किया गया और सेनाओं को पूर्ण स्वतंत्रता देते हुए इस आतंकवादी घटना का बदला लेने के लिए एक दृढ़ निश्चय किया और उसका परिणाम मध्य रात्रि में ऑपरेशन सिंदूर के रूप में निकलकर आया। हम इस महान व्यक्तित्व को बहुत-बहुत धन्यवाद देते हैं जिन्होनें देश की रक्षा के लिए, देश के मान-सम्मान के लिए दुनिया को साथ लेकर पाकिस्तान के साथ, पाकिस्तान के आतंकवाद के साथ लोहा लिया है। उन्होनें देश की तीनों सेनाओं को भी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं दी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद पर बड़ा हमला होगा और हुआ, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने धर्म पूछकर सिर्फ पुरुषों को मारा था। इस आतंकी हमले में कई महिलाओं ने अपने पतियों को खो दिया। क्रूर आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारत ने 15 दिन बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले (पीओजेके) में नौ आतंकी शिविरों पर सटीक हमले कर नेस्तनाबूद कर दिया। भारतीय सशस्त्र बलों ने इस ऑपरेशन को %ऑपरेशन सिंदूर% नाम दिया है। ये उन महिलाओं का प्रतीक है, जिन्होंने आतंकी हमले में अपने पतियों को खोया है।

उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम की बायसरन घाटी में आतंकियों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर पर्यटकों की हत्या कर दी थी। इस हमले में 25 भारतीय और एक नेपाली युवक की मौत हो गई थी। हमले के दौरान आतंकियों ने धर्म पूछकर सिर्फ पुरुषों को मारा था। भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए सिंधु जल संधि के निलंबन से लेकर पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने तक कई पाबंदियां लगाई।

# उपायुक्त के सड़क सुरक्षा नियमों को सख्ती से लागू करने के निर्देश



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना।** जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक बुधवार को उपायुक्त ऊना जतिन लाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान उपायुक्त ने जिला में सड़क सुरक्षा नियमों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही ओवर स्पीड और लापरवाही से वाहन चलाने वालों के साथ सख्ती से निपटने को कहा ताकि दुर्घटनाओं पर काबू पाया जा सके। जतिन लाल ने जिले में सड़कों को सुरक्षित, अतिक्रमण मुक्त तथा यातायात को जोखिम रहित बनाने के लिए एकीकृत दृष्टिकोण से काम करने को कहा। उन्होंने दुर्घनाओं में कमी लाने के लिए संबंधित विभागों को पूर्व सुधारात्मक कदम उठाने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएच विभाग और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में शॉर्प टर्न स्थलों सहित रोड़ किनारे स्थित शिक्षण संस्थानों और अस्पतालों के समीप स्पीड ब्रेकर, जेबरा क्रॉसिंग और अन्य सुरक्षा सांकेतिक बोर्ड लगाए जाएं ताकि यातायात में सुगमता बनी रहे और संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के इलेक्ट्रिक विंग को डीसी कार्यालय के समीप ओल्ड होशियारपुर रोड़ पर ट्रैफिक लाईट लगाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने ओल्ड होशियारपुर पर सड़क किनारे स्थित ओपन नालों को कवर करने को कहा ताकि कोई अप्रिय दुर्घटना न हो।

**ब्लैक स्पॉट सुधारने और रोड़ सेफ्टी प्लॉन तैयार करने के निर्देश**

उपायुक्त ने सभी उपमंडलाधिकारियों को अपने क्षेत्राधिकार में दुर्घटना संभावित स्थलों एवं ब्लैक स्पॉट की पहचान करके उन्हें सुधारने तथा संबंधित अधिकारियों के साथ रोड़ सेफ्टी प्लॉन तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर दुर्घटना संभावित स्थलों पर आवश्यकता अनुसार सीसीटीवी कैमरे तथा क्रैश बैरियर, पैरापेट, लाइट रिफ्लेक्टर और स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को अगली बैठक में सुधार कार्यों की रिपोर्ट लेकर आने को कहा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर, एसडीएम हरोली विशाल शर्मा, एसडीएम अंब सचिन शर्मा, आरटीओ ऊना अशोक कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### शुभम और शौर्य का जोरदार स्वागत



**नेरचौक (अप्रस)।** युनिवर्सल मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल कनेड के दो खिलाड़ी शुभम पटियाल, शौर्य चौहान ने अंडर-19 राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। वही इस से पहले शुभम पटियाल ने ओपन राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी2024 में भाग लिया था। इस उपलब्धि के लिए उनका स्कूल प्रांगण में मंगलवार को भव्य स्वागत किया गया। श्री अरुण चौहान इस अवसर पर उपस्थित रहे उन्होने खिलाडियों को इस उपलब्धि के लिए बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाए दी। विद्यार्थियों को खेलों के महत्व के बारे में अवगत करावाया और नशा और नशा गिरोह से बचने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के चेयरमैन, प्रिंसिपल, व समस्त स्टाफ ने शुभम पटियाल, शौर्य चौहान के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### ऊना में लगेगा रक्तदान शिविर

**ऊना (अप्रस)।** विश्व रेड क्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में जिला रेड क्रॉस सोसाइटी ऊना द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से 8 मई को प्रातः 11 बजे क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ उपायुक्त जतिन लाल करेंगे। जिला रेड क्रॉस सोसाइटी ऊना के सचिव एवं सीपीओ ऊना संजय सांख्यान ने जानकारी दी कि यह शिविर सेवा और परोपकार की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने सभी स्वैच्छिक रक्तदाताओं से आग्रह किया है कि वे बढ़-चढ़कर इस पुनीत कार्य में भाग लें और रक्तदान के माध्यम से जीवन रक्षा के इस महान प्रयास में सहभागी बनें। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर के उपरांत, रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से देहलां स्थित आश्रय स्कूल के विशेष बच्चों को यूनिफॉर्म अन्य उपयोगी सामग्री का वितरण किया जाएगा।

### माऊंट कार्मल स्कूल के प्रधानाचार्य इब्राहिम सहित छह पर मामला दर्ज

**ऊना (अप्रस)।** रक्कड़ कॉलोनी स्थित माऊंट कार्मल स्कूल के प्रधानाचार्य इब्राहिम सहित शिक्षकों पर दसवीं कक्षा के छात्र ने थप्पड मारने व जातिसूचक शब्द कहने का आरोप लगाया है। पुलिस ने छात्र की शिकायत पर प्रधानाचार्य सहित छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में छात्र का आरोप है कि बीती 25 फरवरी को स्कूल का परिणाम घोषित हुआ था। लेकिन क्लास टीचर ने प्रिंसीपल के पास परिणाम देने की बात कही। आरोप है प्रधानाचार्य ने परिणाम को लेकर मुझे व मेरे परिजनों को मानसिक तौर पर परेशान किया। छात्र ने बताया कि इतना ही नहीं पिछले वर्ष नवंबर माह में अध्यापक अखिल ने क्लास में हाजिरी को लेकर थप्पर मारा था। साथ ही जातिसूचक शब्द भी कहे थे। इसके अलावा अन्य महक, कलास टीचर मीनाक्षी तथा सीमा मिश्रा ने भी नीच जाति को लेकर बातें की। छात्र का कहना है कि दो दिन पहले क्लास टीचर महक ने नोट बुक को लेकर थप्पर मारे और जाति को लेकर बुरा भला कहा। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने छात्र की शिकायत पर प्रधानाचार्य सहित शिक्षकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# 25 मिनट के ऑपरेशन सिंदूर में 24 मिसाइलों के जरिए नौ आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया: हर्ष महाजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** भाजपा के राज्य सभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा भारतीय सेवा ने जिस प्रकार से आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया उसके लिए केंद्र सरकार व सेना को शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि जवाब मिलेगा और करार मिलेगा और इस एक्शन से जवाब मिला है और करार मिला है।

उन्होंने कहा कि 6 से 7 मई की दरमियानी रात को 1ः05 बजे से लेकर 1.30 बजे तक सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। 25 मिनट के इस ऑपरेशन में 24 मिसाइलों के जरिए नौ आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया गया। इन नौ ठिकानों में से पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में थे, वहीं चार पाकिस्तान में थे। इन ठिकानों में आतंकियों को भर्ती किया जाता था। उन्हें प्रशिक्षित किया जाता था। उनके दिमाग में जहर भरा जाता था। ऑपरेशन सिंदूर में यह खास ध्यान रखा गया कि पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों, रिहाइशी इलाकों और आम नागरिकों को नुकसान न पहुंचे।

उन्होंने कहा कि ठिकाने वो उड़ाए जिसमें आतंकी थे। जिन आतंकवादी संगठनों ने भारत को चुनौती दी थी उनके घर में जाकर उनको मारा। पहला ठिकाना सवाई नाला कैम्प, मुजफ्फराबाद, पीओके जो कि नियंत्रण रेखा से 30 किमी दूर था और किसका कैम्प था लश्कर-ए-तैयबा का जिसमें 2024 में सोनगर्म और गुलमर्ग में हुए आतंकी हमलों के साथ-साथ पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को पर्यटकों पर हुए हमले को अंजाम देने आए आतंकियों ने इसी शिविर में प्रशिक्षण लिया था। यह आतंकी शिविर 2000 में शुरू हुआ था। पाकिस्तान की फौज और आईएसआई के अफसर अक्सर यहां आते थे। दूसरा मरकज सैयदना बिलाल कैम्प, मुजफ्फराबाद, पीओके में किसका कैम्प था जैश-ए-मोहम्मद का जिसमें यहां हथियार, विस्फोटक रखे जाते थे। यहां आतंकियों को घने जंगलों में जिंदा रहने का प्रशिक्षण दिया जाता था। पाकिस्तानी सेना का स्पेशल सर्विसेस ग्रुप यहां पर आतंकियों को ट्रेनिंग देने आता था।

तीसरा गुलपुर कैम्प, कोटली, पीओके में जो नियंत्रण रेखा से 30 किमी दूर था, किसका कैम्प था लश्कर-ए-तैयबा का जहां राजौरी और पुंछ में सक्रिय आतंकी इसी कैम्प से प्रशिक्षण प्राप्त करते थे।

**पहलगाम के गुनहगारों को सजा देने का वादा पूराः अनुराग**

**नई दिल्ली/ हिमाचल प्रदेश।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोक सभा क्षेत्र से सांसद श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तानी सीमा के अंदर आतंकी ठिकानों को नष्ट करने वाले ऑपरेशन सिंदूर की अपार सफलता पर कहा कि भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगारों को सजा देने का वादा पूरा कर पूरे देश को गर्व से भर दिया है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा 'ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने एक बार फिर दिखा दिया कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत अपनी संप्रभुता, निजता, एकता व किसी भी भारत विरोधी गतिविधियों का मुंहतोड़ जवाब देना जानता है और नये भारत की ऊर्जावान व भारतीय सेना ईंट का जवाब पत्थर से देने में सक्षम है। कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा बेक़सूर नागरिकों की निर्मम हत्या कर भारत की बेटियों-बहनों का सुहाग उजाड़ने की घटना ने 140 करोड़ भारतीयों को झकझोर दिया था। आज भारतीय सेना ने पाकिस्तान की सीमा के अंदर चल रहे आतंकी ट्रेनिंग कैंपों और उनके ठिकानों को ऑपरेशन सिंदूर के अन्तर्गत नेस्तनाबूद कर पूरे देश को गर्व से भर दिया है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से आतंक के आकाओं को मिट्टी में मिलाने, पहलगाम के गुनहगारों को चुन-चुन कर सजा देने का वादा पूरा हुआ' अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा 'पिछले 11 वर्षों में सरकार के गठन के समय से ही आतंकवाद के ख़िलाफ़ मोदी सरकार की नीति ज़ीरो टॉलरेंस की रही है। कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने साफ शब्दों में कहा था कि पहलगाम हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी और भारत धरती के हर कोने में आतंकीयों का पीछा कर हर आतंकवादी और उसके समर्थकों को

आतंक के आकाओं को मिलाया मिट्टी में

# वन संरक्षण के लिए 58 वन मित्रों ने पूरा किया प्रशिक्षण



अर्थ प्रकाश /सुभाग सचदेवा

**गोहर।** वन विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय वन मित्र प्रशिक्षण शिविर का समापन वन मंडल नाचन में हुआ। इस मौके पर आयोजित समारोह में 58 वन मित्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इनमें 37 महिलाएं और 21 पुरुष शामिल रहे। जिन्हें मंडी वन मंडल की 58 बीटों में कार्यरत किया जाएगा। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में पद्मश्री नेक राम शर्मा और ब्रह्मकुमारी संस्था की प्रियंका ने शिरकत की। दोनों ने वन मित्रों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वन मित्र न केवल वन विभाग के सहयोगी होंगे। बल्कि ग्रामीण समाज में हरित जागरूकता के वाहक भी बनेंगे। कमांडेंट पंडोह, बॉटनी प्रवक्ता, बासा कॉलेज, तथा वन परिक्षेत्राधिकारी दिव्यांशु ठाकुर और महेंद्र कुमार ने प्रशिक्षण के दौरान वन मित्रों को विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जंगलों में आगजनी की घटनाओं से निपटना, वन्यजीवों की सुरक्षा, स्थानीय समुदाय की भागीदारी और प्राथमिक उपचार जैसे अहम विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। समापन अवसर पर डीएफओ नाचन एसएस कश्यप ने प्रशिक्षण पूरा करने वाले वन मित्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वन संरक्षण और संवर्धन की दिशा में ये प्रशिक्षित युवा नई ऊर्जा का संचार करेंगे। उन्होंने जंगलों की सुरक्षा और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए आवश्यक टिप्स भी साझा किए। वन विभाग के अनुसार ये 58 वन मित्र नाचन वन मंडल की विभिन्न बीटों में सेवाएं देंगे

नाचन- 19 बीट, सराज- 15 बीट

थाची- 14 बीट, पंडोह- 10 बीट

इन वन मित्रों को विभागीय कार्यों में सहायता के साथ-साथ जंगलों में निगरानी, स्थानीय लोगों से संवाद और समय पर आपात स्थिति में प्रतिक्रिया जैसे कार्यों की जिम्मेदारी दी जाएगी।

# प्रोफेशनल्स ने चंडीगढ़ में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के तहत क्षेत्रीय निदेशक कार्यालय की मांग की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** उत्तर भारत के प्रोफेशनल्स और कॉर्पोरेट स्टेकहोल्डर्स ने भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) से संयुक्त रूप से चंडीगढ़ में एक क्षेत्रीय निदेशक कार्यालय स्थापित करने की अपील की है। लंबे समय से इसकी मांग की जा रही है कि चंडीगढ़ में क्षेत्रीय निदेशक कार्यलय बनने से पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़, लद्दाख और जम्मू और कश्मीर के बिजनेस और रेगुलेटरी एन्वायरमेंट को बड़ा लाभ मिलेगा। यह कार्यालय कंपनीज एक्ट के तहत आफेंसेज की कंपाउंडिंग, विलय व पुनर्गठन की स्वीकृति तथा न्यायनिर्णयन प्रक्रियाओं जैसे विषयों को देखेगा। इससे प्रशासनिक दक्षता में सुधार होगा और व्यावसायिक संचालन अधिक सुगम होगा।

इस पहल के प्रमुख सूत्रधार सीएस राहुल जोगी ने कहा कि चंडीगढ़ में क्षेत्रीय निदेशक कार्यालय की स्थापना पेशेवरों, विशेष रूप से कंपनी सेक्रेट्रीज के लिए असीम संभावनाएं खोलेगी। यह कार्यालय विलयों, आफेंसेज की कंपाउंडिंग और न्यायिक अधिकार क्षेत्र के साथ, क्षेत्रीय व्यावसायिक और कॉर्पोरेट परिवेश को उल्लेखनीय रूप से समृद्ध करेगा। इस मांग को और अधिक बल देते हुए, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने भी इस संबंध में एक औपचारिक प्रस्तुति मंत्रालय को दी है।

# डिप्टी मेयर तरुणा मेहता ने आर्थिक तौर पर वंचित महिलाओं और लड़कियों को सैनिटरी पैड किए वितरित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** शहर की स्वयंसेवी संस्था युवसत्ता और चंडीगढ़ स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी की ओर से सेक्टर 26 स्थित बापूधाम कॉलोनी के गुरुद्वारे में आयोजित 'मेंस्ट्रुअल हाइजीन अवेयरनेस प्रोग्राम' में डिप्टी मेयर तरुणा मेहता ने चंडीगढ़ के सेक्टर 26 स्थित बापूधाम कॉलोनी की 150 आर्थिक तौर पर वंचित महिलाओं और लड़कियों को सैनिटरी पैड वितरित किए। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में चंडीगढ़ स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी (सीएसएसीएस) की असिसटेंट डॉयरेक्टर (एसआई) डॉ. पूनम बख्शी, डॉ. नितिका चंदेल, जीएमएसएच, सेक्टर 16, चंडीगढ़ के रोगी कल्याण समिति के सदस्य कृष्ण प्रधान और युवसत्ता के टीआई प्रोजेक्ट की प्रोजेक्ट मैनेजर सुनीता घिरा शामिल थे।

युवसत्ता की ओर से चंडीगढ़ स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी के सहयोग से बापूधाम कॉलोनी, शास्त्री नगर, मनीमाजरा और दरिया गांव में एचआईवी/एड्स अवेयरनेस टारगेटेड इंटरवेंशन प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है, जिसमें 650 से अधिक महिलाओं को लक्षित किया जा रहा है और उनके बीच स्वस्थ जीवन शैली की भावना को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम के एक भाग के रूप में डॉ. पूनम बख्शी ने मासिक धर्म स्वच्छता और समग्र प्रजनन स्वास्थ्य के बीच संबंध पर प्रकाश डाला और डॉ. निकेता चंदेल ने मासिक धर्म स्वच्छता, मेंस्ट्रुअल वेस्ट के वैज्ञानिक निपटान, पर्यावरणीय दिशा-निर्देशों के साथ तालमेल बिठाने और स्थिरता को बढ़ावा देने के बारे में निर्देश साझा किए। प्रयासों की सराहना करते हुए तरुणा मेहता ने गुलाबी गैंग की अध्यक्ष चरनो देवी को भी सम्मानित किया। गुलाबी गैंग महिलाओं द्वारा संचालित समुदाय आधारित संगठन है जो हाशिए पर रहने वाली लड़कियों और महिलाओं के मानवाधिकारों और सम्मान को सुनिश्चित करता है।

# ऑपरेशन अभ्यास: आपात स्थिति के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को लेकर मॉक ड्रिल

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** जिला प्रशासन द्वारा आज ऑपरेशन अभ्यास के तहत सायं 4 बजे व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने किया। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखना एवं आमजन में जागरूकता फैलाना रहा। लघु सचिवालय में सायरन बजते ही आपातकालीन स्थिति को दर्शाते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। सबसे पहले सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को सुरक्षित निकाल कर सरल केंद्र स्थित सेफ हाउस में पहुँचाया गया। तत्पश्चात सचिवालय में सर्च ऑपरेशन के दौरान घायलों को प्राथमिक उपचार देकर एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल भिजवाया गया। वहीं, आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम ने तत्परता से आग पर काबू पाया।

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने राहत कार्यों की कमान संभालते हुए प्रशासन व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला प्रशासन की तत्परता के चलते एक बड़ी आपदा की स्थिति में भी जान-माल की रक्षा सुनिश्चित की गई। इस कार्य में पुलिस विभाग, सिविल डिफेंस व अन्य संबंधित विभागों का सराहनीय सहयोग रहा।

उपायुक्त ने बताया कि मॉक ड्रिल का आयोजन शहर स्थित लघु सचिवालय, कच्चे क्वार्टर, रेलवे स्टेशन, अशोका यूनिवर्सिटी व गोहाना, गन्नौर व खरखौदा उपमंडल लघु सचिवालय में किया गया। सभी स्थानों पर रेस्क्यू अभ्यास सफलतापूर्वक किया गया। एम्बुलेंस, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, अग्निशमन वाहन, पुलिस बल और सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स जैसे सभी आवश्यक संसाधन ड्रिल में सक्रिय रहे।

डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि ऑपरेशन अभ्यास का मुख्य उद्देश्य एयर रेड वॉर्निंग सिस्टम की सतर्कता जांचना रहा है। इसके साथ ही मुख्य व सहायक कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली की समीक्षा करना व आपात स्थिति में सुरक्षित निकासी की योजना और उसके निष्पादन का मूल्यांकन करना रहा है। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल की प्रत्येक गतिविधि की समीक्षा कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

डीसी डॉ. मनोज कुमार ने ऑपरेशन अभ्यास के बाद सभी अधिकारियों के साथ लघु सचिवालय में समीक्षा की। उन्होंने सभी इंसिडेंट कमांडर व अन्य अधिकारियों के साथ मीटिंग की और कहा कि किसी भी आपदा से पहले सभी स्तरों पर तैयारी अत्यंत आवश्यक है, ताकि वास्तविक स्थिति में त्वरित और समन्वित प्रतिक्रिया दी जा सके। यह मॉक ड्रिल जनता और प्रशासन के आपसी सहयोग से की गई एक अहम पहल रही है। उन्होंने कहा कि जिला व उप-मण्डल स्तर पर लघु सचिवालय में एक स्टोर रूम बनाया और माइक सिस्टम, एन्टी राइट, स्ट्रेचर, टोर्च, रस्से, पीपी कीट और अन्य जरूरी उपकरण रखना है।

उन्होंने आज रही सभी कमियों को पूरा कर समीक्षा की और कहा कि प्रत्येक कमी को छिपाना नहीं है बल्कि कमियों को दूर करना है। उन्होंने कहा कि जिला में सभी बड़ी ईमारतों पर सायरन स्थापित किए जाएं। सभी उप-मण्डलों के भवनों पर एसडीएम, बीडीपीओ कार्यालयों व गांवों में डीडीपीओ व नगर निगम क्षेत्रों में प्रमुख स्थानों पर बड़े भवनों पर नगर निगम सायरन स्थापित करवाए।

## पहलगाम में हमले के बाद पूरा देश पीएम मोदी की ओर देख रहा था व ये तो होना ही था: कृष्णा गहलावत

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



राई । राई हलका विधायक व पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ढांचों को निशाना बनाकर की गई भारतीय सशस्त्र बलों की एयरस्ट्राइक की सराहना की है और कहा है कि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि हमारे पीएम नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की तारीफ की हैं। हमले के बाद पूरा देश पी एम की ओर देख रहा था। ये तो होना ही था। भारत की इस कार्रवाई पर देश से लेकर विदेश तक के नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। भारत के सत्ता और विपक्ष के नेताओं ने भारतीय सेना की प्रशंसा की है। वहीं पाकिस्तान ने भी अपने घड़ियाली आंसू बहाने शुरू कर दिए हैं। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि भारत की पाकिस्तान और पीओके से उत्पन्न होने वाले सभी प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ अडिग राष्ट्रीय नीति हैं। हमें अपनी भारतीय सशस्त्र सेनाओं पर बेहद गर्व है जिन्होंने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी कैंपों पर हमला किया है। भारतीय सेना का साहस 'हर नागरिक का विश्वास' है। 'हमें भारतीय सेना और अपने बहादुर जवानों पर गर्व है। हर भारतीय को भारतीय सेना पर पूरा विश्वास है, जो भारत की संप्रभुता की रक्षा के लिए सीने पर गोली खाने से भी पीछे नहीं हटती. आज, उसी विश्वास को साबित करते हुए, भारतीय वायुसेना ने रात को पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुए नौ आतंकी ठिकानों पर सफल हवाई हमले किए।

## अवैध हथियार तस्करी की घटना में संलिप्त दूसरा आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोनीपत।** जिले की क्राईम यूनिट वेस्ट सोनीपत की पुलिस टीम नें अवैध हथियार की एक पूर्व की घटना में संलिप्त दुसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ऋतिक पुत्र त्रिशपाल निवासी बागपत यूपी का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 05 मई को क्राईम यूनिट वेस्ट सोनीपत की अनुंसधान टीम में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक राजेश अपनी पुलिस टीम के साथ बराये गश्त गांव टेहा जी टी रोड नजदीक फलाई ओवर गन्नौर सोनीपत मौजुद था कि खुफिया जानकारी मिली की तरुण उर्फ ब्लैकी पुत्र सुनील निवासी गांव रामनगर, गन्नौर जिला सोनीपत अवैध पिस्तौल लिये हुए बडी से सनपेडा रोड नजदीक हनुमान मंदिर बडी सोनीपत के पास किसी के इतंजार में खडा है अगर तुरंत रेड की जाये तो वह अवैध पिस्तोल सहित काबू आ सकता है।

### द सुपर कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग फर्स्ट (1) सोसाइटी लिमिटेड

प्लॉट नं. 4, सेक्टर -49/सी, चंडीगढ़
Regd . No . 676 , दिनाक 05 .05 .2004
पंजाब सहकारी समिति अधिनियम 1961 के तहत पंजीकृत

**जनतक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्ति ने सूचित किया है कि दिनांक 4 अप्रैल 2025 को श्रीमती गगनप्रीत पत्नी श्री वरिंदर पाल सिंह (विक्रता) तथा श्री दीपक पुत्र श्री ओम प्रकाश (क्रेता) के मध्य बिक्री विलेख निष्पादित किया गया है।
उन्होंने सोसायटी से अपने नाम पर नया शेयर सर्टिफिकेट जारी करने का अनुरोध किया है।

| क्र.सं. | नाम | फ्लैट नं. | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 1 | दीपक पुत्र श्री ओम प्रकाश | 2164 | श्रेणी बी, दूसरी मंजिल |

यदि किसी को श्री दीपक, पुत्र श्री ओम प्रकाश को शेयर प्रमाण पत्र जारी करने पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर सोसायटी को दस्तावेजी प्रमाण के साथ लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा सोसायटी उसके नाम पर शेयर प्रमाण पत्र जारी करेगी और बाद में कोई भी दावा, जो भी हो, पर विचार नहीं किया जाएगा।

अध्यक्ष

AP-1024

### कटिहार मंडल में पीपी/कवर शेड का निर्माण

**ई-निविदा सूचना संख्या. KIR/Engg/25 of 2025 तारीखः 02-05-2025।** नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैं। **निविदा संख्या. 1। कार्य का संक्षिप्त विवरणः** एडीईएन/1/कटिहार अधिक्षेत्र के अधीन कटिहार-कुमेदपुर खंड के 03 संख्यक एलएचएस/आरयूबी के (केके-18, केके-9 एवं केके-11) पीपी/कवर शेड का निर्माण। **निविदा राशिः** ₹5,60,73,170.27/-। **धरोहर राशिः** ₹4,30,400/-। **निविदा संख्या. 2। कार्य का संक्षिप्त विवरणः** कटिहार मंडल में उच्च टीवीयू रहे (>20,000) पाँच संख्यक मानवनियुक्त इंजीनियरिंग लेवेल क्रॉसिंग गेटों की इंटरलॉकिंग। **निविदा राशिः** ₹1,93,66,972.96/-। **धरोहर राशिः** ₹2,46,800/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 30-05-2025 तारीख के 15.00 बजे में **एवं खुलेगीः** 30-05-2025 तारीख के 15.30 बजे में। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा प्र-पत्र के साथ संपूर्ण विवरण आगामी 30-05-2025 तारीख के 15.00 बजे तक **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

डीआरएम (डब्ल्यू), कटिहार
**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

AP-1027

### केंद्र सरकार कंपनी रजिस्ट्रार चंडीगढ़ के समक्ष

सीमित देयता भागीदारी अधिनियम, 2008 की धारा 13 की उपधारा (3) और सीमित देयता भागीदारी नियम, 2009 के नियम 17 के मामले में सीमित देयता भागीदारी अधिनियम, 2008 की धारा 13 (3) के मामले में और टाइटन वेंचर्स एलएलपी जिसका पंजीकृत कार्यालय #5641, डुप्लेक्स मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, बीएसएनएल बिल्डिंग के पास, मनीमाजरा, चंडीगढ़, भारत, 160101 में स्थित है इस मामले में याचिकाकर्ता है।
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एलएलपी सीमित देयता भागीदारी अधिनियम, 2008 की धारा 13 (3) के तहत कंपनी रजिस्ट्रार, चंडीगढ़ को एक याचिका दायर करने का प्रस्ताव करती है, जिसमें केंद्र शासित प्रदेश "चंडीगढ़" से अपने पंजीकृत कार्यालय "हरियाणा" राज्य में बदलने की अनुमति मांगी जाती है कोई भी व्यक्ति जिसके हित को एलएलपी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, वह अपने हित की प्रकृति बताते हुए एक हलफनामे के साथ अपनी आपत्तियां पंजीकृत डाक से भेज सकता है या विरोध के आधार पर कंपनी रजिस्ट्रार, चंडीगढ़ को एक हलफनामा देकर इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 21 (इक्कीस) दिनों के भीतर याचिकाकर्ता एलएलपी को उपरोक्त पते पर उसके पंजीकृत कार्यालय में एक प्रति भेजें।

के लिए और उसकी ओर से
टाइटन वेंचर्स एलएलपी।
मानव मोहन सिंह बराड़
DIN: 03136256, नामित भागीदार
#5641, डुप्लेक्स मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स
बीएसएनएल बिल्डिंग के पास, मनीमाजरा, चंडीगढ़
भारत 160101

AP-1025

### सार्वजनिक सूचना

मैं, स्वाति साहू पत्नी श्री रणजीत कुमार गुप्ता, यह घोषित करती हूँ कि स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र स्व. श्री भगवान दास, जो कि मेरे पिता थे, का दिनांक 13/01/2025 को निधन हो गया। वे हरियाणा राज्य के जिला पंचकूला, तहसील कालका, भारत नगर कालका स्थित मकान नंबर 1344-ए, पुरानी गुग्गा माड़ी के पास, के स्वामी थे। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व हस्तांतरण को लेकर कोई आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें।

AP-1023

### PUBLIC NOTICE

This is to inform general public that AU SMALL FINANCE BANK LIMITED, Branch office at Ambala Road Kaithal (Haryana) has advanced a loan INR Rs. 12,50,000/- (Twelve Lacs fifty thousand) vide App/Rapid No. 900163490 to Smt. Reena wife of Jitender son of Naib Singh, resident of Village Batta Tehsil Kalayat Distt Kaithal (Biswadar of Patti Chaudhri) (Present Owner). The AU SMALL FINANCE BANK LIMITED required the previous original Regd. Sale Deed No. 5515/1 dated 10-02-2010 for creating equitable mortgage but said Smt. Reena wife of Jitender (Owner) has lost the said Regd. Sale Deed. In this regard she has lodged a DDR No. 132280302500409 at P.S Kalayat. As per declaration furnished by the present owner that said property is unencumbered and no mortgage has been created over the said property in favour of any other Bank or any financial Institution. if anybody claims/objects is hereby requested to notify the same in writing to me with supporting documentary evidence at the address mentioned herein below within 7 days from the date of publication, failing which the claim, if any of such person will be considered to have been waived and my client shall proceed with the disbursement of loan and creation of mortgage in respect thereof.
**MANOJ CHAUHAN ADVOCATE CHAMBER NO. 139 DISTRICT COURTS KAITHAL.(HR)**

AP-1031

### न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार साहिब जीन्द

मनके विकास पुत्र श्री रामनिवास कुंडू निवासी मकान नं. 1285, सेक्टर-10, अर्बन एस्टेट, जीन्द व जिला जीन्द बनाम जनरल पब्लिक इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता स्व. रामनिवास कुंडू का दिनांक 18/01/2025 को देहांत हो चुका है। मेरे पिता के नाम मकान नं. 1285, सेक्टर-10, अर्बन एस्टेट जीन्द स्थित 420 Sq Mtrs प्लाट है। मेरे पिता की मृत्यु के पश्चात उसके निम्नलिखित वारिस है :- 1. रामरती-पत्नी, 2. विकास-पुत्र, 3. विवेक कुंडू पुत्र, 4. तमन्ना-पुत्री, 5. मोनिका-पुत्री।
इनके अलावा उक्त मृतक का और कोई वारिस नहीं है। इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस/इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतकों के बताए गए वारसान/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक या ऐतराज हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरांत 30 दिन के अंदर-अंदर इस कार्यालय के कार्यदिवस पर अपना ऐतराज प्रस्तुत कर सकता है।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 07/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।
क्रमांक: 1/एसपीएल
दिनांक: 07/05/2025

सब रजिस्ट्रार जीन्द

AP-F

grtr mhlI erlA ivks AQirtl, pfBvn, sktr-62, As e As ngr jnqk scn

isgl ivf n: 440345 rhl plt n: 2550 selz 130.55 Sq. yard, Aerocity, SAS Nagar d AltI Manpreet Kaur W/o Chetan Chugh & Chetan Chugh S/o Kulwant Singh Chugh R/o 2750, Sector 61, SAS Nagar Pb. n Kulwant Singh S/o Jaswant Singh R/o House No. 39 Naveen Nagar, Saharanpur, Uttar Pradesh f Apx jlple inXk klq h, j ik vslk n: 2023-24/3/4/2586 imql 30.01.2024 f dPqr sb rijstr, SAS Nagar ivK rijstrf hel h, pS klql h[ ies jlple d ADr q Kulwant Singh S/o Jaswant Singh vl akq plt f Rajiv Seth S/o Shiv Kumar Seth R/o House No. 81-A , Sector-51/A, Chandigarh -160047 d nm vcx/trsPr dl AigA dx lel dsqvj pql bnql isgl ivf n. 440345 f idql h[ hx ieh ks sprft, gmf, mhll d dPqr ivc ivcr ADln h[ ies lel plt n: 2550 selz 130.55 Sq. Yard, Aerocity, SAS Nagar f vcx/trsPr dl AigA dx q pihl sicq klq jdh ik ies br iks f kel ieqrj hv q ies ivigApn dl imql q 15 idn d Adr-Adr Apx ieqrj sprft, gmf, mhll ps ilKql rp ivc d skd h[ insicq imql Aq sm q bAd ppq he ieqrj q kel ivcr nhl klq jvg akq rijstrf hel jl pl e d ADr plt n: 2550 selz 130.55 Sq. Yard, Aerocity, SAS Nagar f vcx/trsPr dl AigA akq ibnkr d n jrl kr idql jvgl[

sprft
imlK dPqr
gmf, As e As ngr

AP-1030

### खोया और पाया

मैं, बलदेव सिंह और मेरी पत्नी अमरजीत कौर, निवासी हाउस नंबर 3507, सेक्टर -32, चंडीगढ़, एतद्द्वारा घोषणा करते हैं कि बूथ नंबर 171, सेक्टर - 28-डी, चंडीगढ़ में स्थित मेरी संपत्ति का पिछला मूल कन्वेयन्स डीड नंबर 2919 दिनांक 31.01.1990, सेल डीड नंबर 1027 दिनांक 24.07.1990, ट्रांसफर लेटर नंबर 11892ISNM-48 दिनांक 07.08.1990, ट्रांसफर लेटर नंबर 36486ISNM-150 दिनांक 15.05.2007, ट्रांसफर लेटर नंबर 601292ISNM-48 दिनांक 19.01.2006 चंडीगढ़ शहर में खो गया है। मेरे पास रजिस्टर डीडीआर रेफ नं. !CMS/20251014500 दिनांक 06.05.2025 है। यदि यह रजिस्ट्री किसी और के लिए पाई जाती है, तो कृपया मुझसे इस नंबर 9915227882 पर संपर्क करें।

AP-1021

### अदालती सूचना

न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, जीन्द।
धर्मेन्द्र पुत्र मक्खन लाल सकना सुन्दर नगर, जीन्द तह. व जिला जीन्द। बनाम जनरल पब्लिक
इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि स्व. श्री मक्खन लाल पुत्र श्री भगवान दास निवासी रामबीर कॉलोनी अपोलो रोड जींद तह. व जिला जींद का देहांत दिनांक 22.1.2016 को हो चुका है और मेरी माता प्रेम पत्नी मक्खन लाल निवासी रामबीर कॉलोनी, जींद का देहांत 8.12.2022 को हो चुका है और उनकी मृत्यु के बाद उनके निम्न कानूनी वारसान हैं :- 1. जगदेव पुत्र आधार नं. 659356123243, 2. विजेन्द्र पुत्र आधार नं. 679536733419, 3. राजकुमार पुत्र आधार नं. 601781310953, 4. धर्मेन्द्र पुत्र आधार नं. 502111475541, 5. गंगा देवी पुत्री आधार नं. 225399456802, 6. संतोष पुत्री आधार नं. 728288783264, 7. विमलेश पुत्री आधार नं. 581888564768.
उपरोक्त के अलावा स्व. मक्खन लाल व श्रीमती प्रेम के अन्य कोई वारसान नहीं हैं। जिसके संबंध में प्रार्थी ने अपना शपथ पत्र भी प्रस्तुत कर दिया है। इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस/इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताए गए कानूनी वारसान/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक या एतराज हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरांत 30 दिन के अंदर-अंदर इस कार्यालय के कार्यदिवस पर अपना एतराज प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा इन वारिसों द्वारा पेश दस्तावेज नियमानुसार पंजीकरण कर दिया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, जीन्द।

AP-1031

### United Textiles Limited

**Regd. Office 7th K.M. Stone, Barwala Road,Hisar - 125001 (Haryana)**
**CIN: L17115HR1993PLC032092**

**Notice**

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015, notice is hereby given that the Meeting of Board of Directors of the Company is scheduled to be held on **Thursday, 29th May, 2025 at 4:00 PM** at the Regd. Office of the Company to consider the Audited Financial Results for the Quarter/ Year Ended 31st March, 2025. Further as per the Company's Code of Conduct for Prevention of Insider Trading, the trading window for dealing with securities of the Company will remain close from 31/03/2025 to 48 hours after the declaration of the Financial Results. The said information is also available on Company's website www.unitedtextileslimited.com and also on the website of stock exchanges www.bseindia.com

For United Textiles Limited
(Vivek Aggarwal)
Whole Time Director
Dated: 06.05.2025 (DIN 07079208)

AP-1028

### संपदा कार्यालय, यूटी, चंडीगढ़

**सार्वजनिक सूचना**

**श्री नवीन, दानिक्स, सहायक संपदा अधिकारी-I, संपदा कार्यालय यू.टी., चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए।**



**विषय:-** न्यायालय के दिनांक 09.12.2024 के निर्णय के आधार पर मकान नंबर 110, सेक्टर 27-ए, चंडीगढ़ के संबंध में 75 प्रतिशत शेयर के हस्तांतरण के संबंध में।
आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी में यह अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार मकान नंबर 110, सेक्टर 27-ए, चंडीगढ़ के रूप में जानी जाने वाली संपत्ति, 100 प्रतिशत शेयर की सीमा तक श्रीमती सुरिंदर कौर के नाम पर है।
श्री रश्मिन्दर सिंह द्वारा सूचित किया गया है कि श्री हरमिंदर सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री मनमोहन सिंह श्री रश्मिन्दर सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री मनमोहन सिंह, श्री चेतनप्रीत सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री मनमोहन सिंह और श्रीमती कंवलप्रीत कौर पुत्री श्री हरमिंदर सिंह को सिविल केस संख्या 1546/2019 में श्री कौशल कुमार यादव, एचएससी, सिविल जज, जूनियर डिवीजन चंडीगढ़ की अदालत द्वारा पारित न्यायालय के दिनांक 09.12.2024 के निर्णय के आधार पर मकान नंबर 110, सेक्टर 27-ए, चंडीगढ़ के संबंध में बराबर हिस्से में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का मालिक घोषित किया गया है। यह भी सूचित किया गया है कि श्रीमती सुरिंदर कौर के नि नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी हैं:-

| नाम - | मृतक के साथ संबंध |
|---|---|
| 1. हरमिंदर सिंह - | पुत्र |
| 2. रश्मिन्दर सिंह - | पुत्र |
| 3. चेतनप्रीत सिंह - | पुत्र |

अब, श्री रश्मिन्दर सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री मनमोहन सिंह, श्री चेतनप्रीत सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री मनमोहन सिंह हरमिंदर सिंह ने न्यायालय के दिनांक 09.12.2024 के निर्णय के आधार पर 75 प्रतिशत हिस्सेदारी के हस्तांतरण के लिए इस कार्यालय में आवेदन किया है और इसे उनके नाम पर स्थानांतरित किया जा रहा है।
यदि किसी के पास ऊपर उल्लिखित के अलावा किसी भी सहदायिक के बारे में कोई जानकारी है, तो उसे तुरंत संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ को सूचित किया जा सकता है।
यदि किसी को उपरोक्त आवेदकों के पक्ष में उक्त संपत्ति के यूटेशन पर कोई आपत्ति है, तो वे इसे इस नोट के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर नीचे हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में सहायक दस्तावेजों के साथ लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा इस संपत्ति को तदनुसार यूट कर दिया जाएगा और बाद में किसी भी अन्य दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
**नवीन, दानिक्स, सहायक संपदा अधिकारी-I, संपदा कार्यालय यू.टी., चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए।**

AP-1038


## अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98140-19928
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

### ऋण

Equitas Small Finance Bank Solution Limited
(1995 से आपके सेवा में)
सरकारी योजना के अंतर्गत सभी प्रकार के मार्कशीट, पर्सनल, प्रॉपर्टी, एग्रीकल्चर, ईंट भट्टा, बिज़नेस, होमलोन, सभी लोन
50000 - 95 लाख तक
घर बैठे 72 घंटे मे पाएं
सरकारी कर्मचारी, महिलाओं हैंडीकैप्ड को भारी छूट
2 % ब्याज सालाना
40 % की छूट
70 लाख संतुष्ट ग्राहक
नोट : नार्मल डाक्यूमेंट्स और नेगेटिव एरिया और खराब सिविल स्कोर पर भी लोन उपलब्ध
9335436289, 9064554675


### सार्वजनिक सूचना

**मैं,** कमल दीप सिंह पुत्र दविंदर सिंह निवासी मकान संख्या-34, सेक्टर-4, मनसा देवी कॉम्प्लेक्स, पंचकूला ने अपना नाम बदलकर कमल दीप सिंह हुड्डा रख लिया है।
एपी-1015

I Sushama Devi w/o NO. 13625636K Hav Rajpal Yadav r/o VPO Palawa, Tehsil Mundawar, District Alwar (Raj.), have changed my name from Sushama Devi to Sushma Devi vide affidavit dated 06-05-2025 before Executive Magistrate Nahan.
एपी-1017

**मैं,** रजाकदीन पुत्र इशमाईल खान गांव घसो कलां तहसील उचाना जिला जीन्द घोषणा करता हूं कि मेरी दसवीं की मार्कलिस्ट Serial No. AU-085300 Roll No. 2019304199 में मेरे पिता जी का आधार कार्ड नं. 5059 9921 5826 गलती से दर्ज हो गया है जोकि गलत है, मेरा सही आधार कार्ड 7239 8245 4301 है इसे दर्ज किया जाए।
एपी-1020

I, Indirawati W/o Sh. Ram Chander and D/o Sh. Phool Singh Poonia, R/o H. No. 11, New Azad Nagar, Hisar, have changed my name from BUDANIA INDIRAWATI to INDIRAWATI for all purposes in future.

I, Karishma W/o Sachin R/o H No 1436, Gali No 2, Dhani Kishan Dutt, 12 Qtr Road, Hisar (Haryana), have changed my date of birth from 19-10-2002 to 19-09-2000 in my 10th Class Certificate Roll No. 2105620570, year 2021.

**मैं,** Kartik Tayal, पुत्र Mukesh Tayal निवासी म.नं. 162, सेक्टर 9/11, हिसार (हरियाणा) भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम Kartik से बदलकर Kartik Tayal रख रहा हूँ।
एपी-1028

**मैं,** मौ खालिद पुत्र जाउददीन निवासी ग्राम पुरूषोत्तमपुर, पोस्ट राजोपुर सादात, कोतवाली, बिजनौर, उत्तर प्रदेश-246764, मैंने अपना नाम मऊ खालिद से बदलकर मोहम्मद खालिद रख लिया है।
एपी-1034

**मैं,** जसबीर सिंह पुत्र महिंदर सिंह निवासी गांव मानकपुर फतेहपुर डेरा तहसील बिलासपुर जिला यमुनानगर कि मैंने अपना नाम जसबीर से बदलकर जसबीर सिंह रख लिया है।
एपी-1029

**मैं,** विनोद कुमार धर, पुत्र श्री मोहन लाल धर, निवासी मकान नंबर 1505, सेक्टर 43-बी, चंडीगढ़, ने अपना नाम विनोद कुमार धर से बदलकर विनोद धर रख लिया है।

**मैं,** प्रभजीत कौर पत्नी नरबीर सिंह बाजवा, निवासी मकान नंबर आई-903, गिलको पार्कहिल्स, सेक्टर 126, मोहाली, ने अपना नाम प्रभजीत कौर से बदलकर प्रभजीत कौर बाजवा रख लिया है।

**मैं,** दीपाली चावला पत्नी श्री विमल कुमार, निवासी मकान नंबर 1224, सेक्टर 10, पंचकूला, हरियाणा ने अपना नाम 'दीपाली चावला' से बदलकर 'दीपाली' रख लिया है।
एपी-1031

**मैं,** सिमरन रानी पत्नी राज कुमार निवासी पाई गेट, वार्ड नं 5, पूंडरी जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम सिमरन रानी से बदलकर ममता रानी रखती हूं। संबंधित कृपया नोट करें।

**मैं,** रानी देवी पत्नी बिशन सिंह निवासी जाम्बा तहसील पूंडरी जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम रानी देवी से बदलकर कैला देवी रखती हूं। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-1033

**मैं,** कमलेश पत्नी सूबे सिंह निवासी गांव झगूडी, डाकखाना बैंडी, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर ने अपना नाम कमलेश से बदलकर कमलेश रानी रख लिया हैं।

**मैं,** नवजोत सिंह पुत्र रविन्द्र सिंह निवासी # 1272, मुखर्जी पार्क, जगाधरी, जिला यमुनानगर ने अपना नाम नवजोत सिंह आनन्द से बदलकर नवजोत सिंह रख लिया है।
एपी-1035

**मैं,** लक्ष्मी पुत्री अरुण कुमार वासी शक्ति नगर फतेहाबाद हरियाणा 125050 ने अपना नाम बदलकर तान्या रख लिया है।

**मैं,** Dimpal गुप्ता पत्नी अजय कुमार वासी वार्ड नं.10 मॉडल टाउन रतिया जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर Dimple गुप्ता रखा है।

**मैं,** Kuldip कौर मुल्तानी पत्नी इंदरजीत सिंह वासी मकान नं.29डी, दयाल बाग, अम्बाला ने अपना नाम बदलकर Kuldip Kaur Multani से Kuldeep Kaur रखा है।

**मैं,** वर्षा रानी पत्नी सुरेश कुमार वासी मकान नं 253, सैक्टर 29, अल्फा इंटरनेशनल सिटी, करनाल ने अपना नाम बदलकर वर्षा मेहता से वर्षा रानी रखा है।

**मैं,** सुरेश कुमार पुत्र पुराण चंद वासी मकान नं 253, सैक्टर 29, अल्फा इंटरनेशनल सिटी, करनाल ने अपना नाम बदलकर सुरेश मेहता से सुरेश कुमार रखा है।

**मैं,** कोमल Sareen पत्नी लेट जय प्रताप वासी मकान नं.1733, सैक्टर 39-बी, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर कोमल चढ्ढा रखा है।

**मैं,** पंकज पुत्र पुन्ना राम वासी मकान नं. 1045, Bhat कॉलोनी, वार्ड नं.10, करनाल ने अपने नाबालिग पुत्र का नाम बदलकर अनु कुमार से आदिश रखा है।

**मैं,** Kimti लाल भोला पुत्र मदन लाल वासी मकान नं 583 सुभाष गली बिहाइंड न्यू मार्किट यमुना नगर ने अपना नाम बदलकर Kimti लाल रखा है।

**मैं,** Joginder Bhola पुत्र Kimti लाल वासी 61 आजाद नगर Munda माजरा चौधरी कॉलोनी यमुना नगर ने अपना नाम बदलकर Joginder रखा है।

**मैं,** भावना नेहरा सुपुत्री श्री खरैती लाल, पत्नी श्री मनीश नेहरा, निवासी मकान नं 4N/7, तिलक नगर दिल्ली -110018 की रहने वाली हूँ, मेरी एक एलआईसी की बिमा पालिसी नं 176492541 में मेरा नाम रजनी नेहरा दर्ज है जबकि मेरे अन्य सभी कागजातों में मेरा नाम भावना नेहरा है, अब मैंने अपना नाम रजनी नेहरा से बदलकर भावना नेहरा रख लिया है, भविष्य में मुझे भावना नेहरा के नाम से ही जाना जाए।
एपी-1036

**मैं,** न. 15737486M, रैंक L/NK, नाम Vijay V पुत्र Sh. Veerasamy Velu यूनिट 474, Engr Bde Sig निवासी 2/112, Uruvatti, PO Uruvatti Distt. Sivaganga, Tamilnadu-630411 ब्यान करता हूं कि Veerachamy V और जन्मतिथि 17-10-1963 मेरे सेवा रिकॉर्ड में गलत दर्ज है उनका सही नाम Veerasamy Velu और सही जन्मतिथि 16-06-1963 है संबंधित नोट करें।

**मैं,** न. 15737486M, रैंक L/NK, नाम Vijay V पुत्र Sh. Veerasamy Velu यूनिट 474, Engr Bde Sig निवासी 2/112, Uruvatti, PO Uruvatti Distt. Sivaganga, Tamilnadu- 630411 ब्यान करता हूं कि मेरी माता का नाम Vijaya V और जन्मतिथि 20-11-1973 मेरे सेवा रिकॉर्ड में गलत दर्ज है उनका सही नाम Vijaya Veerasamy और सही जन्मतिथि 15-09-1970 है संबंधित नोट करें।
एपी-1031

**मैं,** नीना पत्नी सुरेश कुमार निवासी गांव रतगल, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा ब्यान करती हूँ कि मैंने अपना नाम नीना से बदलकर नीना सैनी रख लिया है।

I, PARAMJEET D/o RAM KUMAR R/o Chhapra (321), PO Kathgarh Chhappar, Dist: Ambala, Haryana-134003 have changed my name from PARAMJEET to PARAMJEET KAUR.
एपी-1039

**मैं,** सनी सिंह पुत्र तरलोक सिंह निवासी # 3954, सेक्टर 56, पलसोरा, चंडीगढ़, मैंने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम निशा से बदलकर निशा कौर रख लिया है।

I, Suman Kalia W/o Ashok Kumar Kalia R/o # 3031 SBI Officer Society Sector 49-D Chandigarh have changed my name to Suman Vasisht
एपी-1040

**मैं,** रानी पत्नी श्री डेविड निवासी मकान नंबर 175/2 जीटीबीएन, सेक्टर 14 खरड़ जिला एसएएस नगर मोहाली पंजाब ने शादी के बाद अपना नाम रानी से बदलकर अलका डेविड रख लिया है।
एपी-1042

**मैं,** अजय (आधार नं0 6969 0342 4677) पुत्र श्री मदन लाल गाँव देबन तहसील व जिला कैथल अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम बदलकर अजय से सोनू रख लिया है भविष्य में मुझे सोनू के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।
एपी-1043

**मैं,** किरन शर्मा पत्नी राजेश शर्मा पता जगाधरी रोड विश्वकर्मा नगर खुडा खुर्द (99) अम्बाला कैंट हरियाणा कि मैंने अपनी नाबालिग बेटी का नाम जानवी शर्मा से बदलकर जानवी दास शर्मा रख लिया है। नोट करे।

**मैं,** किरन शर्मा पत्नी राजेश शर्मा पता जगाधरी रोड विश्वकर्मा नगर खुडा खुर्द (99) अम्बाला कैंट हरियाणा कि मैंने अपनी नाबालिग बेटी का नाम चाहत शर्मा से बदलकर चाहत दास शर्मा रख लिया है। नोट करे।
एपी-1046

**मैं,** पतासो पत्नी प्रेम पाल गांव भागल तहसील गुहला जिला कैथल ने अपना नाम पतासो से पतासो देवी रख लिया है।

**मैं,** साहिल और साहिल सिंह पुत्र सुरेन्द्र कुमार गांव कौल पट्टी टूंडा , जिला कैथल ने अपना नाम बदलकर साहिल कुमार रख लिया है।
एपी-1047

### बेदखली सूचना

**मैं,** काका राम पुत्र सोहना राम निवासी मंगलौर तहसील बिलासपुर जिला यमुनानगर यह बयान करता हू की मेरी लड़की मनीषा देवी मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मै अपनी पुत्री मनीषा देवी को अपनी समस्त चल अचल संपति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरा या मेरे परिवार का इसके साथ कोई भी तालुक वास्ता नहीं है, और ना ही भविष्य में होगा। इसके साथ लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। सभी संबंधित नोट करे।
एपी-1019

**मैं,** राजकुमार पुत्र जंगीर सिंह निवासी अर्जुन नगर, गली नं 2, खनौरी रोड, सैनी वाला मोहल्ला, कैथल (हरियाणा) सूचित करता हूं कि मेरी पुत्री मुस्कान मेरे और मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर हैं। मैं उसे अपनी चल अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में मैं व मेरा परिवार उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेनदेन के जिम्मेदार नहीं होंगे।
एपी-1016

**मैं,** महक सिंह सपुत्र रईयत राम निवासी मकान नं. 1658, हण्डिया मौहल्ला कालका, जिला पंचकूला, हरियाणा, मेरा पुत्र मोहित व उसकी पत्नी प्रीती मेरे कहने सुनने से बाहर है। मैं इन्हें अपनी तमाम चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन देन करने वाले स्वयं जिम्मेवार होंगे।
एपी-1018

**मैं,** राकेश कुमार सुपुत्र श्री राम निवासी मकान नं. 646/10 लोअर कुराड़ी, कालका, तहसील कालका, जिला पंचकुला सूचित करता हूँ कि मेरा बेटा आशिष कुमार व उसकी पत्नी निशा रानी मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इनको अपनी सभी चल और अचल संपतियों से बेदखल करता हूं। इनसे लेन देन करने वाला स्वंय जिम्मेदार होगा। मैं ओर मेरा परिवार इनके किसी भी कार्यों के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे ।
एपी-1023

ml blvn isG pqr SI iDAn isG vsl ipf AKvn, fkKn Gh, qihsIl q izl pTnkt d rihx vl h[ mr lVk rxvIr isG Aq as dl pqnl irA dvl dn mr kihx q bhr hn[ s A-j ml an dn f Apxl qmm c-l Ac-l jiedd q bdKl krd h[ A-j q bAd an dn nl j vl lx dx krg ah K-d jmvr hvg[ sbDq nt krn[
एपी-1022

**मैं,** राजबाला विधवा श्री कृष्ण लाल, बा उम्र 55 साल निवासी मुसिया मौहल्ला, गांव बबैल, जिला, पानीपत, अपने हल्फ से ब्यान करती हूँ कि मेरा पुत्र लव व उसकी पत्नी शानू, मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है इसलिए मैं अपने पुत्र व पुत्रवधू अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करती है। भविष्य मे उसके साथ लेन-देन करने वाला स्वंय जिम्मेदार होगा।

**मैं,** सुषमा पत्नी श्याम लाल निवासी मकान नं. 23/1, कृष्णपुरा, जिला, पानीपत, अपने हल्फ से ब्यान करती हूँ कि मेरा पुत्र साहिल उर्फ काकू,मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है इसलिए मैं अपने पुत्र को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करती हूँ। भविष्य मे उसके साथ लेन-देन करने वाला स्वंय जिम्मेदार होगा।
एपी-1026

**मैं,** राज बाला पत्नी स्वर्गीय श्री ओम प्रकाश निवासी मकान नंबर 448, मानव कॉलोनी, कैलाश पति मंदिर रोड के पास, सकेतड़ी, पंचकूला हरियाणा घोषणा करती हूँ और सूचित करती हूँ कि मेरा बेटा बिष्णु मेरे कहने सुनने से बाहर है। वह मेरा सम्मान नहीं करता। वह बुरी संगत में है। इसलिए मैं उसे अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करती हूँ। उसके साथ लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मैं उसके किसी भी कार्यों के लिए जिम्मेदार नहीं होंगी।

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

हम रतन चंद पुत्र पंजाब सिंह और अविनाश ठाकुर पत्नी रतन चंद निवासी मकान नंबर 1119, सेक्टर 19-बी, चंडीगढ़ सूचित करते हैं कि हमारी बेटी नंदिनी ठाकुर हमारे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए हम उसे अपनी सभी चल/अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। उससे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

**मैं,** धर्म देवी पत्नी आत्म प्रकाश निवासी मकान नं 399, सेक्टर 20-ए, चंडीगढ़ सूचित करती हूँ कि मेरा बेटा रोहित कटारिया मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करती हूँ। उससे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-1032

**मैं,** करम चंद पुत्र श्री जिला सिंह निवासी मकान नंबर 3155, कांसापुर, डाकखाना खेड़ा, जिला यमुनानगर कि हमारा लड़का विशाल कुमार व उसकी धर्मपत्नी रुबिना देवी जो कि हमारे कहने सुनने से बाहर है। हम इन्हें अपनी चल व अचल संपति से बेदखल करते हैं। इनसे लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेवार होगा ना कि हम व हमारा परिवार।
एपी-1041

**मैं,** रामपाल पुत्र रामसरूप निवासी बेलरखा तहसील नरवाना जिला जीन्द अपने हल्फ से बयान करता है कि मेरे पुत्र विजयेन्द्र व उसकी पत्नी इन्दू शर्मा तथा दूसरा पुत्र नरेन्द्र व उसकी पत्नी एकता शर्मा मेरे कहने सुनने से बाहर है इसलिए मैं इन्हें अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कार्य व लेन-देन के वह स्वंय जिम्मेवार होगें। मेरी या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की काई जिम्मेदारी नहीं होंगी।
एपी-1043

**मैं,** मांगेराम पुत्र श्री गोपीचंद निवासी मकान नंबर 529, नजदीक राज महल होटल पांडू पिंडारा, तहसील व जिला जींद हरियाणा का स्थाई निवासी हूं । मेरे पुत्र 1. जगदीश व उसकी पत्नी सन्तोष, 2. महेश व उसकी पत्नी चंचल, 3.सोनू व उसकी पत्नी मितलेश, 4.सचिन व उसकी पत्नी उषा मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इन सबको अपनी चल - अचल संपति से बेदखल करता हूं। जो कोई भी इनसे किसी प्रकार का लेन देन व व्यवहार रखेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा, मेरी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-1044

**मैं,** राजेंद्र प्रसाद पुत्र श्री बनारसी दास निवासी गांव बल्ला, असंध जिला करनाल, यह है कि मेरा लड़का रवि प्रसाद व उसकी पत्नी श्वेता जो कि मेरे कहने-सुनने से बाहर है इसलिए मैं उन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हु , भविष्य में उनके किये हुए किसी भी प्रकार के लेन-देन व अच्छे -बुरे कार्य के लिए वे खुद जिम्मेदार होंगे, मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**मैं,** सुखदेव सिंह पुत्र श्री करनैल सिंह निवासी गांव जलमाना, असंध जिला करनाल, यह है कि मेरा ल?का हरमनप्रीत सिंह व उसकी पत्नी राजविन्दर कौर जो कि मेरे कहने-सुनने से बाहर है इसलिए मैं उन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हु , भविष्य में उनके किये हुए किसी भी प्रकार के लेन-देन व अच्छे -बुरे कार्य के लिए वे खुद जिम्मेदार होंगे, मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।
एपी-1045

**मैं,** गुलशन कुमार पुत्र मंगत राम निवासी मकान नंबर 35 शालीमार बाग बी डी फ्लोर मिल के पीछे अम्बाला छावनी जिला अम्बाला घोषणा करता हूँ कि मेरा लड़का केवल उर्फ सोनू, उसकी पत्नी साधना, इनकी बेटी अंशु और इनका बेटा आरव ये सभी मेरे कहने सुनने से बाहर है मैं इन्हें अपनी तमाम चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ इनसे लेन-देन करने वाला नुकसान का खुद जिमेवार होगा मै या मेरा परिवार जिम्मेवार नहीं होगा। नोट करे।
एपी-1046

### खोया-पाया

**मैं,** अरविंद लतावा निवासी के आर लतावा, प्लॉट नंबर 630, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-2, चंडीगढ़ का जीपीए धारक हूं, मैंने ऊपर बताई गई संपति का लीज डीड, अलॉटमेंट लेटर (संपत्ति के कागजात) खो दिया है। अगर किसी को ये दस्तावेज मिलते हैं तो कृपया तुरंत ऊपर दिए गए पते पर वापस कर दें। अरविंद लतावा
एपी-एफ

प्लॉट नं. 2218, ई ब्लॉक, अंसल सुशांत सिटी से संबंधित दस्तावेज़ (एग्रीमेंट, पेमेंट रसीदें, पज़ेशन लेटर आदि) दिनांक 29.04.2025 को सुबह 10:00 बजे बस स्टैंड, बिशन सरूप कॉलोनी (पानीपत) के सामने दस्तावेज गुम हो गए। कृपया मिलने पर संपर्क करें- प्रदीप गुप्ता, पुत्र श्री सुरिंदर गुप्ता, मकान नं. 734, मॉडल टाउन, पानीपत। फोन- 8950063000
एपी-1037


### आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# मिनी सचिवालय में बजा सायरन, शुरू हुआ बचाव कार्य

भारतीय स्ट्राइक के बाद करनाल में हुई माक ड्रिल

करनाल में हुआ ब्लेकआउट

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 7 मई।** करनाल के लघु सचिवालय में बुधवार शाम चार बजे अचानक आपातकालीन सायरन बजते ही, पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही मिनटों में सचिवालय की बिल्डिंग खाली करवा दी गई। फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस और पुलिस की टीमें अलर्ट मोड पर आ गई और मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। बताया गया कि सचिवालय में आग का धुआं उठा था और लोगों के फंसे होने की सूचना मिली थी। इस दौरान अंदर 4 लोग बेसुध मिले, जिन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि बाद में सामने आया कि यह सब कुछ एक मॉक ड्रिल का हिस्सा था, जिसे वास्तविक स्थिति से निपटने की तैयारी के तहत आयोजित किया गया था।डीसी-एसपी के ऑफिस वाली बिल्डिंग में बजा सायरन लघु सचिवालय की जिस बिल्डिंग में यह सायरन बजा, वहां डीसी, एसपी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के दफ्तर हैं। रोजाना यहां सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। जैसे ही सायरन बजा, कर्मचारियों और आम लोगों में दहशत फैल गई। तुरंत बिल्डिंग को खाली करवाया गया और लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। फायर ब्रिगेड-कर्मचारी कंधों पर उठाकर ला रहे थे बेहोश लोग सायरन बजने के कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड, पुलिस और एम्बुलेंस की टीमें मौके पर पहुंच गई। एक फायर कर्मचारी को एक व्यक्ति को कंधे पर उठाकर लाते देखा गया, जो बेसुध था। महिला पुलिसकर्मियों ने बुजुर्ग महिलाओं को बाहर निकाला। दमकल विभाग की टीमें स्ट्रेचर लेकर दौड़ती नजर आई। हर मंजिल की जांच की गई कि कहीं कोई कर्मचारी या नागरिक अंदर फंसा तो नहीं है।इस दौरान छत पर भी कुछ लोगों के फंसे होने की सूचना मिली। फायर ब्रिगेड की टीम ने तुरंत सीढ़ी लगाकर छत पर चढ़ाई की और वहां से फंसे हुए लोगों को सुरक्षित नीचे लाया गया। राहत टीमों ने किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी के साथ मोर्चा संभाला। चार लोग हुए थे बेहोश, एम्बुलेंस से भेजा गया अस्पताल अंदर फंसे लोगों में से 4 कर्मचारी बेसुध पाए गए। किसी को स्ट्रेचर पर ले जाया गया, तो किसी को कंधे पर उठाकर बाहर निकाला गया। सभी को एंबुलेंस के जरिए कल्पना चावला मेडिकल अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंचकर इलाज में जुटी रही।

बस स्टैंड पर भी किया गया अभ्यास, 15 मिनट में पहुंची एम्बुलेंस-सिर्फ लघु सचिवालय ही नहीं, बल्कि करनाल बस स्टैंड पर भी मॉक ड्रिल की गई। यहां एम्बुलेंस 15 मिनट में मौके पर पहुंची। इसके लिए पहले से ही 100 से 200 मीटर की दूरी पर फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की गाड़ियां तैनात की गई थीं। इससे घटनास्थल तक पहुंचने में देरी नहीं हुई और पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन को जल्दी से अंजाम दिया गया। डीसी ने दी मॉक ड्रिल की जानकारी जिला उपायुक्त उत्तम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सब एक मॉक ड्रिल का हिस्सा था। इसका मकसद आपातकालीन स्थिति में रेस्क्यू टीमों का रिस्पॉन्स टाइम और समन्वय जांचना था। उन्होंने कहा कि यह एक ट्रेनिंग थी, ताकि अगर भविष्य में कोई असली संकट आए तो उससे निपटने में कोई कमी न रह जाए। सभी विभागों के रिस्पॉन्स टाइम की समीक्षा बाद में की जाएगी। एसपी ने कहा- सरकार के आदेश पर की गई ड्रिल एसपी गंगाराम पुनिया ने बताया कि हरियाणा सरकार के आदेश पर यह मॉक ड्रिल करवाई गई थी। इसका उद्देश्य था कि किसी आपदा की स्थिति में पुलिस, फायर ब्रिगेड और स्वास्थ्य विभाग कितनी तेजी और प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देते हैं। ब्लैकआउट के दौरान करें ये जरूरी उपाय प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि ब्लैकआउट के दौरान सभी प्रकार की लाइटें, इन्वर्टर, मोबाइल स्क्रीन और अन्य बिजली उपकरणों को पूरी तरह से बंद कर दें। जो लोग वाहन चला रहे हों, वे साइड में गाड़ी खड़ी कर उसकी लाइट बंद कर दें और वहीं रुक जाएं। मोबाइल फोन का भी इस्तेमाल न करें और सोशल मीडिया पर कोई अफवाह न फैलाएं। खिड़कियों के पास बैठने या कोई एलईडी डिवाइस इस्तेमाल करने से बचें। खिड़कियों को मोटे पर्दे या कार्डबोर्ड से ढकने की सलाह दी गई है। रात 7 से 8 बजे तक लिफ्ट का इस्तेमाल न करें प्रशासन ने लोगों को सलाह दी है कि शाम 7 से 8 बजे के बीच किसी भी हाल में लिफ्ट का इस्तेमाल न करें। लिफ्टों को पहले से निष्क्रिय कर दें ताकि बिजली बंद होने की स्थिति में कोई परेशानी न हो।

# प्रधानमंत्री मोदी तुंरत हस्तक्षेप कर पंजाब से हरियाणा को उसके हक का दिलाए पानी: रामपाल माजरा

इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष ने भारतीय सेना द्वारा किए गए आप्रेशन सिंदुर की सराहना, आंतकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 7 मई।** इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ने पंजाब सरकार द्वारा हरियाणा का पानी रोकने के विरोध में शहर में प्रदर्शन किया और लघु सचिवालय के बाहर मटके फोड़ कर प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से केन्द्र सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा के कहा कि पानी प्राकृति की देन है और पंजाब सरकार ने हरियाणा का पानी रोक कर मानवता के खिलाफ काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तुंरत इस मामले में हस्तक्षेप कर पंजाब से हरियाणा को उसके हक का पानी दिलाना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा व कांग्रेस केवल राजनीति कर रही है और सरकार द्वारा पानी लाने के कोई ठोस प्रयास नहीं किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि भाखडा से निकलने वाले पानी पर हरियाणा का पूरा हक है और अब पंजाब सरकार द्वारा 8500 क्यूसिक पानी में से 4000 क्यूसिक पानी हरियाणा को दिया जा रहा है, जोकि सरासर गलत है। हरियाणा में लगातार जलसंकट बढ़ता जा रहा है और भाजपा व कांग्रेस सिर्फ राजनीति कर रही है। इनेलो प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने भारतीय सेना द्वारा पहलगाम हमले का बदलना लेने के लिए किए गए आप्रेशन सिंदुर की भी जमकर सराहना की और कहा कि आंतकवाद के खिलाफ आज पूरा देश एकजुट है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना पर देश की जनता को गर्व है। इस अवसर पर पूर्व सांसद कैप्टन इन्द्र सिंह, पूर्व विधायक रामफल कुंडू, बलवंत सिंह मायना, उमेद सिंह लोहान, नफे सिंह लाहली, एडवोकेट कृष्ण कौशिक, एडवोकेट विनोद अहलावत, सतीश नांदल रिठाल, सुनीता नांदल रिठाल, इन्द्र सिंह ढुल, शीला खरैटी, कृष्णा दलाल, कुंती देवी, कमला मलिक, सुशीला राणा, वेद भराण, जयसिंह शिमली, ताजबीर शिमली, राजबीर वाल्मीकि, सूरजदेहराज, डीके हुड्डा, अरविंद गोस्वामी, विनेश लाकडा, पुनित मायना, रामभगत लाकडा, मास्टर मुख्तयार, यादराम सरपंच, करतार काहनी, राजेश कटावाडा, भीम चिडी, देवेन्द्र फौजी, चन्द्रवैरागी, हरिराम सेन, भोला सुडाना, राजेश, दलेल ढाका, रामानंद सरपंच, आकाश, सतबीर सहरावत, बल्लू खेडी साध, कृष्ण पांचाल, बबलू नरवाल, धीरेन्द्र सिवाच, मास्टर सिवाच, कर्मबीर, पवन मायना, लक्की सरदार, वीरेन्द्र नांदल, गुलाब ठाकुर, पवन सिवाच, स्वतंत्र शास्त्री, बलजीत, करमू बलियाना प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### जैन गर्ल्स स्कूल में छात्राओं को किया जागरूक



**यमुनानगर (अप्रस/डा. आरके जैन)।** भगवान महावीर दिगंबर जैन के प्रांगण में श्री महावीर दिगम्बर जैन गर्ल्स स्कूल के बच्चों व स्टाफ के लिए समर्थ किशोरी अवेयरनेस मोटिवेशन कैंप आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला थाना जगाधरी ए. एस. आई. नीलम ने की तथा संचालन सेवा भारती की जिला समर्थ किशोरी केंद्र के जिला प्रमुख किरण शर्मा ने किया। ए. एस. आई. नीलम ने स्कूल के स्टाफ व बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला पुलिस द्वारा महिलाओं विशेष रुप से लड़कियों को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया के मार्गदर्शन में पुलिस की टीमों द्वारा शिक्षण संस्थानों मे महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। महिला पुलिस की टीमों द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को, विशेष रूप से महिलाओं एवं लड़कियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है। महिला विरुद्ध होने वाले अपराधों की सूचना किसी भी थाना के महिला हैल्प डेस्क, महिला थाना, महिला हेल्पलाइन नम्बर 1091 या डायल 112 पर दी जा सकती है। सूचना पर पुलिस तुरन्त करवाई करेगी है। पुलिस टीम ने महिला विरुद्ध होने वाले अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी ताकि महिला विरुद्ध अपराध पर रोक लगा सकें।

### 59वें स्थापना दिवस पर हुआ भोजन वितरण



**यमुनानगर (अप्रस/डा. आरके जैन)।** श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर के तत्वाधान में जैन चैरिटेबल ग्रुप के सहयोग से व अनायका जैन परिवार के द्वारा भारतीय जैन मिलन के 59वें स्थापना दिवस पर जगाधरी कुष्ठ आश्रम में भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमन सोई ने की तथा संचालन राजीव सूद ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ णमोकार महामंत्र का उच्चारण कर किया गया। नीरज जैन ने जानकारी देते हुये बताया कि जैन चेरिटेबल ग्रुप द्वारा प्रभु की कृपा से अनेक प्रकार धार्मिक व सामाजिक कार्य किये जा रहे है, और इसी कड़ी में यह भोजन वितरण कार्यक्रम भारतीय जैन मिलन के 59वें स्थापना दिवस पर अनायका जैन परिवार के सहयोग से आयोजित किया गया। के. के. जैन ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंदों के लिये भोजन के रूप में सब्जी, रोटी व मिठाई की व्यवस्था की गई, जिसको लगभग 60 लोगों ने ग्रहण किया। इस अवसर पर मुकेश नागपाल, राजीव सूद, प्रियंकल अग्रवाल, अमन भंडारी, पंकज वर्मा, पुनीत गोल्डी जैन, ऋषभ जैन, भव्य जैन, पुनीत जैन, जितेन्द्र सोई, पारस, अमन सोई, शिवम, अश्विनी, पारस मसान, रवि, सुनील गुप्ता आदि ने सहयोग दिया।

### पहलगाम का बदला लेने पर 'ऑपरेशन सिंदूर' का धन्यवाद

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए बर्बता भरे नरसंहार हमले में हमारे 28 पर्यटक आतंकवादियों ने धर्म के नाम पर मौत की घाट उतार दिए थे। इस नरसंहार के विरोध में सारे भारत के लोगो ने अपनी आंखें केंद्र सरकार की तरफ लगाए हुए थे और केंद्र सरकार में भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से एक कड़ा जवाब देने की उम्मीद लगाए हुए थे और लोगों की इस उम्मीद पर खरे उतरते हुए भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की टीम ने एक फैसला 'ऑपरेशन सिंदूर' करने का निश्चय किया और पाकिस्तान को कड़ा जवाब देते हुए भारत ने इस हमले में पाकिस्तान के 90 से ज्यादा आतंकवादी 9 से ज्यादा आंतकवादी ठिकाने ऑपरेशन सिंदूर में नष्ट कर दिए जिसको लेकर आज सारे टोहाना शहर में सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने नेहरू मार्केट पहुंचकर केंद्र नेतृत्व व भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया और शहर जय सियाराम के नारों से गूंज उठा। दूसरी तरफ़ पहलगाम हमले के विरोध में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर पूर्व कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने भी केंद्रीय नेतृत्व व भारत सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का ऑपरेशन सिंदूर के लिए धन्यवाद किया और ऑपरेशन सिंदूर पर हमला कर पाकिस्तान को कड़ा जवाब देने पर कहा कि देश का नेतृत्व बहुत मजबूत हाथों में है और देश की सेना को बधाई दी और लोगों को इस घड़ी में प्रशासन का साथ देने की भी अपील की।

### 16 मई को मनाया जाएगा भगवान परशुराम प्रकटोत्सव

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** पं. नेकीराम शर्मा विचार मंच एवं ब्राह्मण धर्मशाला उचाना द्वारा 16 मई को भगवान परशुराम प्रकटोत्सव मनाया जाएगा। उचाना की भगवान परशुराम धर्मशाला में इसका आयोजन होगा। मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचेंगे। शिक्षाविद् रामचंद्र अत्री ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर भगवान परशुराम धर्मशाला में मीटिंग ब्राह्मण सभा उचाना के प्रधान रघुबीर शर्मा पालवां की अध्यक्षता में हुई। सर्व जातीय समाज को साथ लेकर भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम प्रकटोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

# डीएवी स्कूल में छात्राओं को गुलाबी पंख शिविर में किया जागरुक

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 7 मई।** डी.ए.वी. सी.सैं पब्लिक विद्यालय नारायणगढ़ में गुलाबी पंख जागरूक शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा ग्यारहवीं व बारहवीं की छात्राओं को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया ।

शिविर में डॉक्टर पूनम शर्मा ने लड़कियों को सर्विक्स कैंसर ,डॉक्टर सुधा गुप्ता ने व्यक्तिगत स्वच्छता और डॉ. अनिरूध भूषण ने मानसिक तनाव से मुक्ति पाने के कारण व उपाय बताए । विद्यालय सभागार में डॉक्टरों का स्वागत स्कूल कोर्डिनेटर श्रीमती निर्मला देवी और तरनजीत कौर ने किया। डॉक्टर ने छात्राओं को अपने आसपास के वातावरण को साफ़ और स्वच्छ रखने का सुझाव दिया जिसमें बीमारी व संक्रमणों से बचा जा सके ।उन्होंने कहा कि छात्राओं को मानसिक तनाव से बचने के लिए ध्यान और योगा करना चाहिए ,जिससे उनमें सामाजिक,मानसिक व शारीरिक सुधार होगा। छात्रों ने स्कूल की मेडिकल इंचार्ज नेहा की सहायता से विभिन्न जिज्ञासाओं की पूर्ति की।

प्रधानाचार्य डॉक्टर आर पी राठी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुलाबी पंख शिविर एक सराहनीय क़दम है ।ऐसे जागरूक शिविर छात्राओं के भावी जीवन के लिए बहुत आवश्यक है। कोर्डिनेटर श्रीमती तरनजीत कौर ने डॉक्टर पूनम शर्मा डॉक्टर सुधा गुप्ता और डॉक्टर अनिरुद्ध भूषण को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए शिविर गुलाबी पंख के द्वारा छात्राओं का मार्गदर्शन करने के लिए आभार व्यक्त किया ।

# विनय के परिजनों ने कहा- अब मिली कलेजे को ठंडक

## भारत की पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर एयर स्ट्राइक पर प्रतिक्रिया

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 7 मई।** भारत की पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर एयर स्ट्राइक पर हरियाणा के करनाल के नेवी लेफ्टिनेंट के माता-पिता ने खुशी व्यक्त की है। यह एयर स्ट्राइक पहलगाम आतंकी हमले के बदले में हुई। इसी हमले में लेफ्टिनेंट नरवाल की उनकी पत्नी हिमांशी के सामने शादी के 7वें दिन 3 गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी।

लेफ्टिनेंट के पिता राजेश नरवाल ने एयर स्ट्राइक का नाम ऑपरेशन सिंदूर रखने को सही बताया। उन्होंने कहा-हमारी बेटियों-बहनों के सामने उनके पतियों की निर्मम हत्या की गई। उनका धर्म पूछा गया, कलमा तक पढ़वाया गया। ऑपरेशन सिंदूर, नाम से पहलगाम हमले में मरने वाले 26 लोगों के परिवारों सांत्वना मिलेगी वहीं लेफ्टिनेंट की मां आशा ने कहा- मैं बहुत ही खुश हूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बदला लिया है। इस बदले से पहलगाम आतंकी हमले में मरने वाले लोगों को श्रद्धांजलि मिली है और उन्हें न्याय मिला है। उधर, विनय की पत्नी हिमांशी नरवाल के पिता सुनील कुमार ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत विनय नरवाल की शहादत को सच्ची श्रद्धांजलि दी गई है। दोषियों को सरकार ने सजा दे दी है।स्ट्राइक पर लेफ्टिनेंट के पिता की 4 अहम बातें.. रकार ने अपना काम करके दिखाया~ राजेश नरवाल ने कहा- जब भी मुझसे सवाल किया जाता था कि आप भारत सरकार से क्या चाहते हैं, मेरा एक ही जवाब होता था कि मुझे सरकार पर पूरा भरोसा है और वह अपना काम कर रही है। आज सरकार ने वह काम करके दिखाया है। हां, जिनके लाल चले गए, उनका जीवन तो वापस नहीं आ सकता, लेकिन जो बात मैंने उस समय भी कही थी कि ऐसा कुछ हो कि इस तरह की कायराना और बुजदिली करने की कोई कोशिश न करे।हमला आतंकियों के जेहन में गूंजेगा~ राजेश नरवाल ने कहा, भारत सरकार ने जो यह कदम उठाया है, यह बिल्कुल सही किया है। वह आतंकियों के जेहन में हमेशा गूंजता रहेगा और ऐसा दोबारा करने से पहले वे 100 बार सोचेंगे, क्योंकि उनको एक संदेश मिल चुका है। हमारी सरकार की तरफ से यदि कभी उंगली भी उठाई, उसका जवाब कैसा होगा, उनको समझ लेना चाहिए। सैनिक भाई हमेशा ही हमारे सम्मान की बात कर रहे हैं। हमें उनका मनोबल बनाए रखना चाहिए।

### 25 लाख की लागत से पंजाबी धर्मशाला के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ

**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** इस्माइलाबाद कस्बे में स्थित पंजाबी धर्मशाला का नवीनीकरण कार्य अब प्रारंभ हो चुका है, जिसकी अनुमानित लागत 25 लाख होगी। यह धर्मशाला वर्षों से समाज के सामाजिक और पारिवारिक कार्यक्रमों का केंद्र रही है, और अब इसे आधुनिक रूप में विकसित किया जा रहा है। इस नवीनीकरण कार्य का विधिवत शुभारंभ भाजपा नेता जय भगवान शर्मा 'डी.डी.' के सुपुत्र विंकल शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विंकल शर्मा ने कहा कि यह कार्य माननीय मुख्यमंत्री नायब सैनी जी के 'विकसित हरियाणा' विजन का हिस्सा है। जय भगवान शर्मा 'डी.डी.' जी के नेतृत्व में पिहोवा क्षेत्र में निरंतर गति पकड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस धर्मशाला का विकास समाज की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता को पूर्ण करेगा। यह धर्मशाला समाज की एकजुटता, सहयोग और सेवा भावना का प्रतीक बनेगी। नवीनीकरण के बाद यह भवन आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा, जिससे नगरवासियों को सामाजिक व पारिवारिक आयोजनों के लिए एक सशक्त और सुविधाजनक स्थल प्राप्त होगा।

# बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में दाखिला प्रक्रिया शुरू

## नई शिक्षा नीति के तहत गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारपरक शिक्षा पर विशेष जोर

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 7 मई।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार इस बार प्रवेश प्रक्रिया को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप ढालते हुए शिक्षण प्रणाली को और अधिक लचीला, नवाचार-समर्थ और रोजगारोन्मुखी बनाया गया है। विश्वविद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए छात्रों को अब केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं रख रहा, बल्कि उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण, उद्योगों से प्रत्यक्ष जुड़ाव और बेहतर प्लेसमेंट अवसर प्रदान करने के लिए विशेष प्रयास कर रहा है। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में वर्तमान में 14 विभागों के 80 से ज्यादा कोर्स के अंतर्गत स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और विविध पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। इनमें इंजीनियरिंग, मेडिकल और पैरामेडिकल साइंसेज, फार्मेसी, मैनेजमेंट, कानून, कंप्यूटर साइंस, आईटी, शिक्षा, आर्ट्स, सोशल साइंस, संस्कृत, हिंदी और विज्ञान शामिल हैं। विश्वविद्यालय ने छात्रों के समग्र विकास हेतु कई नवाचार किए हैं जैसे इनोवेशन हब, इन्क्यूबेशन सेंटर, इंडस्ट्री-कनेक्ट प्रोग्राम्स, डिजिटल लर्निंग लैब्स, रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल, स्किल डेवलपमेंट सेल, और एलुमनी कनेक्ट सेल। ये सभी पहले विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर और नवाचारशील बनाने में मददगार हैं। विश्वविद्यालय द्वारा परिसर में 2024-25 में आयोजित जॉब फेयर में देश और विदेश की 30 से अधिक राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भाग लिया। इस अवसर पर 400 से अधिक युवाओं को सीधे प्लेसमेंट प्राप्त हुआ, जो विश्वविद्यालय की इंडस्ट्री-कनेक्ट शिक्षा नीति और छात्रों की कार्यकुशलता का सशक्त प्रमाण है। कुलपति प्रो. एच. एल. वर्मा ने बताया कि बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि यह एक संस्कारशाला है, जहाँ युवा पीढ़ी का सर्वांगीण निर्माण होता है। नई शिक्षा नीति के तहत विश्वविद्यालय में मल्टीपल एंट्री-एग्जिट, स्किल-बेस्ड कोर्सेस, और इनोवेशन आधारित शिक्षा मॉडल को अपनाया गया है, जिससे छात्र स्वयं अपने भविष्य के निर्माता बन सकें।

### सांसारिक मोह को त्याग कर ही संत जन कल्याण के लिए साधना करते हैं

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अमित)।** सांसारिक मोह माया का त्याग कर ही संत महापुरुष कठोर से कठोर तपस्या करते हैं। जग ज्योति दरबार में पंच धूनी कठोर अग्नि तपस्या कर रहे महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि संतों द्वारा तप व साधना केवल जन कल्याण के लिए ही की जाती है। बुधवार को भी अग्नि के ढेरों के बीच महंत राजेंद्र पुरी ने श्रद्धालुओं के साथ भजन संकीर्तन किया। उन्होंने कहा कि उनकी अग्नि तपस्या राष्ट्र की सुरक्षा और देश में शांति की कामना के साथ की जा रही है। अग्नि तपस्या उनकी हर वर्ष नियमित मई जून महीने में साधना है। यह साधना देश में शांति और समृद्धि लाने के लिए की जाती है और साथ ही राष्ट्र की सुरक्षा की भी कामना की जाती है। उन्होंने बताया कि लोगों के कल्याण के लिए 1 मई से अग्नि तपस्या शुरू की थी और उनकी तपस्या का आज सातवां दिन है।

# डूमरखां गांव की दो हैंडबॉल खिलाड़ियों का हुआ भारतीय टीम में चयन

अर्थ प्रकाश/मित्तल

**उचाना मंडी, 7 मई।** ईरा इंटरनेशनल स्कूल डूमरखा के हैंडबाल प्रशिक्षण सेंटर पर हैंडबॉल खेलने वाली आरजू, प्रवेश कुमारी का भारतीय हैंडबॉल टीम में चयन हुआ। भारतीय टीम 7 से 15 मई 2025 तक ओमान के मस्कट शहर में आयोजित 10वीं एशियन बीच हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगी। ईरा इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर जुगमिंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ये दोनों खिलाडी गांव डूमरखा की रहने वाली है। दोनों अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। आरजू सिमा शस्त्र बल में कार्यरत है जबकि प्रवेश कुमारी कुछ दिन पहले बीएसएफ में सरकारी नौकरी लगी। ये दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय पदक विजेता रही है तथा पिछले वर्ष हरियाणा सरकार की तरफ से 12-12 लाख रुपए नकद पुरस्कार प्राप्त कर चुकी है। जल्द दोनों खिलाड़ियों को 7-7 लाख रूपए का नकद पुरस्कार हरियाणा सरकार द्वारा मिलने वाला है।

उन्होंने बताया कि भारतीय टीम वियतनाम, फिलीपींस, जार्डन, हांगकांग, चाईना, ओमान, सऊदी अरब, मालदीव, ईरान, पाकिस्तान सहित अन्य टीमों के साथ मैच खेलेगी। इन दोनों खिलाड़ियों के वापस आने पर ईरा स्कूल की मैनेजमेंट कमेटी द्वारा समारोह आयोजित करके इन्हें सम्मानित किया जाएगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने अपने पैतृक गांव डूमरखा कलां की इन दोनों बेटियों को भारतीय टीम में सम्मिलित होने पर बधाई सन्देश भेजा है और इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के अंतर्गत महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल में हुआ अलंकरण समारोह

अर्थ प्रकाश/अर्पण वधवा

**कुरुक्षेत्र, 7 मई।** श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के अंतर्गत महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल दबखेड़ी में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। अलंकरण समारोह में चारों सदनों के कैप्टन एवं वाइस कैप्टन का चुनाव किया गया। जिसमें गंगा हाउस से कक्षा दसवीं का छात्र ऋषभ कैप्टन और कक्षा दसवीं से छात्रा शगनप्रीत को वाइस कैप्टन चुना गया। यमुना हाउस के लिए कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा मन्नत दीप कैप्टन और कक्षा नौवीं से लवलीन को वाइस कैप्टन चुना गया। सरस्वती हाउस से कक्षा नौवीं की छात्रा गुरनूर कौर कैप्टन और गुरशान वाइस कैप्टन चुने गए। गोदावरी हाउस से कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा पलक को कैप्टन और कक्षा दसवीं से लवप्रीत को वाइस कैप्टन के रूप में चयनित किया। इसके साथ-साथ विद्यालय के हैड बॉय और हैड गर्ल का भी चुनाव किया गया। कक्षा 12वीं के छात्र दीपांशु को हैड बॉय एवं कक्षा 12वीं की छात्रा सृष्टि को हैड गर्ल के सम्मान से सम्मानित किया गया। यह पद उनमें आत्मविश्वास और आशा के साथ-साथ जिम्मेदारी की भावना पैदा करता है। श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता ने नवनियुक्त विद्यार्थी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और उन्हें संदेश दिया कि वे अपने कर्तव्य को समर्पण के साथ निभाएं। विद्यालय के नियमों और आदर्शों को हमेशा बनाए रखें। मौके पर प्रधानाचार्या डा. अमिता शर्मा ने सभी नवनिर्वाचित विद्यार्थियों को उनके पद के लिए उन्हें बेज और सैशे पहनाकर अलंकृत किया। उन्होंने कहा कि अलंकरण समारोह मनाने का उद्देश्य विद्यार्थियों को जिम्मेदारी और नेतृत्व की भावना से ओत-प्रोत करना है। ताकि वे स्कूल की नीति के संदर्भ में नियम बना सकें और स्कूल में सकारात्मक प्रभाव लाने में सक्षम हो सकें।

# काउंटडाउन कार्यक्रम की अंतिम चरण में तैयारियां, आयुष विवि में फाइनल रिहर्सल आज

## नोडल अधिकारी ने की समीक्षा बैठक, योग प्रोटोकॉल समेत अन्य व्यवस्थाओं पर हुआ मंथन

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया



**कुरुक्षेत्र, 7 मई।** कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर स्थित पुरुषोत्तमपुरा बाग में आगामी 9 मई को आयोजित होने वाले 43वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस काउंटडाउन कार्यक्रम को लेकर श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय की योग विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम की नोडल अधिकारी प्रो. शीतल सिंगला की अध्यक्षता में एक अहम बैठक हुई।

बैठक में नोडल अधिकारी प्रो. शीतल सिंगला व सहायक कुलसचिव अतुल गोयल ने मंच की सजावट, प्रतिभागियों के बैठने की व्यवस्था, यातायात और पार्किंग प्रबंधन,योग प्रोटोकॉल संचालन, अतिथि स्वागत, चिकित्सा व्यवस्था सहित अन्य सभी तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की। बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रतिभागियों की सुविधा को प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर जलपान, प्राथमिक चिकित्सा, साउंड सिस्टम और योग मैट्स की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इससे पहले शहर की योग संस्थाएं और आयुष विभाग के अधिकारियों के साथ भी मीटिंग हुई। प्रो.शीतल सिंगला ने संबंधित टीमों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम को भव्य, व्यवस्थित और प्रेरणादायक बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि सुबह 6:30 बजे से शुरू होने वाले कार्यक्रम में 700 से 1000 साधकों की भागीदारी संभावित है, जिनमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, शहर के स्कूलों के छात्र और 15 से अधिक योग संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाओं की समय पर पूर्ति सुनिश्चित की जाए,ताकि कार्यक्रम स्थल पर किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो, इसके लिए सभी टीमों में समन्वय बनाए रखा जाए।

सहायक कुलसचिव अतुल गोयल ने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम न केवल योग का प्रचार-प्रसार करेगा, बल्कि आयुष विश्वविद्यालय की कार्यकुशलता और समर्पण को भी दर्शाएगा। इस मौके पर योग शिक्षक योगेंद्र कुमार, डॉ. जोरावर सिंह, नवीन कुमार, समीर, अरविंद कुमार, जेई मनीष कुमार, विक्रम सिंह, कीमती लाल, राजेंद्र सिंगला, सुरेश कुमार, जय सिंह व डॉ.अमन समेत अन्य मौजूद रहे। इससे पहले, बुधवार सुबह विश्वविद्यालय परिसर में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। जबकि फाइनल रिहर्सल आज गुरुवार को विश्वविद्यालय परिसर के प्रांगण में होगी। योगाभ्यास में कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान, कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर, आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. देवेंद्र खुराना, आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजेंद्र चौधरी, प्रो. मनोज तंवर, डॉ. सुरेंद्र सहरावत समेत अन्य शिक्षक, गैर शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे। योगाभ्यास का उद्देश्य विद्यार्थियों को योग के प्रति जागरूक करना और आगामी काउंटडाउन कार्यक्रम के लिए उन्हें तैयार करना था।

# सिंदूर उजाड़ने वालों को भारतीय सेना ने 'ऑप्रेशन सिंदूर' से करारा जवाब दिया : बड़ौली

- ऑप्रेशन सिंदूर आतंकवाद के समूल नाश का संकल्प
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भारतीय सेना पर देशवासियों को भरोसा
- हम सभी को भारतीय सेना पर गर्व है

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 मई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भारतीय सेना ने ''आप्रेशन सिंदूर'' चलाकर माता-बहनों के सिंदूर को उजाड़ने वालों को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का संकल्प आतंकवाद का समूल नाश करना है। ऑप्रेशन सिंदूर इसी संकल्प का हिस्सा है। श्री बड़ौली ने कहा कि 6-7 अप्रैल की रात भारतीय सेना ने पाकिस्तान में दहशतगर्दों के नौ ठिकानों को तबाह कर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए परिवारों के साथ न्याय किया है। बुधवार को चंडीगढ़ में प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री बड़ौली ने आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमें हमारी सेना पर गर्व है। इस मौके पर भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी संजय आहुजा भी उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ और दूरदर्शी नेतृत्व में भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भारतीय सेना पर देशवासियों को पूरा भरोसा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सशक्त और मजबूत हो रहा है। आप्रेशन सिंदूर मजबूत होते भारत की पहचान है। भारत की सेना ने अपनी ही जमीन पर ऑप्रेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में साजिश के तहत आतंकियों ने धर्म को टारगेट कर निर्दोष लोगों की हत्या की थी। इससे देश के लोगों में आक्रोश था। 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को संदेश और भरोसा दिया था कि आतंकियों और उन्हें पालने पोसने वालो को मिट्टी में मिलाया जाएगा। श्री बड़ौली ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में उन नौ ठिकानों को टारगेट किया जहां से आतंकी ट्रेनिंग लेते थे।

पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि पहलगाम की घटना से भारत के 140 करोड़ लोगों में आक्रोश था। लोगों को पूरा भरोसा था कि मोदी सरकार आतंकियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेगी। उन्होंने कहा कि ऑप्रेशन सिंदूर इसी कड़ी का हिस्सा है। मोदी सरकार ने अपने वादे को पूरा किया और हमारी सेना ने 25 मिनट में ऑप्रेशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री बड़ौली ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में बढ़ती भारत की ताकत का पूरी दुनिया को पता चला गया है। प्रधानमंत्री मोदी जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं। विश्व को यह भी मालूम हो गया है कि पाकिस्तान आतंकियों को पालने पोषने और छिपाने का काम करता है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि भारत की सेना ने साहसिक निर्णय लिया और आतंकियों को कड़ा सबक सिखाया है।

# नागरिकों को जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना चाहिए, घबराने की जरूरत नहीं : डॉ. मिश्रा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 मई।** हरियाणा गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने आज पंचकूला में स्थापित कंट्रोल रूम से 'ऑपरेशन अभ्यास' के तहत प्रदेश में आयोजित सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल की मॉनिटरिंग की। इस दौरान उन्होंने डायल 112 पर आने वाली फोन कॉल्स के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह मॉक ड्रिल आपातकालीन स्थिति के लिए खुद को तैयार करने के लिए है। किसी भी नागरिक को घबराने या चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर दी जा रही सूचनाओं का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए खुद को तैयार रखें। उन्होंने कहा कि फिलहाल स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में मॉक ड्रिल की गई है और कंट्रोल रूम से पूरे प्रदेश की लाइव फीड पर नजर रखी जा रही है। कई जगहों पर मॉल्स में मॉक ड्रिल की गई है, तो कई जगहों पर जिला सचिवालयों में यह अभ्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि यह सभी जिलों में चल रहा एक व्यापक अभ्यास है। उन्होंने आपदा की तैयारियों को ब?ाने और आपात स्थिति के दौरान सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में इस तरह की मॉक ड्रिल के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए हैं कि आज पूरे राज्य में की गई मॉक ड्रिल को हर साल 7 मई को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा ताकि 3 पी - तैयारी, सावधानी और कोई घबराहट नहीं - सुनिश्चित किया जा सके।

डॉ. मिश्रा ने लोगों से जिला प्रशासन द्वारा बताए गए निर्देशों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य तैयारी और सतर्कता है। इसलिए लोगों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### एमएम डीयू कॉलेज ऑफ नर्सिंग में कार्यशाला



**मुलाना (अप्रस/सचिन मलिक)।** एमएम डीयू कॉलेज ऑफ नर्सिंग मुलाना द्वारा 'नर्सिंग पेशेवरों को सशक्त बनाना: प्रबंधन कौशल को उन्नत बनाना' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में नर्सिंग पेशेवरों ने भाग लिया। कार्यशाला की मुख्य अतिथि कर्नल बीनू शर्मा, सीनियर डायरेक्टर नर्सिंग, मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड थीं। कार्यशाला में विशिष्ट वक्ताओं के रूप में डॉ. अन्मोलिका वत्सल क्वालिटी मैनेजर, एमएमआईएसआर, मुलाना, अंबाला), अजिताभ एल्विन थॉमस (एसोसिएट जनरल मैनेजर - हेड ऑफिस, नर्सिंग क्वालिटी, एजुकेशन एंड ट्रेनिंग्स, मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड, दिल्ली), तथा डॉ. अन्नू कौशिक डायरेक्टर नर्सिंग, क्लाउडनाइन ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, गुरुग्राम ने अपने विचार साझा किए। एमएमसीओएन की प्राचार्य डॉ. ज्योति सरीन ने माननीय मुख्य अतिथि और विशिष्ट वक्ताओं का स्वागत किया। कार्यशाला की थीम 'परफॉर्मेंस थ्रू पर्पज़: मास्टरिंग डिसीजन मेकिंग एंड बिल्डिंग एंड सस्टेनिंग हाई परफॉर्मेंस टीम इन नर्सिंग एंड स्टाफिंग' को कार्यशाला समन्वयक अदिबा सिद्दीकी द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस कार्यशाला में उत्तरी भारत के विभिन्न कॉलेजों और राज्यों से लगभग 121 प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य केवल नर्सों के लिए एक नए युग की शुरुआत करना नहीं था, बल्कि उन्हें नर्सिंग पेशे में परिवर्तन लाने हेतु सशक्त बनाना भी था। कार्यशाला में रोचक शोध पोस्टर प्रस्तुतियाँ और पैनल चर्चा भी शामिल थीं, जिन्हें प्रतिभागियों द्वारा खूब सराहा गया और इससे कार्यशाला की प्रभावशीलता स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हुई।

### होगी मोहिनी एकादशी की विशेष पूजा

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/राजकुमार वालिया)।** अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत जगन्नाथ पुरी ने बताया कि मोहिनी एकादशी का आध्यात्मिक आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है। यह पूजन एवं व्रत वैशाख शुक्ल एकादशी को किया जाता है और भगवान विष्णु के मोहिनी स्वरूप की पूजा होती है। उन्होंने बताया कि 8 मई को संत महापुरुषों के सान्निध्य में श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर ठसका मीरां जी में मोहिनी एकादशी का विशेष पूजन होगा। महंत जगन्नाथ पुरी ने बताया कि इस पूजन को करने से मोक्ष की प्राप्ति और पापों का नाश होता है। मोहिनी एकादशी पूजन एवं व्रत बहुत फलदायी होता है। इस दिन भगवान विष्णु और लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। मोहिनी एकादशी का पूजन करने से सभी मोह बंधनों से भी मुक्ति मिलती है।

### 55वां दीक्षांत समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न



**जींद (अप्रस/सुरेश सिसोदिया)।** राजकीय महाविद्यालय जींद का 55वां दीक्षांत समारोह बहुत ही गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक श्री सत्यवान मलिक ने की तथा मुख्य अतिथि श्री विरेन्द्र सिंह बडख़ालसा, ओएसडी मुख्यमंत्री हरियाणा तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. नीरज सिंह, परीक्षा नियंत्रक, सीआरएसयू, जींद ने अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि श्री वीरेंद्र सिंह बडखलसा, ओएसडी सीएम हरियाणा ने अपने ओजस्वी संबोधन में विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल डिग्री प्राप्त करने का नहीं, बल्कि जीवन के नए अध्याय की शुरुआत का अवसर है। आपने वर्षों जो ज्ञान अर्जित किया है, अब उसका उपयोग राष्ट्र और समाज की सेवा में करें। उन्होंने कहा कि डिग्री केवल कागजों तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि आपके आचरण व चरित्र में भी झलकनी चाहिए। जीवन में अनुशासन आवश्यक है तथा प्रत्येक नागरिक की देश के प्रति जिम्मेदारी है। 'मैं नहीं करूंगा तो कौन करेगा?' - यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी का भाव ही हमारे सच्चे शिक्षित होने का प्रमाण है। उन्होंने स्वरचित कविता के माध्यम से सभी को जल संरक्षण व पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेने का संकल्प दिलाया तथा शिक्षकों, प्रबंधन व गैर-शिक्षण कर्मचारियों को नमन करते हुए उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप प्राचार्य मुनीष कुमार, डॉ. सतीश मलिक आईक्यूएसी समन्वयक, डॉ भगवान दास, महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा, जिनकी लगन एवं प्रतिबद्धता से यह समारोह गरिमामय ढंग से सफल हो सका।

### मोबाइल स्नेचिंग करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** सीआईए वन पुलिस टीम ने रिफाइनरी लोहा पूल के पास युवक से मोबाइल छीनने वाले दो आरोपियों को मंगलवार देर शाम रिफानरी रोड पर पेप्सी पुल के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान न्यू बोहली निवासी अभिषेक व संजय के रूप में हुई। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम को मंगलवार देर शाम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म के दो युवक एक एचएफ डिलक्स बाइक पर सवार होकर रिफाइनरी रोड पर पेप्सी पुल के पास घूम रहे है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर दोनों युवकों को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान अभिषेक पुत्र दलीप व संजय पुत्र प्रेम सिंह निवासी न्यू बोहली के रूप में बताई। गहनता से पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने 1 मई की शाम उक्त बाइक पर सवार होकर रिफाइनरी लोहा पुल के पास एक युवक से मोबाइल फोन छीनने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

# हनी ट्रैप मामले में दंपति चढ़े पुलिस के हत्थे, 50 हजार की पहली किस्ते लेते दोनों को किया पुलिस ने काबू

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 7 मई।** दुष्कर्म के झूठे केस में हनी ट्रैप रच 10 लाख की रंगदारी मामले में महिला थाना की पुलिस टीम ने एक दंपती को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में दंपति ने एक डाक्टर पर दुष्कर्म का झूठा आरोप लगाने की धमकी देकर उससे 10 लाख रुपये की मांग की थी। इसके बाद महिला पुलिस की टीम ने दंपति को काबू करने के लिए युवक को पांच लाख रुपये में सौदा तय करने की योजना बनाई। इसके बाद जैसे ही युवक ने 50 हजार रुपये की पहली किस्त दी तो महिला थाना की पुलिस टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पीड़ित डाक्टर ने महिला थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि एक महिला और उसके पति ने उसे फंसाने की साजिश रची है। महिला पहले दोस्ती करती है, फिर दुष्कर्म का झूठा केस दर्ज करवाने की धमकी देती है। इसी क्रम में महिला ने 10 लाख रुपये की मांग की थी। आखिर में सौदा पांच लाख में तय हुआ और आरोपी पति-पत्नी 50 हजार रुपये लेने के लिए तैयार हो गए। शिकायत मिलने के बाद महिला थाना प्रभारी वीना रानी ने गिरफ्तारी को लेकर दबिश देने के लिए विशेष टीम का गठन किया। योजना अनुसार शिकायतकर्ता आरोपियों को पैसे देने पहुंचा और मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने दोनों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी दंपति पहले भी कई लोगों को इसी तरह हनी ट्रैप में फंसा चुके हैं। महिला खुद को मजबूर या पीड़ित बताकर पुरुषों से संबंध बनाती और बाद में दुष्कर्म या छेड़छाड़ का झूठा केस दर्ज करवाने की धमकी देकर रुपये ऐंठती थी। उसका पति इस पूरे खेल में शामिल होता था और एक 'संपर्क सूत्र' के तौर पर बातचीत करता था।

**पीड़ित डाक्टर ने सुनाई आप बीती:** डाक्टर ने आप बीती सुनाते हुए कहा कि महिला उसके पास दांत लगवाने के लिए आई। उसने 1800 रुपाए की डिमांड की। लेकिन महिला ने कहा कि मैं 1800 रुपए नहीं दूंगी। अगर ज्यादा बोले तो महिला थाने में शिकायत दे दूंगी। डाक्टर ने डर के मारे 1800 रूपए छोड़ दिए। लेकिन महिला ने अगले दिन थाने में दुष्कर्म की शिकायत दे दी और इसके बाद थाने से फोन आया तो उन्होंने सच्ची घटना बता दी। इसके बाद पति पत्नी ने मिलकर उसे दुष्कर्म के झूठे केस में फसाने की धमकी दी। 10 लाख रुपये की मांग की और 5 लाख रुपए में बात तय हुई। आरोपियों ने उपे किश्तों में पैसे देने की बात कही। बुधवार को पहली किश्त दी तो पुलिस ने दोनों को रंगे हाथों दबोच लिया।

थाना प्रभारी वीना रानी ने कहा कि यदि कोई महिला किसी भी पुरुष को झूठे केस में फंसाने या ब्लैकमेल करने की कोशिश करती है, तो डरने की जरूरत नहीं है। ऐसे मामलों में तुरंत महिला थाना को सूचित करें। हम पूरी सुरक्षा और गोपनीयता के साथ कार्रवाई करेंगे।

# लघुसचिवालय में युद्ध जैसी स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल किया

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 7 मई।** शहर के बापौली रोड स्थित लघुसचिवालय में युद्ध जैसी स्थिति से निपटने के लिए एसडीएम अमित कुमार के मार्गदर्शन में डीएसपी नरेंद्र कादियान की मौजूदगी में मॉक ड्रिल आयोजित की गई। ड्रिल का उद्देश्य आमजन को आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित और सतर्क रहना सिखाना था। सायरन बजते ही सभी कर्मचारी को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। कर्मचारियों ने दिशा-निर्देशों का पालन कराते हुए सभी की उपस्थिति सुनिश्चित की। प्राथमिक उपचार टीम ने घायलों की सहायता के तरीके बताए। सभी अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। यह मॉक ड्रिल सभी के लिए उपयोगी रही। इससे कर्मचारियों को आपात स्थिति में संयम और सहयोग का महत्व समझ में आया। मॉक ड्रिल शुरू होते ही तुरंत एंबुलेंस की गाड़ियां मौके पर पहुंचनी शुरू हो गई। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि इस प्रकार की स्थिति में घायलों को इस तरीके से अस्पताल तक पहुंचने का कार्य किया जाता है। तत्पश्चात मौके पर पहुंची पुलिस व अग्निशमन वाहनों द्वारा आग बुझाते हुए सुरक्षा हेतु महत्वपूर्ण बातें बताई। समालखा एसडीएम ने लोगों से अपील करते हुए कहा किसी भी स्थिति में धैर्य व संयम से काम लें तथा हड़बड़ाहट उत्पन्न ना होने दें।

# कलायत नगर पालिका में सीएम फ्लाइंग का छापा

## चार घंटे चली जांच के दौरान छानबीन के घेरे में रही प्रोसिडिंग बुक

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला

**कलायत, 7 मई।** कलायत नगर पालिका में बुधवार को मुख्यमंत्री फ्लाइंग ने औचक छापा कार्यवाही की। फ्लाइंग डीएसपी पवन कुमार के दिशा-निर्देश पर सब इंस्पेक्टर बजिंद्र सिंह व सब इंस्पेक्टर पवन कुमार ने टीम के साथ करीब चार घंटें पालिका में डेरा जमाए रखा। जांच की कार्यवाही नपा सचिव पवन शर्मा के बंद कमरे में चली। इससे अधिकारियों-कर्मचारियों में हड़कंच मचा रहा। जबकि पार्षदों, समाज सेवी संगठनों और शहर के लोगों ने इस छापा कार्यवाही का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जनहित व जन भावना से जुड़े कार्यों को सरकार की नीति अनुसार पूरा करवाने के लिए नगर पालिका की स्पेशल निगरानी की जरूरत है। प्राप्त जानकारी अनुसार मुख्य रूप से टीम ने नगर पालिका की प्रोसिडिंग बुक, प्रोपर्टी आईडी, डोर टू डोर सफाई, कामन शौचालय-पब्लिक शौचालय, पार्क रखरखाव टेंडर, विभिन्न तरह के भुगतान व विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े रिकार्ड सहित कई अहम बिंदुओं को आधार बनाकर जांच को विस्तृत रखा। मुख्यमंत्री उडऩदस्ता निरंतर हर कार्य से जुड़े रिकार्ड को निर्धारित नियमों की कसौटी पर परखने में लगा रहा। इसके साथ ही टीम ने ग्राउंड पर जाकर भी डोर टू डोर सफाई व नपा संबंधित कार्यों का मुआयना किया। पूरी कार्यवाही के दौरान जिस प्रकार नपा अधिकारियों के हाथ पांव फूले थे उससे यह जाहिर होता है कि स्थिति सामान्य नहीं है। रिकार्ड की जांच कार्यवाही को आगे बढ़ाते हुए टीम सीधी नपा से जुड़े रिकार्ड की गहराई से जांच के लिए जिला मुख्यालय पहुंची। बताया जा रहा है कि कैथल में जिला पालिका आयुक्त के साथ-साथ निकाय व्यवस्था से जुड़ी विभिन्न ब्रांचों की जांच-पड़ताल पूरी की जानी है ताकि नीचे से लेकर ऊपर तक पूरी व्यवस्था को सही मायने में जांचा जा सके।

पूर्व चेयरपर्सन प्रतिनिधि सलिंद्र प्रताप राणा ने कहा कि नगर पालिका में प्रोपर्टी आईडी के नाम पर व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार का खेल जारी है। प्रोपर्टी ब्रांच में बिना दस्तावेजी कार्यवाही के चेहतों को बेशकीमती जमीन का मालिक बनाया जा रहा है। जमीन का मालिक कोई है और फर्जी तरीके से आईडी बनाकर किसी ने गोदाम का निर्माण कर लिया है तो किसी ने मकान-दुकान का।

# शादी की खुशियां मातम में बदली, सडक़ हादसे में दो युवकों की मौत, दो घायल

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 7 मई।** जिले के गांव चंदलाना में आज सुबह करीब 9 बजे सडक़ हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए और हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। चारों युवक झज्जर के धुलेड़ा गांव से आर्टिगा कार में सवार होकर अंबाला के बटेड़ी गांव में शादी में जा रहे थे। जैसे ही वे नेशनल हाई-वे 152डी पर टोल प्लाजा के पास पहुंचे तो आगे जा रहा एक ट्रक अचानक हल्के वाहनों की लेन में आ गया। इससे उनकी कार सीधे ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर ढांड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों व घायलों को सिविल अस्पताल कैथल पहुंचाया। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया और दो को इलाज के लिए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया है। मृतक युवकों की पहचान 20 वर्षीय अजय और 21 वर्षीय रौनक के रूप में हुई है। ये सभी एक ही कार में सवार होकर अंबाला के गांव बटेड़ी जा रहे थे। ढांड थाना के जांच अधिकारी बलजोर सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई थी। मृतक व घायलों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर दो की मौत हो गई व दो घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने मृतक अजय के पिता विकास की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मृतक युवकों के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए गए है।

# सेन्सन पेपर मिल पिहोवा में हुई मॉक ड्रिल : कपिल कुमार

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 7 मई।** उपमंडल अधिकारी नागरिक कपिल कुमार ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार उपमंडल पिहोवा में सेन्सज पेपर मिल में मॉक ड्रिल किया गया। आपातकालीन परिस्थितियों में किस प्रकार से जान-माल की सुरक्षा हो, उसके बारे में विस्तार से बताया गया। एसडीएम कपिल कुमार ने कहा कि मॉक ड्रिल एक अभ्यास है, जिसमें नगरवासियों को उनकी सुरक्षा के लिए हर पहलू की जानकारी दी जाती है। मॉक ड्रिल एमरजेंसी के समय में विभिन्न बिंदुओं पर बचाव कार्य बारे एक अभ्यास है। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि वो डरें नहीं, यह प्रशासन द्वारा पब्लिक सुरक्षा बढ़ाने के लिए रिहर्सल है। इस दौरान यदि कोई शरारती तत्व डर का माहौल, किसी भी प्रकार की गलत हरकत, गलत संदेश या वीडियो फैलाता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई में अमल में लाई जाएगी। उसे पुलिस हिरासत में रखा जाएगा। इस मौके पर डीएसपी निर्मल सिंह ने कहा कि पिहोवा के सेनशन पेपर मिल में मोक ड्रिल सायं 4 बजे के समय किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का डर फैलाने वाले की सूचना प्रशासन व पुलिस को दें। पुलिस ने सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए एक निगरानी कमेटी का गठन किया हुआ है। कोई भी व्यक्ति बिना किसी पुष्टि वाली पोस्ट को शेयर करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यह अभ्यास करके उन जरूरतों को नोट किया जाएगा, जिनकी आपातकाल के समय जरूरत पड़ेगी। मॉड ड्रिल में अग्नि से कैसे बचाव किया जाएगा, इसके बारे में फायर ब्रिगेड और पुलिस विभाग की टीमों ने मौके पर स्वयं प्रदर्शित करके दिखाया और बचाव के मार्ग दिखाए। घायलों की सुरक्षा व उनका रेस्क्यू, उन्हें सुरक्षित स्थान पर पंहुचाना व स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा सेवा देना जैसे बचाव कार्यों को इस मॉल ड्रिल के माध्यम से दर्शाया गया।

# सायरन बजते ही बचाव दल ने प्रतीकात्मक घायलों को पहुंचाया अस्पताल

## कैथल में चार जगहों पर मॉक ड्रिल में सुरक्षा व्यवस्थाओं व आपात स्थिति की तैयारियों को परखा

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 7 मई।** आपात स्थिति में नागरिक सुरक्षा, आपदा की स्थिति में प्रभावी एवं मजबूत प्रबंधन और राहत कार्यों की तैयारियों को लेकर बुधवार को जिले में चार स्थानों पर मॉक ड्रिल कर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की। जिसमें डीसी प्रीति व एसडीएम अजय सिंह की अगुवाई में अंबाला रोड स्थित झुग्गी झोपड़ियों में एयर स्ट्राइक होने की स्थिति में बचाव कार्यों का मॉक ड्रिल किया गया, वहीं एडीसी दीपक बाबू लाल करवा की अगुवाई में गांव सोलू माजरा स्थित साइलोज भंडारण स्थल पर आगजनी व एयर स्ट्राइक की स्थिति में बचाव कार्यों की मॉक ड्रिल की गई। नगर पालिका पूंडरी में भीड़ भाड़ की जगह भवन गिरने की स्थिति में आयोजित मॉक ड्रिल का निरीक्षण एसपी आस्था मोदी ने किया। वहीं गांव कांगथली स्थित पावर प्लांट में नायब तहसीलदार बंसीलाल की अगुवाई में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अंबाला रोड स्थित झुग्गी झोपड़ियों में एयर स्ट्राइक पर सायरनों की आवाज गूंजते ही बचाव दल मौके पर पहुंचना शुरू हो गए। जिसमें फायर ब्रिगेड, पुलिस, एंबुलेंस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। डीसी प्रीति भी तुरंत मौके पर पहुंचीं। उनकी निगरानी में पूरा बचाव एवं राहत कार्य चला। अभ्यास के तौर पर रेडक्रॉस के वॉलिंटियर्स हमले की स्थिति में घायल होने पर लोगों को पीठ पर व स्ट्रेचर पर उठाकर बाहर लाया गया। उन्हें तुरंत एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। इसके अलावा दमकल की गाड़ियों ने भी अभ्यास के तौर पर आगजनी पर काबू पाया गया। डीसी प्रीति ने सभी झोपड़पट्टी के निवासियों को सुरक्षा मानकों की जानकारी दी।

**चौंकना नहीं,चौकन्ना रहना है:** डीसी प्रीति ने कहा कि यह केवल अभ्यास है। यदि वास्तव में कोई ऐसी स्थिति आती है तो सावधानी से अपना बचाव करें। प्रशासन हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। स्वयं भी लोग जागरूक हों और आपात स्थिति में किए जाने वाले सभी उपायों की पालना सुनिश्चित करें। डीसी ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में नागरिक सुरक्षा सर्वोपरि है। इसके अलावा ऐसी स्थिति में बचाव एवं राहत कार्य के लिए एक मजबूत डिजास्टर प्लान होना चाहिए। ताकि समय रहते राहत एवं बचाव कार्य करते हुए नुकसान को कम किया जा सके। हमें आपात स्थिति में चौंकना नहीं, बल्कि चौकन्ना रहना चाहिए।

गांव सोलूमाजरा स्थित साइलों में भी सायं चार बजे अचानक सायरन बजा तो गेहूं भंडारण स्थल सहित कार्यालय से कर्मचारी दौड़ते हुए खुले स्थान पर पहुंचें। प्रशासन की ओर से एडीसी दीपक बाबू लाल करवा की अगुवाई में एंबुलेंस, दमकल विभाग की गाड़ी, डायल 112 व एसएचओ ढांड मौके पर पहुंचें।

# ग्राम पंचायतों में अब तक खर्च किए फंड की अधिकारी अकाउंटिंग रखें तैयार : आरती सिंह राव

कहा- परिवाद समिति की शिकायतों की जांच रिपोर्ट आगामी बैठक में पेश करें अधिकारी

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने जिला ग्रीवेंस समिति की मासिक बैठक में सुनी शिकायतें

7 शिकायतों को किया डिस्पोज, 4 रखीं लंबित

अर्थ प्रकाश /दयाराम वशिष्ठ

**पलवल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों में विकास के लिए एचआरडीएफ के तहत टाइड व अनटाइड का आगामी फंड पिछले फंड की अकाउंटिंग के बाद ही प्रदान किया जाएगा। इसलिए अधिकारी आगामी बैठक में ग्राम पंचायतों में अब तक खर्च किए गए फंड का पूर्ण ब्यौरा लेकर अवश्य आएं। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव बुधवार को जिला सचिवालय के सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देशित कर रहीं थीं। उन्होंने इस अवसर पर एजेंडा में शामिल कुल 11 शिकायतों को सुना और 7 का मौके पर ही समाधान करवाया।

बैठक में गांव मीठाका के ग्राम पंचायत समिति सदस्य साकिर की मीठाका में आंगनवाड़ी भवन के अधूरे कार्य को पूरा करवाने से संबंधित पंचायती राज के खिलाफ शिकायत में कार्यकारी अभियंता ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव को अवगत करवाते हुए कहा कि यह कार्य शुरू कर दिया गया है और मई महीने के अंत तक पूर्ण कर दिया जाएगा। गांव घर्रोट निवासी गंगाधर की जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से संबंधित तथा पलवल की ज्योति की हैफेड से जमीन छुड़वाने से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अब तक की जांच रिपोर्ट प्रार्थी को उपलब्ध करवाएं ताकि वह अपनी अर्जी सिविल कोर्ट में दायर कर सकें। वहीं बढ़ा गांव के रहने वाले कल्लू की लोक निर्माण विभाग में डीसी रेट की नौकरी से निकाल देने की शिकायत पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव को अवगत करवाया कि यह जांच अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा जारी है तथा कल्लू को फिलहाल कॉन्ट्रैक्ट के तहत नौकरी पर रख लिया गया है तथा उसे जल्द ही स्वीकृति पत्र भी प्रदान कर दिया जाएगा। इसके अलावा ग्राम पंचायत कुशक निवासी प्रियंका की पुलिस विभाग से संबंधित शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मंत्री आरती सिंह राव ने विधायक होडल हरिंद्र सिंह को दोनों पक्षों का आपसी सद्भाव के साथ समझौता करवाने की जिम्मेदारी सौंपी।




इसी प्रकार गांव धतीर के सरपंच दुष्यंत डागर की खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले संबंधी शिकायत की सुनवाई करते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ को संबंधित राशन डिपो धारक के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पीरगढ़ी के रहने वाले चंद्रपाल की विकास एवं पंचायत विभाग में चौपाल पर अवैध कब्जे संबंधी शिकायत पर स्वास्थ्य मंत्री ने बीडीपीओ को गांव में मौके पर जाकर अवैध कब्जा हटवाने के संदर्भ में कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए। गांव गढ़ी विनोदा निवासी महेंद्र प्रताप की लोक निर्माण विभाग से संबंधित शिकायत पर मंत्री आरती सिंह राव ने अतिरिक्त उपायुक्त को इस मामले की जांच करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। रायपुर के रहने वाले विजयपाल की पुलिस विभाग में आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करवाने संबंधित शिकायत की जांच कर समाधान करवाने के लिए एसडीएम ज्योति को निर्देश दिए। गांव कारना के अनूप सिंह की सेवारत सैनिक के भूमि विवाद का समाधान करवाने की पुलिस विभाग से संबंधित शिकायत पर मंत्री ने तहसीलदार को जमीन तकक्षीम करने के लिए निर्देशित किया। आली विहार नई दिल्ली के रहने वाले जय प्रकाश की बिजली निगम में बिल जमा न करने संबंधी शिकायत पर अधिकारियों ने मंत्री आरती राव को विश्वास दिलाया कि आगामी माह जून तक प्रार्थी का रिफंड कर दिया जाएगा।

# पूरे देश को सेना पर गर्व : डॉ अरविंद शर्मा

कैबिनेट मंत्री बोले, देश की 140 करोड़ जनता को प्रधानमंत्री मोदी पर पूरा भरोसा

अर्थ प्रकाश /सुकरमपाल



**रोहतक।** प्रदेश के सहकारिता, कारागार एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि आज पूरे देश को सेना पर गर्व है और सेना के ऑपरेशन सिंदूर ने यह साबित कर दिया है कि जो भी भारत की तरफ आंख उठाकर देखेगा उसे किसी भी किमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बिहार रैली में साफ-साफ कहा था कि पहलगाम के दोषियों को ऐसी सजा दी जाएगी, जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जो कहते, उसे पूरा करते है और देश की 140 करोड़ आबादी को मोदी पर पूरा भरोसा है। कैबिनेट मंत्री ने बुधवार को प्रदेश में कई स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की और इस दौरान ऑप्रेशन सिंदूर को लेकर भी प्रतिक्रिया दी। इस दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि भारत सरकार ने संकल्प ले रखा है कि आंतकवाद का पूरी तरह से खात्मा किया जाएगा और सिंदूर ऑप्रेशन ने यह साबित कर दिया है कि देश की आत्मा पर हमला करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश एकजूट है और प्रधानमंत्री के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि अब पाकिस्तान सिंदूर ऑप्रेशन को लेकर बौखला गया है और एलओसी पर लगातार सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है, जिसका भारतीय सेना मुंह तोड़ जवाब दे रही है। उन्होंने प्रदेश की जनता से भी आह्वान किया है कि वे ऐसी किसी भी मॉकड्रिल से भयभीत न हो, आधिकारिक अपडेट के लिए आकाशवाणी व दूरदर्शन के संपर्क में रहें। नागरिक अफवाहें फैलाने वालों पर ध्यान न दें।

# रोटारैक्ट क्लब का स्थापना समारोह चंडीगढ़ में उत्साह के साथ आयोजित




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** डॉ. हरवंश सिंह जज इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के रोटारैक्ट क्लब का स्थापना समारोह 3 मई 2025 को रोटरी हाउस, चंडीगढ़ में बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में रोटा वर्ष 2024-25 के लिए नई नेतृत्व टीम की औपचारिक शुरुआत की गई। रोटारैक्ट क्लब के अध्यक्ष के रूप में रोटरेक्टर नयना गुप्ता की आधिकारिक रूप से नियुक्ति की गई, जबकि रोटारैक्टर साक्षी गोयल ने सचिव का कार्यभार संभाला। समारोह रोटरी क्लब चंडीगढ़ के अध्यक्ष रोटेरियन जतिंदर कपूर और जिला रोटारैक्ट प्रतिनिधि (डीआरआर) रोटारैक्टर शशांक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिन्होंने नवगठित टीम को प्रोत्साहन दिया एवं आगामी वर्ष के लिए रोटरेक्ट क्लब के विजन का उल्लेख किया। समारोह का समापन धन्यवाद प्रस्ताव और सेवा ,नेतृत्व के लिए नई प्रतिबद्धता के साथ हुआ। सदस्यों ने आने वाले वर्ष के लिए उत्साह व्यक्त किया, जिसमें सामुदायिक जुड़ाव और सार्थक पहल पर जोर दिया गया।

# देश ने जैसा चाहा, मोदी ने वैसा किया : कुंवर पाहवा

अर्थ प्रकाश /जयबीर राणा थंबड



**बराड़ा।** युवा भाजपा नेता कुंवर पाहवा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पहलगाम में आतंकी हमला कर जिन 26 निर्दोष लोगों की जान लेकर हमारी अस्मिता पर चोट करने वाले आतंकियों पर जिस तरह की जवाबी कार्रवाई देश चाहता था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैसा ही हमला कर पाकिस्तान में आतंकवाद की रीढ़ तोड़ने का काम किया है।

कुंवर पाहवा ने अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान पर एक वार्ता के दौरान पहलगाम आतंकी हमले की घोर निन्दा करते हुए कहा कि अपरोक्ष रूप से यह पाकिस्तान की कायराना हरकत है जिसने हंसते खेलते बेकसूर लोगों को धर्म का नाम पुछ कर केवल इस लिए मौत के घाट उतार दिया कि वो सब हिन्दू थे। गत रात्रि भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों पर हवाई हमला कर पहलगाम के शहीदों को श्रद्धांजलि देने का काम किया, जिससे सभी भारतवासियों का सर गर्व से ऊंचा हुआ है। उन्होंने भारत की सुरक्षा संचालन की प्रशंसा की और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देश जैसा चाहता था, वैसा ही हुआ।

युवा नेता कुंवर पाहवा ने कहा कि हरियाणा में डबल इंजन की सरकार किसानों के दुख-सुख की सबसे बड़ी साथी है। सरकार प्रयासरत है कि हरियाणा के किसानों का सामर्थ्य बढ़े। उन्होंने कहा कि हरियाणा की बीजेपी सरकार अब राज्य की 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदती है। हरियाणा के लाखों किसानों को पीएम फसल बीमा योजना का लाभ भी मिला है और सरकार लगातार जनता से किए वायदे पूरे कर रही है।

हरियाणा में बीजेपी ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर जनता में अपनी लोकप्रियता का जो संदेश दिया है, उसका अनुसरण पूरा भारत करेगा और हर राज्य में डबल इंजन सरकार की बनाए जाने की दिशा में काम होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोग 50 साल से उसी राजनीतिक दल की सरकार बनाते आ रहे हैं, जिसकी केंद्र में होती है। हरियाणा का इतिहास रहा है कि केंद्र में सरकार बनाने वाली पार्टी ही हरियाणा में सरकार बनाती है।

हरियाणा में केंद्र की तर्ज पर तीसरी बार बीजेपी की सरकार बनी है। 2014 में देश की सत्ता परिवर्तन का सियासी प्रभाव हरियाणा की राजनीति पर भी पडा. 2014 के लोकसभा चुनाव के एक साल बाद 2015 में हरियाणा के विधानसभा चुनाव हुए। बीजेपी ने हरियाणा की 90 में से 47 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाई और पहली बार अपना मुख्यमंत्री बनाने में भी सफल रही। इसके बाद 2019 लोकसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ केंद्र की सत्ता में वापसी के साथ ही बीजेपी हरियाणा की सियासी बाजी भी अपने नाम करने में कामयाब रही। 2019 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को भल ही बहुमत नहीं मिली, लेकिन 40 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और बीजेपी ने जेजेपी व निर्दलियों के सहयोग से सरकार बनाई है। परन्तु 2024 के चुनावों में हरियाणा में तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनीं, जो मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में दिन रात जनकल्याण के कार्य कर रही है।

# लंबी अवधि का सायरन बजने के साथ ही आरंभ हुई नागरिक सुरक्षा गतिविधि



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रोहतक।** जिला प्रशासन द्वारा आज रोहतक में लघु सचिवालय में प्रभावशाली नागरिक सुरक्षा अभ्यास (मॉक ड्रिल)किया गया। ठीक सांय 4 बजे हवाई हमले की चेतावनी देने वाला लंबी अवधि का सायरन बजा। सायरन बजने के साथ ही नागरिक सुरक्षा से संबंधित गतिविधियां आरंभ हो गई। सायरन की चेतावनी को समझते हुए लघु सचिवालय के अधिकारी व कर्मचारियों के अलावा आमजन ने सीढ़ियों से उतरना शुरू कर दिया। अधिकतर लोग घबरा गए थे और उन्होंने दम घुटने की शिकायत की थी। सीढ़ियों में अधिक भीड़ होने की वजह से नागरिक लघु सचिवालय के भवन में फंस गए। इस स्थिति में वैकल्पिक सीढ़ी लगाई गई। स्वयं सेवकों द्वारा सर्व प्रथम बच्चों को पीठ पर बैठाकर नीचे लाया गया। इसके उपरांत गर्भवती महिलाओं व दिव्यांगजनों को भी प्रथम व द्वितीय तल से नीचे उतारा गया। बुजुर्ग भी इस वैकल्पिक सीढ़ी के माध्यम से नीचे लाए गए।

## न्यूज ब्रीफ

### धूमधाम से हुई श्री खाटू श्याम बाबा जी मूर्ति स्थापना



**बराड़ा(अप्रस)।** गांव थंबड़ स्थित बाबा बुखारी दास मंदिर में श्री खाटू श्याम जी की मूर्ति स्थापना बड़ी धूमधाम से की गई। बुधवार सुबह मूर्ति स्थापना से पूर्व मूर्ति को लेकर शोभायात्रा निकाली गई, जो खेड़ा मंदिर से शुरू हुई। इसके बाद शोभायात्रा गांव की गलियों से होकर गुजरी। शोभायात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और श्री खाटू श्याम के जयकारों से पूरा गांव गूंज उठा। श्रद्धालुओं के लिए भक्तों ने रास्ते में जलपान इत्यादि के स्टाल लगाए गए और पुष्पवर्षा के साथ शोभाया का स्वागत किया गया। इसके बाद शोभायात्रा बाबा बुखारी दास मंदिर में जाकर सम्पन्न हुई, जहां श्री खाटू श्याम जी की मूर्ति स्थापना की गई। इस अवसर पर अशोक गर्ग, जॉनी राणा योगेश गुप्ता, कुशल कुमार, सुशील गर्ग, अशोक बंसल, श्रवन कुमार, संनी बंसल, संजय मनोचा, विकटर जोशी, बबलू शर्मा, रमन कुमार समेत भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# लघु उद्योग भारती द्वारा बिजली आपूर्ति से जुड़े मुद्दों पर की गई महत्वपूर्ण बैठक

अर्थ प्रकाश /दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधि मंडल ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक ए. श्रीनिवास से उद्योगों से जुड़ी बिजली समस्याओं को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की। इस चर्चा में प्रदेश के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन अध्यक्ष श्रीराम अग्रवाल ने बताया कि इस विशेष मीटिंग में हरियाणा सहित फरीदाबाद में उद्योगों को बिजली आपूर्ति संबंधित आवश्यकताओं को लेकर चर्चा हुई। डीएचबीवीएन प्रबंध निदेशक ए. श्रीनिवास ने उधमियों को बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं अन्य समस्याओं का भी यथाशीघ्र समाधान करने का हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

बैठक में यह मांग प्रमुखता से रखी गई कि निर्यात में हो रही वृद्धि और उत्पादन की निरंतरता को बनाए रखने के लिए प्रदेश की औद्योगिक इकाइयों को चौबीसों घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति दी जाए। विभाग की ओर से बताया गया कि हाल में बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी, बिजली खरीद लागत में हुई वृद्धि के कारण की गई है। वर्तमान में कुल बिजली उत्पादन में सौर ऊर्जा की हिस्सेदारी केवल पाँच से छह प्रतिशत है, जिसे बढ़ाने से भविष्य में उत्पादन लागत कम हो सकती है।

प्रतिनिधि मंडल को जानकारी दी गई कि उद्योगों की बिजली से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए एक एकल खिड़की प्रणाली की स्थापना की जा रही है, जिससे शिकायतों का समाधान तेज़ी से हो सकेगा। संचालन और अनुरक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पचास कनिष्ठ अभियंता और चार सौ पचास लाइन कर्मी नियुक्त किए गए हैं। फरीदाबाद क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से भूमिगत केबल बिछाने के लिए दो हजार आठ सौ करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही वर्तमान सभी स्टेशनों पर भार कम करने और भविष्य की मांग को ध्यान में रखते हुए नए सब स्टेशनों की स्थापना का कार्य भी किया जा रहा है।

# डीएसपी समालखा ने नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए प्रदर्शनी मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखा किया रवाना

नशा मुक्त जीवन, नायाब जीवन–डीएसपी नरेंद्र कादियान

अर्थ प्रकाश /मनदीप कुमार



**समालखा।** जिला में नशा मुक्त अभियान के नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक समालखा श्री नरेंद्र कादियान ने नशा मुक्त अभियान के तहत बुधवार को समालखा फ्लाई ओवर पुल के नीचे से नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए प्रदर्शनी मोबाइल वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें ब्रह्मकुमारीज संस्थान का भी विशेष रूप से सहयोग रहा।

मोबाइल वैन के साथ समालखा रेलवे रोड सहित मुख्य बाजार में पैदल रैली निकालकर आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक किया गया। इसके साथ ही मनाना गांव के सरकारी स्कूल में छात्र छात्राओं को नशे के खिलाफ जानकारी देकर जागरूक किया गया।

अभियान का लक्ष्य आगामी कुछ महीनों में जिला की प्रत्येक कॉलोनी, गांव व कस्बा में मोबाइल वैन में लगे आडियों वीडियों प्रदर्शनी से लोगों को नशे से दुष्प्रभाव से जागरूक कर जिला को नशा मुक्त बनाना है।

इस अवसर पर समालखा ब्रह्मकुमारीज सेवा केंद्र संचालिका किरण, सहयोगी ममता, समालखा थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर दीपक व कॉर्डिनेटर जगपाल मुख्य रूप से उपस्थित रहें। उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कादियान ने कहा कि नशा एक गंभीर समस्या है। नशा मनुष्य के शरीर को अंदर से खोखला कर देता है। नशा करने वाले व्यक्ति को समाज व परिवार में कोई भी मान सम्मान नहीं करता है। उन्होंने कहा कि नशे से शरीर का नुकशान होने के अतिरिक्त पैसों की भी बर्बादी होती है। नशा करने वाले व्यक्ति का ध्यान अपराध की तरफ बड़ता है। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाण पुलिस लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में पुलिस द्वारा स्कूल, कॉलेज, फैक्टरी, गांव व कॉलोनियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन व विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कादियान ने कहा कि छात्र नशे से दूर रहकर पड़ाई के साथ साथ खेलों में हिस्सा लेकर जीवन को सवारें। खेल हमे नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते है।

# ऑपरेशन सिंदूर का जनता ने किया स्वागत

## पहलगाम हमले में उजड़ी मांगों का प्रतिशोध है ऑपरेशन सिंदूर : ललित मोहन



पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट के अधिवक्ता ललित मोहन बराड़ा ने कहा कि पहलगाम हमले में निर्दोष लोगों को मारकर माताओं बहनों की मांग उजाड़ने का जो कुकृत्य आतंकवादियों ने किया, आज उसका बदला लेने के लिए भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर देश का प्रतिशोध पूरा किया। आतंकवादियों के ठिकानों पर हमले कर आतंकवाद की रीढ़ तोड़ने का जो कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है उसकी जितनी तारीफ की जाए कम है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में पूरा देश

## पहलगाम हमले के जवाब में देश ने जैसा चाहा, वैसा हुआ :विशाल सिंगला



प्रयास समाज सेवा संस्थान के प्रधान विशाल सिंगला ने कहा कि पहलगाम में सैलानियों पर हुए आतंकी हमले से पूरे देश में रोष पनपा हुआ था और जिस तरह की कार्रवाई की मांग की जा रही थी आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैसा ही करके हर भारतीय का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के आतंकी क्षेत्रों में ऑपरेशन सिंदूर के तहत किए गए हवाई हमले से जहां आतंकवाद की रीढ़ तोड़ने में सहायक होगा, वहीं आतंकी हमलों में मारे गए लोगों की आत्मा को शांति मिलेगी।

## 'मन की बात' मोदी जी ने सुनी और पाकिस्तान को करारा जवाब दिया : डिंपल



बराड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष डिंपल राणा ने कहा कि भारत की 140 करोड़ आबादी की मन की बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सुनी और पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। उन्होंने पहलगाम हमले के बाद देश में बढ़े जनाक्रोश पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पहलगाम में आतंकवाद का शिकार बेकसूर लोग हुए जिससे पूरे देश में रोष पनपा हुआ था। जनता की यही आवाज थी कि इस बार पाकिस्तान को का सबक सिखाया जाए। डिंपल राणा ने पाकिस्तान में आतंकी स्थानों पर ऑपरेशन सिंदूर ने तहत भारतीय



समाजसेवी जतिन छाबड़ा ने कहा कि आतंकवाद समाज का एक बहुत भयानक चेहरा है जिसका समूल विनाश होना ही चाहिए। उन्होंने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले की प्रशंसा करते हुए कहा की यह जो हवाई हमला भारत की सेना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पहलगाम में मारे गए निर्दोष लोगों की को न्याय दिलाने के लिए किया है उससे ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवाद के कारण उजड़ी मांगों को न्याय दिलाने का काम करेगा। ऑपरेशन सिंदूर में हमारे देश की बेटियों ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है मैं उनको भी सलाम करता हूं

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बराड़ा।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कई ठिकानों पर भारतीय सेना और वायु सेना द्वारा सटीक हमला किए जाने का जनता ने स्वागत किया है। जहां भारतीयों ने प्रसन्नता व्यक्त की है, वहीं विश्व में अमन और शांति की प्रार्थना भी की जा रही हैं। पाकिस्तान पिछले कई दशकों से भारत की धरती पर आतंकवादी घटनाएं करता रहा है, परन्तु भारत की ओर से हमेशा शांति वार्ता के जरिए पाकिस्तान को आतंकवाद पर लगाम लगाने और संरक्षण न देने की भारत की बार बार की अपील के बावजूद भी पाकिस्तान अपने नापाक इरादों से बाज़ नहीं आया और पहलगाम में निर्दोष सैलानियों को सिर्फ धर्म के नाम पर मौत के घाट उतार दिया। जिस पर मोदी सरकार ने कड़ा एक्शन लेते हुए ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए जिसमें 70 आतंकवादियों के मारे जाने की खबर है। सूत्रों ने बताया जम्मू-कश्मीर में एक अज्ञात स्थान से है, भारतीय सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी बुनियादी ढांचे पर हमला किया गया, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई और निर्देशित किया गया।

# ऑपरेशन अभ्यास के तहत जिला में हुई मॉकड्रिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सिरसा।** स्थानीय लघु सचिवालय में ऑपरेशन अभ्यास के तहत बुधवार को मॉकड्रिल हुई, जिसमें अचानक आग लगने के बाद बिल्डिंग को खाली करवाने से लेकर घायलों का अस्पताल पहुंचाने का अभ्यास किया गया। शाम चार बजे लघु सचिवालय में अचानक सायरन की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद अधिकारी और कर्मचारी अचानक बिल्डिंग से बाहर निकल आए। इसी दौरान पुलिस, सिविल डिफेंस, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस मौके पर पहुंची। सिविल डिफेंस व पुलिस कर्मचारी सचिवालय की बिल्डिंग के उस हिस्से में पहुंचे जहां, आग की वजह से धुआं नजर आ रहा था। कुछ देर में ही यहां से छह लोगों को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया गया। सायरन की आवाज के बाद पुलिस अधीक्षक डा. मयंक गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, एसडीएम राजेंद्र सिंह मौके पर पहुंच गए। इसके अलावा उपमंडल स्तर पर भी मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने मॉकड्रिल के बाद बातचीत करते हुए कहा कि यह अभ्यास इस बात को जांचने का था कि हम कितने समय में आपात स्थिति के दौरान मदद पहुंचा सकते हैं, जिससे कम से कम कैजुअलटी हो। उन्होंने कहा कि मॉकड्रिल के दौरान एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड के पहुंचने का समय भी नोट किया गया है। उन्होंने बताया कि आवश्यकता अनुसार फिर से मॉकड्रिल की जा सकती है। जिला में रात 7.50 से 8.00 बजे तक होने वाले ब्लैकआउट के लिए भी गांव स्तर पर भी जानकारी पहुंचाने के लिए ग्राम सचिव व पटवारियों की ड्यूटियां निर्धारित की गई है।

# घायल, अफरातफरी और राहत कार्य, मॉक ड्रिल में दिखा रियल टाइम एक्शन

ब्लैकआउट से पहले नाको पर पुलिस अलर्ट, डीसीपी ने किया सभी विभागों का धन्यवाद

पुलिस, एनडीआरएफ, फायर ब्रिग्रेड और चिकित्सा विभाग ने संयुक्त रुप से की मॉक ड्रिल



अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** पंचकूला में बुधवार को दो स्थानों–मिनी सचिवालय, सेक्टर-1 और सेक्टर-20 की मार्केट–में एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों जैसे कि प्राकृतिक आपदा, आतंकी हमला या अन्य किसी बड़ी दुर्घटना की स्थिति में प्रशासनिक और सुरक्षात्मक एजेंसियों की त्वरित व समन्वित प्रतिक्रिया को परखना और बेहतर बनाना था।

इस ड्रिल में पुलिस विभाग के साथ-साथ होमगार्ड, डिजास्टर मैनेजमेंट टीम, चिकित्सा विभाग, फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकालीन सेवाओं ने सक्रिय भागीदारी की। परिकल्पित आपदा स्थिति में नागरिकों के घायल होने की सूचना के साथ अभ्यास की शुरुआत हुई। घटनास्थल को तत्परता से घेरकर सुरक्षा प्रदान की गई, और घायलों को स्ट्रेचर के माध्यम से प्राथमिक चिकित्सा व अस्पतालों तक पहुँचाया गया। भीड़ को नियंत्रित कर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया तथा प्रभावित क्षेत्र में राहत व बचाव कार्य किए गए।

ड्रिल के आरंभ से पूर्व सायरन बजाकर आपदा की सूचना दी गई, तत्पश्चात पुलिस वाहनों द्वारा क्षेत्र में गश्त कर आम नागरिकों को दिशा-निर्देश दिए गए। पूरी कार्रवाई की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की गई ताकि हर चरण का विश्लेषण किया जा सके। इस दौरान ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्गो से सुचारू रूप से डायवर्ट किया गया और यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलने न पाए। ड्रिल में प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण और आपदा की स्थिति में मानसिक रूप से स्थिर रहने हेतु नागरिकों को मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

इस मौके पर पंचकूला की डीसीपी हिमाद्रि कोशिक स्वयं मौजूद रहीं। उन्होंने ड्रिल के पश्चात मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यह मॉक ड्रिल पूरी तरह से एक पूर्व नियोजित अभ्यास था, जिसका उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना, आपात स्थिति में समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करना और जनता की सुरक्षा के लिए तैयारियों का मूल्यांकन करना था। उन्होंने बताया कि पंचकूला पुलिस न केवल किसी भी आपदा से निपटने के लिए सक्षम है, बल्कि संभावित ब्लैकआउट की स्थिति को लेकर भी पूरी तरह अलर्ट पर है।

डीसीपी ने यह भी बताया कि शहर के सभी प्रमुख नाकों पर पुलिस बल को पूरी मुस्तैदी से तैनात कर दिया गया है, और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए सभी आवश्यक संसाधन सक्रिय हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी स्थिति में धैर्य बनाए रखें, अफवाहों से बचें और केवल अधिकृत सूचनाओं पर विश्वास करें।

डीसीपी हिमाद्रि कोशिक ने मॉक ड्रिल में सम्मिलित सभी विभागों, सुरक्षाबलों, चिकित्सा कर्मियों तथा जागरूक नागरिकों का धन्यवाद व्यक्त किया और आश्वस्त किया कि पंचकूला पुलिस हर आपदा से निपटने के लिए हर समय तत्पर और पूरी तरह से तैयार है।

## बिना अनुमति पंचायती जमीन से पेड़ काटने पर तंगोरी का सरपंच निलंबित

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** जिला न्यायालयों एवं अन्य न्यायाधिकरणों, यूटी., चंडीगढ़ में 10.05.2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, यूटी., चंडीगढ़ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, यूटी., चंडीगढ़ द्वारा 10 मई 2025 को जिला न्यायालय परिसर, सेक्टर-43, चंडीगढ़ में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। जो लोग जिला न्यायालयों एवं अन्य न्यायाधिकरणों, यूटी., चंडीगढ़ के समक्ष सूचीबद्ध अपने मामले को इस राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से समझौते के माध्यम से निपटाना चाहते हैं, वे अपने मामले को 10.05.2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में सूचीबद्ध करवाने के लिए यथाशीघ्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, यूटी. चंडीगढ़ के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

जिला न्यायालयों और अन्य न्यायाधिकरणों, यूटी., चंडीगढ़ में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में लिए जाने वाले मामलों का विवरण- आपराधिक समझौता योग्य अपराध; धन वसूली मामले; श्रम विवाद मामले; वैवाहिक विवाद/पारिवारिक विवाद; उपभोक्ता संरक्षण मामले; धारा 138 के तहत एनआई अधिनियम के मामले; मोटर दुर्घटना दावा मामले; सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं जैसे बिजली और पानी के बिल मामले आदि से संबंधित विवाद; किराए के मामले भरण-पोषण से संबंधित मुद्दे; और अन्य सिविल मामले (किराया, सुखभोग अधिकार, निषेधाज्ञा मुकदमे, विशिष्ट प्रदर्शन मुकदमे आदि)।

## बस का इंतजार कर रही 62 वर्षीय महिला का सोने का कड़ा काटकर महिला फरार

आधी नंबर प्लेट वाली स्विफ्ट कार में आई दो महिला व एक ड्राइवर ने दिया वारदात को अंजाम



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जीरकपुर।** मोतिया सिटी जीरकपुर में सड़क पर बस का इंतजार कर रही 62 वर्षीय महिला की दिन दिहाड़े कार में आई महिला सोने का कड़ा काटकर फरार हो गई। घटना बुधवार सुबह सवा 8 बजे की है। सुपरीडेंट सिविल सेक्रेटरीऐट हरियाणा से रिटायर्ड मधु शर्मा की दो तोले सोने का कड़ा काटा गया। यही नहीं स्नैचरों ने फरार होते समय मधु शर्मा के पांव पर गाड़ी का टायर भी चढ़ा दिया। स्विफ्ट गाड़ी में आई दो महिला व एक ड्राइवर ने इस वारदात को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि स्विफ्ट गाड़ी पर आधी नंबर प्लेट लगी थी। आरोपी वारदात के बाद अंबाला साइड की की तरफ फरार हो गए। इस मामले में मधु शर्मा ने एसपी दिहाती को शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, वारदात के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगाला जा रहा है कि ताकि लुटेरों का कुछ पता लग सके।

मधु शर्मा के पति 72 वर्षीय सतीश मोहन शर्मा ने बताया कि वह सोलन हिमाचल आए हुए हैं। उनकी पत्नी मधु शर्मा ने आज उनके पास सोलन आना था। वह सुबह सवा 8 बजे मोतिया सिटी के बाहर सड? पर लोकल बंस का इंतजार कर रही थी। उन्होंने चंडीगढ़ सेक्टर-43 बस स्टैंड जाना था। उसी दौरान एक स्विफ्ट कार उनके पास आकर रूकी जिसमें दो महिलाएं और एक ड्राइवर मौजूद था। उनके लहजे से वह एक गरीब परिवार से लग रही थी। महिला ने कार से उतरते ही मधु शर्मा से कहा कि आप मुझे जानते हो तो मधु शर्मा ने कहा कि नहीं मैं आपको नहीं जानती। उसके बाद महिला बोली चलो कोई बात नहीं जफ्फी तो डालो और उसने जबरन मधु शर्मा को गले लगा लिया। उसी दौरान उसने मधु शर्मा के हाथ में पहना दो तोले सोने का कड़ा काट लिया और भागकर गाड़ी में बैठ गई। जब मधु शर्मा उसे पकडने के लिए आगे बढ़ी तो ड्राइवर ने कार का टायर उसके पैर पर चढ़ा दिया। स्विफ्ट कार पर आधी नंबर प्लेट लगी हुई थी जिस कारण कार का आधा नंबर ही नोट किया गया।

## एसबीआई स्कॉलर क्विज प्रतियोगिता आयोजित



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** 01 जुलाई 2025 को प्लेटिनम जुबली समारोह के हिस्से के रूप में, भारतीय स्टेट बैंक, चंडीगढ़ मंडल ने टाइम्स ऑफ इंडिया के सहयोग से पंजाब कला भवन, सेक्टर 16, चंडीगढ़ में दिनांक 07.05.2025 को एसबीआई स्कॉलर क्विज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक से श्री मनोरंजन पांडा, महाप्रबंधक नेटवर्क - 1, श्री काजल कुमार भौमिक, उप महाप्रबंधक और मंडल विकास अधिकारी के साथ टाइम्स ऑफ इंडिया के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

प्रारंभिक दौर में शामिल 95 टीमों में से, 6 टीमों को अंतिम दौर के लिए चुना गया था। जिसमें से डीपीएस सेक्टर 40 सी, चंडीगढ़ की टीम (सुश्री मेहर और श्री करण) को विजेता घोषित किया गया। इसमें फर्स्ट रनर अप सेंट जॉन्स हाई स्कूल (मिस्टर अंश और मिस्टर दिग्विजय) की टीम थी व सेकंड रनर अप एथेनिया हाई स्कूल (मिस्टर आरोग्य और मिस्टर मुग्ध) की टीम थी।इस अवसर पर विजेताओं को श्री मनोरंजन पांडा और श्री काजल कुमार भौमिक द्वारा विजेताओं को क्रमशः 50,000 रुपये, 25,000 रुपये और 10,000 रुपये के चेक, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्लैकआउट एक्शन प्लान पर आधारित विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन




**कालका (जग्गी)।** सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल में आज एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों को ब्लैकआउट एक्शन प्लान के प्रति जागरूक करना और आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्क रहने के लिए प्रेरित करना था। सभा की शुरुआत एक लघु डॉक्यूमेंट्री के प्रदर्शन से हुई, जिसमें ब्लैकआउट जैसी आपात स्थितियों में की जाने वाली तैयारियों एवं सावधानियों को दर्शाया गया। डॉक्यूमेंट्री ने छात्रों को यह समझाया कि किस प्रकार वे संकट के समय में स्वयं को और दूसरों को सुरक्षित रख सकते हैं। प्राचार्य डॉ. पीयूष पुंज ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वे देश के अच्छे और जिम्मेदार नागरिक बनें। उन्होंने कहा, 'हमारा एक छोटा सा प्रयास देश के लिए बड़ी मदद बन सकता है।' डॉ. पुंज ने छात्रों को किसी भी संकट के दौरान बुजुर्गों, बीमार व्यक्तियों और छोटे बच्चों सहित समाज के कमजोर वर्गों की सहायता के लिए स्कूल और उनके पड़ोस में छोटी स्वयंसेवी टीमें बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी को शांत रहने, सतर्क रहने और आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने की सलाह दी। देशभक्ति, सद्भाव और एकता की भावना को दृढ़ता से बढ़ाने वाले 'भारत माता की जय' के उद्घोष से मैदान गूंज उठा। सभा का समापन छात्रों द्वारा यह संकल्प लेकर किया गया कि वे हर स्थिति में संवेदनशील, साहसी और जिम्मेदार बनकर समाज की सेवा करेंगे।

### स्वास्थ्य जांच शिविर व माहवारी संबंधी का सफल आयोजन

**कालका (जग्गी)।** राजकीय महाविद्यालय कालका की प्राचार्या डॉक्टर गीता सुखीजा के कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय की रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर व माहवारी संबंधी एक विशिष्ट व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। शिविर में सरकारी अस्पताल, कालका की विशेष टीम ने विद्यार्थियों व कर्मचारियों के रक्त, आंख व दांतों की जांच की। इस टीम में आंखों की जांच आई सर्जन डॉक्टर संजय सिंगला, दांतों की जांच दंतक सर्जन डॉक्टर रिशु मित्तल व रक्त जांच के लिए सुरेश कुमार व उनके सहयोगी स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी विशेष भूमिका निभाई। कुल 126 विद्यार्थियों ने रक्त की जांच करवाई, 98 विद्यार्थियों ने आंखों की जांच करवाई, 57 विद्यार्थियों ने दांतों की जांच करवाई। प्रस्तुत कार्यक्रम के अंतर्गत रेड क्रॉस सोसाइटी ने माहवारी विषय को केंद्र में रखकर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया जिसमें सरकारी अस्पताल कालका से काउंसलर सरिता ने छात्राओं को माहवारी के दिनों में अपने स्वास्थ्य की देखरेख कैसे करें तथा किन बातों का ध्यान रखकर स्वास्थ्य संक्रमण से बचे, पर चर्चा की। इस व्याख्यान में कुल 104 विद्यार्थियों ने अपनी सक्रिय भागीदारी की। शिविर में आयोजित व्याख्यान को सार्थक बनाने में रेड क्रॉस सोसाइटी की प्रभारी डॉक्टर कविता बल्हारा सदस्य असिस्टेंट प्रोफेसर स्वाति, डॉक्टर शबनम, डॉक्टर सोनिया तथा रेड रिबन क्लब की सदस्य असिस्टेंट प्रोफेसर नीतू, डॉक्टर गीता कुमारी व सहायक प्राध्यापक सविता की अथक मेहनत का विशेष योगदान है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर गुलशन और डॉक्टर बिंदु शर्मा ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर हुआ 30 यूनिट्स रक्त एकत्र



**जीरकपुर (अप्रस)।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर व गर्मियों के वजह से अस्पतालों में आई रक्त की कमी को पूरा करने के लिए विश्वास फाउंडेशन पंचकूला व इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा मोहाली ने गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से जीरकपुर में रक्तदान शिविर आयोजित किया। यह रक्तदान शिविर जीरकपुर में मेट्रो स्टोर के पास लगाया गया। शिविर में 38 डोनर्स ने ब्लड डोनेट करने के लिए रजिस्टर करवाया 8 को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों की वजह से रक्तदान करने के लिए मना कर दिया गया। ब्लड बैंक एम केयर ब्लड सेंटर जीरकपुर की टीम ने डॉक्टर कार्तिक अग्रवाल की देखरेख में 30 यूनिट्स रक्त एकत्रित किया।

## बिना अनुमति पंचायती जमीन से पेड़ काटने पर तंगोरी का सरपंच निलंबित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड़।** जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी मोहाली ने नजदीकी गांव तंगोरी के सरपंच जगजीत सिंह को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। डीडीपीओ ने पंजाब पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 20(4) के तहत सरपंच को निलंबित कर दिया है। उन्होंने बीडीपीओ मोहाली को तुरंत सरपंच से पंचायत का पूरा प्रभार वापस लेने और अधिकृत पंच चुनने के लिए कहा है। डीडीपीओ ने यह कार्रवाई गांव तंगोरी के पूर्व पंच बलदेव सिंह की शिकायत पर की है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि ग्राम पंचायत तंगोरी ने बिना किसी प्रस्ताव और बिना बोली के पंचायती जमीन से लगभग 80-90 पेड़ काट दिए, जिनमें से प्रत्येक 15-20 साल पुराना था। डीडीपीओ को इस संबंध में बीडीपीओ से भी रिपोर्ट प्राप्त हुई। डीडीपीओ ने अपने आदेशों में कहा कि उन्होंने संबंधित स्थान का मौका भी देखा। उन्होंने लिखा कि सरपंच ने कहा था कि संबंधित पेड़ पंचायत द्वारा नहीं, बल्कि किसी और ने काटे हैं तथा थाने में एफआईआर भी दर्ज है, लेकिन सरपंच व पंचायत सचिव एफआईआर की कॉपी या अन्य कोई साक्ष्य पेश नहीं कर सके। डीडीपीओ ने सरपंच को निलम्बित करने के निर्देश दिए हैं तथा यह भी निर्देश दिए हैं कि काटे गए पेड़ों का मूल्यांकन वन मंडल अधिकारी से करवाया जाए, ताकि अवैध रूप से पेड़ों को काटने वालों से आर्थिक नुकसान की भरपाई की जा सके।

## डिटेक्टिव स्टाफ पंचकूला ने शातिर चोर को किया काबू

**पंचकूला (अप्रस)।** जिले में चोरी और स्नैचिंग की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए पुलिस कमिश्नर शिबास कविराज द्वारा सभी पुलिस इकाइयों को कड़ी निगरानी और सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। इसी क्रम में सेक्टर-6 स्थित नागरिक अस्पताल में एक महिला का बैग चोरी होने की वारदात को गंभीरता से लेते हुए डिटेक्टिव स्टाफ पंचकूला की टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और चोरी का अधिकांश सामान भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमित कुमार उर्फ बिल्ली निवासी गांव बपोली, शहजादपुर, जिला अंबाला उम्र 25 वर्ष के रूप में हुई है। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 13,000 नकद, एक लेदर बैग, एक जोड़ी चांदी की पाजेब और दो चांदी की अंगूठियां बरामद की गई।

## पिंजौर सुखोमाजरी बाईपास के पास बलेरो और ट्रक में टक्कर, दो की मौत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** पिंजौर के नजदीक सुखोमाजरी बाईपास पर सूरजपुर के सामने एक बोलेरो गा?ी और ट्रक के बीच ज़ोरदार टक्कर हो गई। इस भयंकर हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिस वक्त यह हादसा हुआ तब शुभम दो दिन पहले हुए अपने दो जुड़वां बच्चों को देखने दोस्तों के साथ जा रहा था। परिवार ने बताया कि अभी दो दिन पहले ही शुभम के जु?वा बच्चे हुए है। जिनको देखने की खुशी में शुभम अपने दो दोस्तों के साथ अपनी पत्नी और बच्चों से मिलने राजपुरा जा रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन लोग हिमाचल के परमाणु से पंचकूला होते हुए राजपुरा पंजाब जा रहे थे। रास्ते में बोलेरो गाड़ी की ट्रक से टक्कर हो गई जिसमें मौके पर दीपक और बिन्नी नाम के व्यक्ति की मौत हो गई जबकि राजेश कुमार नाम का व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल घायल को पंचकूला के सेक्टर 6 अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घायल व्यक्ति ने बताया कि वह पीछे बैठा हुआ था और हादसा कैसे हुआ उसे कोई जानकारी नहीं है व्यक्ति ने बताया कि दीपक नाम का व्यक्ति गाड़ी चला रहा था और वह हिमाचल प्रदेश के परमाणु से पंजाब राजपुरा जा रहे थे तभी पिंजौर के सूरजपुर के पास यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस घटना स्थल पर पहुंची ओर हादसे की पड़ताल में जुट गई है। जांच अधिकारी संदीप मोर का कहना था कि हादसा कैसे हुआ और किसी गलती से हादसा हुआ इसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि हादसे में घायल व्यक्ति के बयान दर्ज करने के लिए पहुंची है।

## ओ पी सिहाग दोबारा से पंचकूला जजपा के जिला अध्यक्ष बनाये गये

जजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से किया स्वागत तथा बधाई दी

ऑपरेशन सिन्दूर द्वारा पाकिस्तान में आंतकी ठिकानों को जमींदोज करने पर सुरक्षा बलों को बधाई– सिहाग



अर्थ प्रकाश /सुनील सिंघई

**पंचकूला।** जननायक जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा ओ पी सिहाग को दोबारा से जिला पंचकूला जननायक जनता पार्टी का जिला अध्यक्ष बनाया है। ओ पी सिहाग को फिर से जिला पंचकूला जजपा जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर पंचकूला के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने पंचकूला सेक्टर 12 स्थित कार्यालय में इकट्ठे होकर उनको बधाई दी तथा पार्टी शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया। इस मोके पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ओ पी सिहाग ने अपनी नियुक्ति के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व उपमुख्यमंत्री हरियाणा व युवा नेता दुष्यंत चौटाला एवं पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं का धन्यवाद किया एवं कहा कि वो पंचकूला की जजपा टीम को साथ लेकर जिले में पार्टी की मजबूती के लिए पूरी लगन एवं मेहनत से काम करेंगे।

इस अवसर पर जजपा जिला अध्यक्ष सिहाग ने भारतीय वायुसेना एवं सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर के द्वारा पाकिस्तान में आंतकी ठिकानों को तहस नहस करके पहलगाम की घटना का जो बदला लिया है उससे हर हिन्दुस्तानी का सर गर्व से ऊंचा हुआ है तथा आंतकवादी ताकतो को कड़ा सबक मिल गया है। सिहाग ने कहा कि आंतकवादी ताकतों को सख्ती से कुचलकर ही पूरे क्षेत्र में शांति स्थापित की जा सकती है। जजपा आंतकवाद के खिलाफ लड़ाई में सरकार के साथ खड़ी है।

ओ पी सिहाग को पंचकूला जजपा जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर उनका अभिनन्दन करने वालों में हरियाणा युवा जजपा के कार्यवाहक अध्यक्ष रविन्द्र सांगवान,पार्षद राजेश निषाद, पार्षद मयंक लांबा, पार्षद अरविंद जाखड़ ,वरिष्ठ नेता के सी भारद्वाज, युवा नेता दीपक चौधरी, ईश्वर सिंहमार , सुरिन्दर चड्ढा, सतबीर धनकड़ ,सुरेश पाठक, रणधीर पवार, कप्तान डी वी सिंह, राजेन्द्र मेहरा,महाबीर जांगड़ा ,गुरबचन पुंज, हनी सिंह, जयप्रकाश नंदल,तारा चंद ,पार्थ , सतनाम चौधरी, अवतार गुजर,सतीश कुमार आदि नेता एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल थे।

## एसडीओ द्वारा गलत तबादलों के विरोध में कर्मचारियों ने दिया धरना



**कालका (अप्रस)।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कालका कार्यालय में हेसेब वर्कर्स यूनियन (भिवानी) के बैनर तले कर्मचारियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यह धरना सुबह 9 बजे से 11 बजे तक यूनियन के सब यूनिट प्रधान श्री नसीम खान के नेतृत्व में दिया गया। धरने का कारण एडीओ यूएचबीवीएन बरवाला द्वारा कर्मचारियों के तबादलों को गलत तरीके से किए जाने के विरोध में था। कर्मचारियों का आरोप है कि नियमों की अवहेलना कर मनमाने ढंग से तबादले किए जा रहे हैं, जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। धरने में यूनियन से जुड़े दर्जनों कर्मचारी शामिल हुए और अपने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाज़ी की। यूनियन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही अनुचित तबादलों को रद्द नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज़ किया जाएगा।

## परिवार के सदस्यों के बीच हुए झगड़े में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** जिला के कामी गांव में कृषि भूमि को लेकर परिवार के सदस्यों के बीच हुए गंभीर झगड़े में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पंचकूला के बरवाला के कामी गांव के निवासी अमित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि 21 फरवरी को उनकी कृषि भूमि पर ट्यूबवेल का निर्माण करते समय उन पर और उनके परिवार पर हमला किया गया था। अमित ने आरोप लगाया कि पांच व्यक्ति - रूपचंद, उनके बेटे अमन और साहिल, सौरभ और अशोक एक बोलेरो गाड़ी में स्थान पर पहुंचे और उनके, उनके भाई और उनके पिता के साथ मारपीट की।

हमलावरों ने कथित तौर पर छेनी और डंडे सहित धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। 112 के ज़रिए आपातकालीन सेवाओं से संपर्क किया गया और पीड़ितों को अस्पताल ले जाया गया। रामगढ़ पुलिस चौकी को सूचित किया गया और जांच का वादा किया गया। जांच करने पर पता चला कि यह विवाद परिवार के सदस्यों के बीच लंबे समय से चले आ रहे ज़मीन विवाद की वजह से हुआ था। दोनों पक्ष 1 मार्च, 2025 को समझौता करने के लिए सहमत हुए, जिसमें अमित के पिता करमचंद ने समझौते के तौर पर 2 लाख रुपए स्वीकार किए। समझौते के बावजूद, अमित ने बाद में 4 मार्च को एक और शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि न्याय नहीं मिला। जांच के दौरान, मेडिकल लीगल रिपोर्ट में अमित और उसके भाई मनीष पर नुकीली और धारदार वस्तुओं से चोट लगने की पुष्टि हुई। इस बीच, चंडीमंदिर पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 191(3), 190, 115(2), 118(1) और 351(2) के तहत मामला दर्ज किया गया।

## नकाबपोश बदमाशों ने घर से चुराए 7.5 लाख रुपए और 15 लाख के जेवर

परिवार 30 अप्रैल को गया था नोएडा, लौटा तब नकदी और जेवर मिले गायब



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** सेक्टर 20 स्थित एक घर से नकाबपोश बदमाशों ने 22.50 लाख रुपए की नकदी, आभूषण और अन्य कीमती सामान लूट लिया।

पंचकूला के सेक्टर 12 स्थित एक कंपनी में साइबर सिक्योरिटी के ग्लोबल स्ट्रैटेजिक हेड कंवर प्रीत सिंह संधू ने पुलिस को बताया कि घटना 30 अप्रैल की सुबह उस समय हुई, जब परिवार आधिकारिक काम से नोएडा गया हुआ था। संधू द्वारा दर्ज की गई शिकायत के अनुसार, तीन अज्ञात व्यक्ति रात करीब 2 बजे पीछे के बाथरूम के दरवाजे से जबरन घर में घुस आए। सीसीटीवी फुटेज में संदिग्धों को घुसते हुए देखा गया, और बाद में मोबाइल फोन के जरिए संपर्क किए जाने के बाद एक चौथा साथी भी उनके साथ शामिल होता हुआ दिखाई दिया। घुसपैठियों ने अलमारी के ताले तोड़ दिए और 7.5 लाख रुपए नकद और लगभग 15 लाख रुपए के आभूषण और उपहार सहित कीमती सामान लूट लिया।

### अलार्म होने के बावजूद नहीं चले

संधू ने कहा कि परेशान करने वाली बात यह है कि घर का उन्नत सुरक्षा अलार्म सिस्टम ग्लास ब्रेक सेंसर चालू होने के बावजूद सक्रिय नहीं हो पाया। संधू ने संभावित तकनीकी या परिचालन लापरवाही का हवाला देते हुए सिस्टम की विफलता की अलग से जांच की मांग की है।

### घर की बिजली काटी, सुरक्षा गार्ड ने देरी से दी सूचना

इसके अतिरिक्त, घर की बिजली आपूर्ति सुबह लगभग 4 बजे काट दी गई थी, लेकिन ड्यूटी पर मौजूद सुरक्षा गार्ड संतोष कुमार ने बाद में इसकी सूचना दी। इसके अतिरिक्त, घर की बिजली आपूर्ति सुबह लगभग 4:00 बजे काट दी गई थी, लेकिन ड्यूटी पर मौजूद सुरक्षा गार्ड संतोष कुमार ने बाद में इसकी सूचना दी।उनकी देरी से प्रतिक्रिया और संभावित संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

**6 महीने में दूसरी बार हुई चोरी**

छह महीने के भीतर इसी घर में यह दूसरी चोरी है-इससे पहले, 43 इंच का एलईडी टीवी और गैस सिलेंडर चोरी हो गया था। इसके अलावा, पास के एक घर में भी कुछ सप्ताह पहले इसी तरह की चोरी हुई थी। शिकायतकर्ता का सुझाव है कि सीसीटीवी फुटेज में देखे गए आरोपी बार-बार अपराध करने वाले हो सकते हैं। पंचकूला के सेक्टर 5 पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305 और 331 (4) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर सी.एम. फेलो की रैंकिंग तैयार की जाए : मुख्यमंत्री योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आकांक्षात्मक जनपदों और आकांक्षात्मक विकास खण्डों में आये बदलाव का स्थलीय परीक्षण करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को भ्रमण पर भेजने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 08 आकांक्षात्मक जनपदों में प्रमुख सचिव/सचिव स्तर के 08 अलग-अलग अधिकारियों को 03 दिन के दौरे पर भेजा जाए, इसी तरह, 108 आकांक्षात्मक जनपदों में भ्रमण के लिए विशेष सचिव स्तर के 108 अधिकारियों को भेजा जाए। उन्होंने कहा कि यह अधिकारी इन कार्यक्रमों के प्रारम्भ से अब तक इन क्षेत्रों में आये वास्तविक बदलाव का स्थलीय निरीक्षण करें और विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें। भ्रमण के लिए प्रमुख सचिव/सचिव तथा विशेष सचिव की सूची मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा तैयार की जाए।

मुख्यमंत्री ने आज यहां आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में उत्तर प्रदेश के आकांक्षात्मक जनपदों एवं आकांक्षात्मक विकास खण्डों की अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नीति आयोग द्वारा संचालित इन कार्यक्रमों के माध्यम से शासन की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सेवा एवं विकास की पहुंच सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने इन कार्यक्रमों को 'अन्त्योदय' की संकल्पना का जीवन्त उदाहरण बताते हुए प्रत्येक जनपद एवं विकास खण्ड को सतत निगरानी और परिणाम आधारित रणनीति से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आकांक्षात्मक जनपदों में निरंतर प्रयास, समीक्षा और अनुश्रवण के कारण उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। यह संतोषजनक है कि देश के प्रथम 10 आकांक्षात्मक जनपदों में उत्तर प्रदेश के 06 जनपद सम्मिलित हैं। स्वास्थ्य एवं पुष्टाहार क्षेत्र में बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, चंदौली, सोनभद्र, श्रावस्ती और फतेहपुर देश के टॉप-10 जिलों में शामिल हैं। इसी प्रकार, शिक्षा के क्षेत्र में बलरामपुर, सोनभद्र, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर और चित्रकूट ने भी देश स्तर पर शीर्ष 10 में स्थान बनाया है। वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास श्रेणी में सिद्धार्थनगर पांचवें स्थान पर है।

बैठक में आकांक्षात्मक विकास खण्डों की प्रगति पर भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि ब्लॉक डेवेलपमेण्ट स्ट्रेटेजी के सफल क्रियान्वयन का परिणाम है कि मार्च 2024 में 21 इण्डीकेटर्स में 108 आकांक्षात्मक विकास खण्डों का औसत प्रदर्शन राज्य औसत से बेहतर रहा। मार्च 2025 में यह संख्या बढ़कर 24 इण्डीकेटर्स तक पहुँच गई है। इतना ही नहीं, 03 इण्डीकेटर्स में प्रदेश के सभी 108 विकास खण्डों की प्रगति राज्य औसत से अधिक हो गई है। वहीं 19 इण्डीकेटर्स में कम प्रगति करने वाले विकास खण्डों की संख्या में भी उल्लेखनीय कमी आई है। मुख्यमंत्री ने इसे राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए इस प्रगति को बनाए रखने के निर्देश दिए।

प्रगति रिपोर्ट में अवगत कराया गया कि मार्च, 2023 से मार्च, 2024 की अवधि में ओवरऑल डेल्टा रैंकिंग में औरई (संत रविदास नगर) विकास खण्ड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। स्वास्थ्य एवं पोषण श्रेणी में रिछा (बरेली) ने, शिक्षा में चहनिया (चंदौली) ने, कृषि एवं संबद्ध सेवाओं में सलारपुर (बदायूं) ने, आधारभूत अवसंरचना में खेसरहा (सिद्धार्थनगर) ने और सामाजिक विकास श्रेणी में शुकुलबाजार (अमेठी) ने शीर्ष स्थान हासिल किया।

मुख्यमंत्री ने आकांक्षात्मक विकास खण्डों में तैनात सी.एम. फेलो की जिम्मेदारी और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सी.एम. फेलो के कार्यों की साप्ताहिक मॉनीटरिंग हो। उन्होंने कहा कि अब इनकी तैनाती के लगभग ढाई वर्ष हो चुके हैं। तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर इनकी रैंकिंग तैयार की जाए। राज्य सरकार, सी.एम. फेलो को शासकीय सेवा में आने पर वेटेज भी देगी। इस सम्बन्ध में नियमावली तैयार की जा रही है।

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि आकांक्षात्मक जनपदों और विकास खण्डों में बी.डी.ओ., सी.डी.ओ., चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी, ए.डी.ओ. पंचायत, खण्ड शिक्षाधिकारी और अन्य महत्वपूर्ण पद रिक्त न रहें। जहां भी पद रिक्त हैं, बिना विलम्ब तैनाती की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि इन क्षेत्रों में योजनाओं के सुचारु क्रियान्वयन के लिए माइक्रो प्लानिंग की जाए और नियमित अनुश्रवण हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों में जनपद स्तरीय बैंकर्स कमेटी और राज्य स्तर पर राज्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी की नियमित अंतराल पर बैठक होती रहे। वित्तीय समावेशन के लिए बैंकों से समन्वय बनाये रखें।

श्री योगी ने कहा कि सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि किसी भी जनपद, ब्लॉक या व्यक्ति को विकास के लाभ से वंचित न रखा जाए। आकांक्षात्मक जनपद और विकास खण्ड जैसे कार्यक्रम 'सबका साथ, सबका विकास' को धरातल पर उतारने का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं और उत्तर प्रदेश इस दिशा में एक राष्ट्रीय मॉडल के रूप में स्थापित हो रहा है।

# प्रधानमंत्री ने जातीय जनगणना कराये जाने का फैसला लेकर भारत की राजनीति में एक नया इतिहास लिखने का काम किया

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जाति जनगणना कराये जाने के ऐतिहासिक फैसले पर बुधवार को राजधानी लखनऊ के सहकारिता भवन में संगोष्ठी एवं आभार सभा सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के लक्ष्मण रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री व भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने की। कार्यक्रम को पूर्व सांसद व भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री संगम लाल गुप्ता ने भी संबोधित किया। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान द्वारा संचालन किया गया।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जातीय जनगणना कराये जाने का फैसला लेकर भारत की राजनीति में एक नया इतिहास लिखने का काम किया है। जातीय जनगणना कराने से विशेष कर भारत के अन्य पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्ग के लोगों को अपनी संख्या की पहचान होगी और संख्या के अनुपात में संवैधानिक अधिकारों को पाने का अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री जी के इस ऐतिहासिक फैसले का ओबीसी मोर्चा एवं ओबीसी समाज हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करता है। श्री लक्ष्मण ने कहा कि देश इस बात को जानता है कि अन्तिम रूप से जातीय जनगणना आजादी के पूर्व वर्ष 1931 में हुई थी। 94 वर्ष का लम्बा अन्तराल ऐसा गुजरा जिसमें अधिकांश समय में कांग्रेस पार्टी या गैर भाजपा दलों की सरकारे देश में रही है। लेकिन अफसोस कि गैर भाजपाई किसी भी सरकार ने जातीय जनगणना कराने का कभी साहस नहीं जुटाया और आज उनकी पार्टी के नेता राहुल गांधी, अखिलेश यादव तथा तेजस्वी यादव जैसे अनेको पिछड़ा वर्ग विरोधी सोच रखने वाले, आज मोदी जी के जातीय जनगणना कराने के फैसले का श्रेय लेने की होड़ में खड़े हो गये हैं। अच्छा होता कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल जैसे सभी गैर भाजपाई दलों के नेता भारत के पिछड़े वर्ग के लोगों से माफी मांगते। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने लोकसभा में आश्वासन दिया था कि जाति जनगणना पर कैबिनेट में विचार किया जाएगा। इसके पश्चात एक समिति का भी गठन किया गया जिसमें अधिकांश राजनैतिक दलों ने जातिगत आधार पर जनगणना की संस्तुति की। लेकिन तत्कालीन केन्द्रीय गृह मंत्री पी चिदम्बरम ने 2011 की जनगणना जातिगत आधार पर कराने का विरोध किया और कहा कि जातियों की गिनती जनगणना में नही बल्कि अलग से कराई जाएगी। इसके बावजूद कांग्रेस की सरकार ने जाति जनगणना की जगह एक सर्वे करवाया जिस पर 4893.60 करोड़ रूपए खर्च किए गए। लेकिन जातिगत आकड़े प्रकाशित नही हुए क्योंकि इस सर्वे में 8.19 करोड़ गलतियां पाई गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-सपा सहित इंडी गठबंधन के तमाम घटक दल जाति आधारित जनगणना के सदैव विरोध में रहे।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जातीय जनगणना के फैसले से आज पिछड़े वर्ग के लोगों में जश्न का माहौल है, लोग खुशियां मना रहे हैं, लड्डू बांट रहे हैं तथा ढोल-बैण्ड बाजे बजाकर प्रधानमंत्री के फैसले का स्वागत कर रहे हैं।

# चारधाम यात्रा, राष्ट्रीय प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ाई जाए : मुख्यमंत्री धामी



केंद्रीय गृह मंत्री के साथ आयोजित वर्चुअल बैठक के बाद सीएम धामी ने ली उच्चस्तरीय बैठक

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की परिस्थितियों को देखते हुए चारधाम यात्रा, उत्तराखंड में स्थित महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और बांधों और ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतेजाम किये जाएं। उन्होंने शासन, प्रशासन और पुलिस को भी अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिये हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की वर्चुअल बैठक में प्रतिभाग करने के बाद, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से लगे राज्य के सभी क्षेत्रों में सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता इंतजाम किए जाएं, सीमांत क्षेत्रों में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि इस समय राज्य में चारधाम यात्रा चल रही है, जिसमें लाखों तीर्थयात्री प्रतिभाग कर रहे हैं, इसलिए यात्रा मार्ग सहित चारों धामों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में कई राष्ट्रीय महत्व के प्रतिष्ठान हैं, इन संस्थानों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी तरह की आपात स्थिति के लिए जिला और तहसील स्तर पर खाद्यान सहित आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बनाये रखी जाए। अस्पतालों को आपातकालीन परिस्थितियों के लिए अलर्ट रखा जाए। सभी आवश्यक दवाओं का पूर्ण प्रबंध किया जाय। उन्होंने कहा कि नागरिक सुरक्षा दल और स्वयंसेवी संस्थाओं को बचाव और राहत कार्य के लिए प्रशिक्षण दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को भी सही सूचनाओं के साथ सतर्क किया जाए, साथ ही इस बात का ध्यान रखा जाए कि जन सामान्य के पास हर तरह से सही और प्रमाणित सूचनाएं ही पहुंचे, ताकि वो अफवाह से दूर रह सकें। साथ ही अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्ती की जाए। सोशल मीडिया के माध्यम से इस पर लगातार निगरानी रखी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अपरिहार्य परिस्थितियों को छो?ते हुए, कार्मिकों के अवकाश मंजूर न किए जाएं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को अपने-अपने जिलों में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने के निर्देश दिए।

# मुस्लिम समाज के हित में है वक्फ संशोधन कानून : मुख्यमंत्री साय

मुख्यमंत्री ने वक्फ सुधार जनजागरण कार्यक्रम को किया संबोधित

कहा - सभी सम्मिलित प्रयास कर वक्फ संशोधन कानून की भ्रांतियों को करें दूर

अर्थ प्रकाश/अखिलेश कुमार



**रायपुर।** वक्फ संशोधन कानून मुस्लिम समाज के खिलाफ नहीं, बल्कि उनके हित में है। हम सभी का सम्मिलित प्रयास और उद्देश्य होना चाहिए कि वक्फ कानून को लेकर समाज में किसी भी प्रकार का भ्रम न फैले। सभी को वास्तविकता को समझना चाहिए और दूसरों को भी इसकी जानकारी देनी चाहिए। वक्फ संशोधन कानून को लेकर देशभर में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है, और इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित वक्फ सुधार जनजागरण कार्यक्रम में यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम मुस्लिम समुदाय के हितों की रक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड का गठन बहुत ही पुनीत उद्देश्य के साथ किया गया था, ताकि मुस्लिम समाज, विशेषकर गरीब वर्ग और पसमांदा मुसलमानों को लाभ मिल सके। लेकिन विगत वर्षों में कुछ रसूखदार लोगों ने इस कानून का लाभ उठाकर अपना स्वार्थ सिद्ध किए, जिससे गरीब मुसलमान अपने अधिकारों से वंचित रह गए। श्री साय ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 'विकसित भारत' का जो लक्ष्य रखा है, उसे प्राप्त करने में सभी देशवासियों की भूमिका आवश्यक है। यदि कोई भी वर्ग पीछे छूटता है, तो हम अपना संकल्प पूर्ण नहीं कर पाएंगे।

आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि हमारी सरकार सभी के हितों की चिंता करती है। वक्फ कानूनों में हुए संशोधनों का उद्देश्य मुस्लिम समाज को सशक्त बनाना है। अब वक्फ संपत्तियों की आमदनी का एक-एक पाई का लेखा-जोखा रखा जाएगा और यह राशि समाज के लोगों की भलाई, उनकी शिक्षा और जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में उपयोग की जाएगी। इस अवसर पर विधायक श्री किरण देव, वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ. सलीम राज, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा, वक्फ बोर्ड के सीईओ डॉ. एस. एफ. फारूकी एवं मुस्लिम समाज के अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला ऐतिहासिक : जदयू

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**गया।** बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाईटेड (जदयू) ने पाकिस्तानी के नौ ठिकानों पर किए गए हमले को ऐतिहासिक बताया है। भगवान बुद्ध की पावन ज्ञान भूमि बोधगया में दो दिनों तक चलने वाले जदयू के प्रवक्ताओं और मीडिया सेल के पदाधिकारी का प्रशिक्षण शिविर के क्रम में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पाकिस्तानी आतंकियों पर जो हमला किया गया, वह ऐतिहासिक है। इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद है, जिन्होंने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया।

श्री कुशवाहा ने दो दिनों तक चलने वाले सेमिनार को लेकर कहा कि मिशन 2025 को लेकर प्रवक्ताओं और मीडिया सेल के पदाधिकारी को कई तरह के दिशा निर्देश दिए गए है। साथ ही उन्हें 2025 बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षित किया गया है, ताकि वे जनता बीच जाकर किस तरह की बातों को रखें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जो जातिगत जनगणना करने का निर्णय लिया गया है, उसके लिए भी उन्हें बधाई देते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में जातिगत जनगणना कराकर ऐतिहासिक कार्य किया है, उनके इस कार्य को अब केंद्र सरकार के द्वारा भी फॉलो किया जा रहा है और जातिगत जनगणना करने का निर्णय लिया गया है। जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि विदेश मंत्रालय ने यह बयान जारी कर दिया है कि जो हमला किया गया है वह सिर्फ आतंकियों को ठिकाने लगाने के लिए किया गया है। निर्दोष जनता और पाग सैनिकों के ऊपर कोई हमला नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना में मारे गए बेकसूर लोगों का ऑपरेशन सिंदूर के तहत न्याय दिलाने का कार्य किया गया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल ने राजस्थान में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश/मनोहर लाल



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारत द्वारा पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के मद्देनजर प्रदेशभर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए हैं।

श्री शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने पूरी सतर्कता से सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के साथ-साथ पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों को केन्द्रीय गृह मंत्रालय और केन्द्रीय एजेन्सियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान पाकिस्तान का सीमावर्ती राज्य है, इसलिए उच्चतम मानकों की अनुपालना करते हुए प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त होनी चाहिए। श्री शर्मा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत राष्ट्र विरोधी शक्तियां प्रदेश में साम्प्रदायिक सद्भाव बिगा?ने का प्रयास कर सकती हैं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सोशल मीडिया पर प्रभावी निगरानी के साथ अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध त्वरित कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने समस्त जिलों की आन्तरिक सुरक्षा योजना और आपदा प्रबंधन की समीक्षा करते हुए कहा कि चिकित्सालयों में पर्याप्त दवा, ऑक्सीजन और एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

# तिरुमाला टीटीडी के भूमि हस्तांतरण आध्यात्मिक अखंडता का स्पष्ट उल्लंघन : बी करुनाकर रेड्डी

पूर्व टीटीडी अध्यक्ष भूमना करुणाकर रेड्डी ने आपातकालीन बैठक के दौरान पारित बोर्ड के प्रस्ताव की कड़ी निंदा की

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी




**तिरुमला तिरुपति।** तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) शासी बोर्ड द्वारा वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए पवित्र भूमि को आंध्र प्रदेश पर्यटन प्राधिकरण (एपीटीए) को हस्तांतरित करने का निर्णय तिरुमाला की पवित्रता का घोर अपमान है तथा लाखों श्रद्धालुओं के साथ विश्वासघात है।

पूर्व टीटीडी अध्यक्ष भूमना करुणाकर रेड्डी ने 7 मई को एक आपातकालीन बैठक के दौरान पारित बोर्ड के प्रस्ताव की कड़ी निंदा की है, जिसमें तिरुपति शहरी सर्वेक्षण संख्या 588-ए में टीटीडी के स्वामित्व वाली 24.68 एकड़ भूमि को पेरूरू गांव, तिरुपति ग्रामीण, सर्वेक्षण संख्या 604 में एपीटीए भूमि के बराबर क्षेत्र के बदले में बदलने का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त, बोर्ड ने पेरूरू में एपीटीए के बराबर भूखंड के बदले में उसी शहरी सर्वेक्षण में टीटीडी की 10.32 एकड़ भूमि को एपीटीए को हस्तांतरित करने को मंजूरी दी, तथा राज्य सरकार से प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया।

भुमना ने इस निर्णय को टीटीडी की पवित्र संपत्तियों का शर्मनाक वस्तुकरण बताया, खास तौर पर इसलिए क्योंकि आवंटित भूमि अलीपीरी के बहुत करीब है, जो कि प्रतिष्ठित पाडाला मंडपम के पास आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र है। रेड्डी ने कहा, 'टीटीडी के इतिहास में यह एक अभूतपूर्व और निंदनीय कृत्य है। बोर्ड ने निजी होटल के लिए औषधीय जड़ी-बूटियों और लाल चंदन के पेड़ों से घिरी भूमि आवंटित करके तिरुमाला की पवित्रता पर निजी हितों को प्राथमिकता दी है।÷ उन्होंने टीटीडी की भूमि का उपयोग करने के पीछे के औचित्य पर सवाल उठाया, जबकि हवाई अड्डे के पास विशाल सरकारी स्वामित्व वाले भूखंड मंदिर की पवित्रता से समझौता किए बिना उसी उद्देश्य को पूरा कर सकते हैं। पूर्व अध्यक्ष ने साधुओं, स्वामियों और भक्तों से इस अपवित्रता का विरोध करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान किया। रेड्डी ने जोर देकर कहा, 'हमारे खिलाफ लगाए गए कुप्रबंधन के वही आरोप अब मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली टीडीपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार द्वारा दोहराए जा रहे हैं। यह निर्णय तिरुमाला की आध्यात्मिक अखंडता का स्पष्ट उल्लंघन है।'

उन्होंने आवंटित भूमि की अरबिंदो अस्पताल और एक कैंसर अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों से निकटता पर प्रकाश डाला, जिससे हस्तांतरण की अनुपयुक्तता को और अधिक रेखांकित किया गया। रेड्डी ने कुछ मीडिया आउटलेट्स पर तिरुमाला की रक्षा के उनके प्रयासों को कमजोर करने के लिए एक बदनामी अभियान चलाने का भी आरोप लगाया। पारदर्शिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए उन्होंने चुनौती दी, मैं निराधार आरोपों से विचलित नहीं हूं। उन्हें कोई भी जांच करने दें, मैं तैयार हूं। भुमना ने जनता से इस भयावह निर्णय का विरोध करने के लिए उनका साथ देने का आग्रह किया।

# प्लॉट्स के लिए इमर्जिंग वैली प्राइवेट लि. को पैसे चुकाने वाले 30 पीड़ित उपभोक्ताओं के उम्मीद की किरण जगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। फ्लैट्स/प्लॉट्स के लिए इमर्जिंग वैली प्राइवेट लिमिटेड को पैसे चुकाने वाले लगभग 30 पीड़ित उपभोक्ताओं के लिए उम्मीद की किरण तब जगी जब इसके निदेशक जी.एस. सिद्धू को यूटी राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, चंडीगढ़ के समक्ष हिरासत में लाया गया। बलविंदर सिंह, राकेश कुमार शर्मा, अशोक कुमार, रश्मि ठाकुर, करतार चंद, डॉ. आशा जामवाल, सोनिया कंवर और 23 अन्य लोगों द्वारा दायर लगभग 30 निष्पादन आवेदन आज यूटी उपभोक्ता आयोग के समक्ष सुनवाई के लिए आए। सभी मामलों में, बिल्डर आयोग द्वारा पारित आदेशों का पालन करने में विफल रहा, जिसमें फ्लैट्स/प्लॉट्स का कब्जा और करोड़ों रुपये की वापसी/मुआवजा देने का निर्देश दिया गया था। अबोहर के बलविंदर सिंह ने एक फ्लैट बुक किया था और जी.एस. सिद्धू को 24,10,000/- रुपये की पूरी प्रतिफल राशि का भुगतान नकद किया था। एडवोकेट पंकज चांदगोठिया ने बताया कि बलविंदर सिंह ने 2016 में फ्लैट इस उम्मीद में बुक करवाया था कि बुढ़ापे में जब बेटे अपने बुजुर्ग माता-पिता को साथ नहीं रखना चाहेंगे तो उनके सिर पर एक स्वतंत्र छत होगी। आज वह उच्च रक्तचाप, शुगर और अन्य आयु संबंधी समस्याओं से पीड़ित है। उसे हर तारीख को अबोहर से चंडीगढ़ अकेले आना-जाना पड़ता है, जबकि उसका मूत्राशय पर नियंत्रण नहीं है और उसे लगातार डायपर पहनना पड़ता है। चांदगोठिया ने बताया कि सिद्धू कानूनी तकनीकी पहलुओं का फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है और आदेशों की अनुपालना में देरी कर रहा है, जिससे कई आवंटियों को परेशानी हो रही है, जो अब अपने जीवन के अंतिम पड़ाव पर हैं। आयोग ने मामले की अगली सुनवाई 15 मई तक स्थगित कर दी और आरोपी सिद्धू को जमानत देने से इनकार कर दिया, जिसे मार्च में ही उद्घोषित अपराधी घोषित किया जा चुका है।

# मार्गनी भारत ने राज्य में 11,000 करोड़ के बिजली घोटाले का किया पर्दाफाश

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**राजमहेंद्रवरमद्ध** पूर्व सांसद मरगनी भरत ने मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू द्वारा एक्सिस एनर्जी वेंचर्स के साथ अत्यधिक बिजली सौदों के माध्यम से 11,000 करोड़ रुपये के बिजली क्षेत्र घोटाले का पर्दाफाश किया।

मंगलवार को यहां मीडिया से बात करते हुए भरत ने कहा कि नायडू का शासन खजाने को लूट रहा है और नागरिकों पर बोझ डाल रहा है और उन्होंने कसम खाई कि वाईएसआरसीपी जनता की अदालत में न्याय के लिए लड़ेगी। नायडू के 11 महीने के शासन ने आंध्र प्रदेश को घोटाले का केंद्र बना दिया है। उनकी बेनामी फर्म, एक्सिस रिन्यूएबल एनर्जी पार्क प्राइवेट लिमिटेड और सहयोगी, 100 मेगावाट बिजली 4.60 रुपये प्रति यूनिट पर बेचते हैं, जो भारत में सबसे अधिक दर है, जिसकी लागत सालाना 440 करोड़ रुपये और 25 वर्षों में 11,000 करोड़ रुपये है। भरत ने आरोप लगाया, 'नायडू अपने साथियों के लिए खजाना लूटते हैं।' इसके विपरीत, वाईएस जगन मोहन रेड्डी के एसईसीआई सौदे ने 2.49 रुपये प्रति यूनिट की दर से 7,000 मेगावाट सौर ऊर्जा हासिल की, जिससे 2022-23 के औसत 5.13 रुपये प्रति यूनिट को पीछे छोड़ते हुए 25 वर्षों में 1,10,000 करोड़ रुपये की बचत हुई। नायडू, जिन्होंने जगन के सौदे को 1.99 रुपये के बाजार मूल्य पर भ्रष्ट कहा था, अब दोगुनी कीमत पर बिजली खरीद रहे हैं। 'नायडू 4.60 रुपये को कैसे उचित ठहराते हैं?' भरत ने समाचार क्लिपिंग के साथ पीत मीडिया के झूठ को उजागर करते हुए पूछा।






**नायडू के घोटाले बिजली से परे हैं-** उर्स घोटाले में 3,000 करोड़ रुपये की विशाखापत्तनम भूमि को कौड़ियों के दाम बेचा गया, रेत और शराब माफिया, और लापरवाही के कारण सिम्हाचलम की दीवार गिर गई (7 मौतें), तिरुपति भगदड़ (6 मौतें), 15,000 करोड़ की बढ़ोतरी नागरिकों पर बोझ डाल रही है। स्थ्रष्टद्ध का 3 रुपये प्रति यूनिट रिलायंस डील यह साबित करता है कि सस्ते विकल्प मौजूद हैं, फिर भी नायडू 4.60 रुपये का भुगतान कर रहे हैं। भरत ने जोर देकर कहा, ÷इसकी सीबीआई जांच की जरूरत है।÷ भरत ने कहा, 'नायडू ने कम बिल का वादा किया था, लेकिन घोटाले किए।' उन्होंने नायडू पर आरोप लगाया कि वे अपने सहयोगियों को बचाते हैं और त्रासदियों के लिए अधिकारियों को दोषी ठहराते हैं। 'आंध्र प्रदेश को उस शासन से बेहतर की जरूरत है जो धन लूटता है और पवित्र स्थलों का अपमान करता है।' वाईएसआरसीपी नायडू को जवाबदेह ठहराने के लिए विरोध प्रदर्शन करेगी और लोगों को उनके भ्रष्ट शासन के खिलाफ एकजुट करेगी।

# भारत के अनोखे मंदिर उडुपी में फर्श पर परोसा जाता है प्रसाद, खिड़की से होते हैं श्रीकृष्ण के दर्शन

भगवान कृष्ण के भक्तों के लिए उडुपी को पवित्र स्थान माना जाता है। जैसे मथुरा है, उसी तरह से यह जगह भी मानी जाती है। उडुपी का कृष्ण मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। हर दिन यहां पर भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन और पूजन के लिए हजारों की संख्या में भक्त आते हैं। इस मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की सबसे सुंदर मूर्ति स्थापित है। जिसमें वह अपने बालरूप में विराजमान हैं। हालांकि मंदिर में कोई भी सीधा मूर्ति के दर्शन नहीं कर सकता है। यहां 9 छिद्रों वाली एक छोटी खिड़की से भगवान कृष्ण के दर्शन किए जाते हैं। इस मंदिर को अपने आप में अनोखा और रोचक माना जाता है।

मान्यता है कि अपने एक भक्त की भक्ति से खुश होकर भगवान ने एक खिड़की बनवाई थी। जिससे हर कोई उनके दर्शन आसानी से कर सके। इस मंदिर का निर्माण 13वीं शताब्दी में माधवाचार्य द्वारा की गई थी। इसको दक्षिण भारत के सबसे फेमस मंदिर में से एक माना जाता है।

जन्माष्टमी आदि के मौके पर इस मंडी की सजावट देखने लायक रहती है। इस दौरान मंदिर को फूलों, दीपों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया जाता है। इस दौरान भगवान की एक झलक पाने के लिए भक्तों को घंटों तक इंतजार भी करना पड़ता है।



इस मंदिर से जुड़ी एक और मान्यता है। बताया जाता है कि एक बार समुद्री तूफान में फंसे एक जहाज को श्री माधवाचार्य ने अपनी दिव्य शक्तियों से बचाया था। जब यह जहाज किनारे पर आया तो इसमें भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति मिली। जोकि समुद्र की मिट्टी से पूरी तरह ढकी थी। माधवाचार्य ने श्रीकृष्ण की इस मूर्ति को लाकर उडुपी मंदिर में स्थापित कर दिया। इसलिए आज भी भक्त श्रद्धाभाव के साथ पूजा करते हैं।

**फर्श पर क्यों दिया जाता है प्रसाद:** बताया जाता है कि मनोकामना पूरी होने पर श्रद्धालु फर्श पर प्रसाद खाते हैं। दरअसल, जिन श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी हो जाती है, वह खुद फर्श पर प्रसाद परोसने की मांग करते हैं। जिसकी वजह से मंदिर में फर्श पर प्रसाद परोसा जाता है।

# कुशल, समृद्ध व नया भारत के लिए नवीन अवसर किसान कॉन्क्लेव मील का पत्थर सिद्ध होगा: धर्मवीर सिंह



**सांसद की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन और इरमा आईसीड द्वारा कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में किसान कॉन्क्लेव आयोजित किया जाएगा**

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन और इरमा आईसीड के संयुक्त तत्वावधान में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में किसान कॉन्क्लेव आयोजित किया जा रहा है। यह किसान कॉन्क्लेव कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में 9 से 11 मई तक आयोजित होगा। यह जानकारी सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने देते हुए कहा कि इस किसान मेले में किसान नवीनतम कृषि तकनीकों, आधुनिक उपकरणों, जैविक खेती, स्टार्टअप संभावनाओं और कृषि आधारित व्यवसाय के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य किसानों की आमदनी को कई गुणा बढ़ाना और ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलना है।उन्होंने इस आयोजन को किसानों के विकास के लिए एक नई पहल बताते हुए कहा कि सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से यह किसान मेला आयोजित किया जा रहा है। इस किसान मेले में खेती किसानी से जुड़ी तमाम तरह की नई-नई तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इसमें प्राकृतिक खेती, पीएम एफ एम ई योजना, कीटनाशक उपयोग एवं जैविक नियंत्रण, एफपीओ योजनाएं और गो टू मार्केट रणनीति, ऋण एवं सब्सिडी योजनाएं, डेयरी उद्योग से जुड़ी समस्याएं, बीज, लाइसेंस, डीलरशिप जानकारी निर्यात एवं लाइसेंस मार्गदर्शन, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स का उपयोग संबंधित सत्र भी आयोजित किये जाएंगे । इस किसान मेले में प्रगतिशील किसानों को कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए सम्मानित भी किया जाएगा और उनकी सक्सेस स्टोरी को जनमानस के सामने लाया जाएगा ताकि अन्य किसानों को भी कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीक अपनाने के लिए जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर नसीब ककेड़ी, सांसद नवीन जिन्दल के मीडिया सलाहकार डॉ. राज कुमार, संसदीय विकास अधिकारी भूषण मंगला, शाहाबाद हल्का प्रभारी अजैब सिंह, मोहित शर्मा और विनोद गर्ग उपस्थित रहे।

## बंधन एएमसी ने तीन भारत केंद्रित फंडों के लॉन्च के साथ गिफ्ट सिटी में ऑपरेशंस की शुरुआत की

चंडीगढ़। बंधन एएमसी लिमिटेड, भारत के प्रमुख एसेट मैनेजर्स में से एक, जिसका एयूएम 920 बिलियन अमरीकी डॉलर है, ने आईएफएससी ब्रांच के माध्यम से गिफ्ट सिटी में अपने ऑपरेशंस की शुरुआत की घोषणा की। विदेशी नागरिक जैसे कि फैमिली ऑफिस, सरकारी संस्थान, कॉर्पोरेट और इंस्टीट्यूशनल निवेशक, पेंशन फंड, एंडोमेंट फंड, साथ ही प्रवासी भारतीय (एनआरआई) जैसे इंटरनेशनल निवेशक अब इक्विटी ओरिएंटेड बंधन इंडिया लार्ज एंड मिड-कैप फंड या बंधन इंडिया स्मॉल कैप फंड में निवेश करके भारत की ग्रोथ स्टोरी में शामिल हो सकते हैं। वैकल्पिक रूप से, सुरक्षित लेकिन हाई क्वालिटी वाले फिक्स्ड इनकम फंड की तलाश करने वाले निवेशक बंधन इंडिया गवर्नमेंट सिक्योरिटीज फंड में निवेश करना चुन सकते हैं। ये फंड उन निवेशकों को भी अवसर प्रदान करते हैं, जो टैक्स एफीशेंट इनवेस्टमेंट रूट की तलाश कर रहे हैं, उन्हें एक अच्छी तरह से स्थापित ट्रैक रिकॉर्ड वाले फंड में निवेश करने का अवसर मिलता है। बंधन एएमसी के सीईओ विशाल कपूर ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ÷पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय बाजार में लॉन्गटर्म निवेशकों की हिस्सेदारी प्रभावशाली गति से बढ़ी है, जिसमें घरेलू निवेशक वेल्थ क्रिएशन और संरक्षण के लिए म्यूचुअल फंड मार्ग का उपयोग कर रहे हैं।

# भक्ति भागने का नहीं जागने का नाम है

संतजन-महापुरुष जहां इस इन्सानी जन्म के कल्याण के लिए संसार को जाग्रति देते हैं, वहाँ इस संसार की यात्रा को तय करने की सही विधि भी समझाते हैं। जीवन जीने का ढंग भी सिखाते हैं। महापुरुष हमेशा पारिवारिक एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहे हैं और निरंतर ऐसी ही सुन्दर देन इन्होंने इस संसार को दी है। इन्होंने भक्ति का यथार्थ ढंग बताया है कि भक्ति कहीं भाग जाने का नाम नहीं है। अक्सर हम सोचते हैं कि शायद भक्ति तभी हो सकती हे जब हम परिवार और समाज से नाता तोड़कर कहीं जंगलो-वीरानों में डेरे लगा लें। ऐसा करके ही हम प्रभु की बंदगी, प्रभु की उपासना कर पायेंगे; लेकिन गुरु-पीर-पैगम्बरों के जीवन यह प्रमाणित करते हं कि किस प्रकार समाज में रहकर परिवार का पालन-पोषण करते हुए, कर्तव्यों का पालन करते हुए वे भक्ति पथ पर चलते रहे। हम भगवान राम का जिक्र करते हैं, रविदास जी आदि का जिक्र करते हैं। ये सभी गृहस्थ्त मार्ग पर चलते हुए प्रभी की उपासना, बंदगी करते रहे। भगवान कृष्ण का अमर संदेश 'कर्म क्षेत्र में रहकर धर्म की पालना' ही है। उन्होंने बताया कि हमें कर्म करते हुए निरन्तर इस यात्रा को तय करना है, कर्म क्षेत्र से भागना नहीं हैं। अगर भागना ही यथार्थ होता तो



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

भगवान श्री कृष्ण को इतना जोर क्यों लगाना पड़ता अर्जुन को रोकने के लिए। अर्जुन तो भागना ही चाह रहा था। कितना समझाना पड़ा भगवान श्री कृष्ण को, उसे कर्मक्षेत्रा में उपस्थित रहने के लिए। इसी प्रकार कबीर जी जैसे भक्त भी यही कहते हैं-

घर में ही जोग, भोग घर ही में।

अपने घर में रहते हुए, दसो-नहों की किरत दोनों हाथों से कर्म करते हुए उन्होंने अपना ध्यान इस प्रभु के साथ जोड़े रखा तथा यही कहा- 'हत्थ काल वल, दिल यार वल'। भाव, हाथ कर्म की ओर लगे हैं और दिल इस प्रीतम के साथ, प्रभु के साथ जुड़ा है। यही विधि सभी सन्तों ने सिखाइ है कि-

नामा कहे त्रिलोचना मुख से राम सम्हालि।

हाथ-पांव से काम कर चित निरंजन नालि।

बाबा गुरबचन सिंह जी भी अक्सर कहा करते थे कि जहाँ पर नशे इत्यादि कुरीतियाँ हैं इसी प्रकार दहेज आदि का भी समाज पर बोझ पड़ा हुआ है, इससे भी समाज को निजात प्रदान करनी है। उन्होंने महापुरुषों को ऐसी प्रेरणा दी कि किस प्रकार कर्तव्यों का पालन करते हुए किसी पर बोझ नहीं बनना है, कोई लालसा मन में नहीं रखनी है और बहुत सादगी के साथ इन रस्मों को सरअंजाम देना है। वे अक्सर कहा करते थे कि क्या जो सिपाही मैदाने-जंग से भाग खडा हो, उसे परमवीर चक्र मिलते हैं? नहीं, ये मेडल, परमवीर चक्र उन्हें ही मिलते हैं जो मैदाने-जंग में रहकर अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण रुप से निभाते हैं। इसी प्रकार यहाँ पर यह ब्रह्म रुपी दात देने से पहले कुछ प्रण लिये जाते हैं और उन प्रणों में एक प्रण यह भी हे कि हमने गृहस्थ में रहकर प्रभु परमात्मा की बंदगी करनी है, हमने अपने कर्तव्यों से मुख नहीं मोड़ना है। इस प्रण की हमने पूरी तरह पालना करनी है।

बाबा गुरबचन सिंह जी अक्सर कहा करते थे कि ये जो समाज से भागकर, परिवारों को छोड़कर सोचते हैं कि हमने बहुत तप-त्याग कर लिया है, वे सभी हम गृहस्थी लोगों के द्वारों पर ही मंडराते मिलते हैं। कोई रोटी मांग रहा है, कोई माया मांग रहा है।

## पंचांग

बृहस्पतिवार, 8 मई, 2025, सूर्योदयः 05:35 ए एम, सूर्यास्तः 07:01 पी एम, चन्द्रोदयः 03:22 पी एम, चन्द्रास्तः 03:30 ए एम, मई 09, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः वैशाख, पूर्णिमान्त महीनाः वैशाख, वारः गुरुवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः एकादशी - 12:29 पी एम तक, नक्षत्रः उत्तराफाल्गुनी - 09:06 पी एम तक, योगः हर्षण - 01:57 ए एम, मई 09 तक, करणः विष्टि - 12:29 पी एम तक, द्वितीय करणः बव - 01:41 ए एम, मई 09 तक, सूर्य राशिः मेष, चन्द्र राशिः कन्या, राहुकालः 01:59 पी एम से 03:39 पी एम, गुलिक कालः 08:56 ए एम से 10:37 ए एम, यमगण्डः 05:35 ए एम से 07:16 ए एम, अभिजित मुहूर्तः 11:51 ए एम से 12:45 पी एम, दुर्मुहूर्तः 10:03 ए एम से 10:57 ए एम, दुर्मुहूर्तः 03:26 पी एम से 04:20 पी एम, अमृत कालः 01:03 पी एम से 02:51 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** मजबूती और निडरता का गुण आपकी मानसिक क्षमताओं में इजाफा करेगा। किसी भी तरह के हालात को काबू में रखने के लिए इस रफ्तार को बरकरार रखिए।

**वृषः** करियर में तरक्की के नए अवसर मिलेंगे। आगे आने वाले वक्त में आप इन मौकों का सही ढ़ग से फायदा उठा पाएंगे।

**मिथुनः** आपका तल्ख बर्ताव जीवनसाथी के साथ आपके संबंधों में तनाव डाल सकता है। कोई भी ऐसा काम करने से पहले इसके परिणामों के बारे में सोच लें।

**कर्कः** पिता से किसी बात पर अनबन हो सकती है। उनकी बातों का बुरा ना मानें बल्कि उन्हें समझने की कोशिश करें।

**सिंहः** कोई दोस्त आपकी सहनशक्ति और समझ की परीक्षा ले सकता है। अपने मूल्यों को दरकिनार करने से बचें और हर फैसला तार्किक तरीके से लें।

**कन्याः** कोर्ट में लंबे समय से चल रहे मुकदमे में जीत हासिल होगी। आपका मन शांत रहेगा।

**तुलाः** गर्भवती महिलाओं को चलते-फिरते समय खास खयाल रखने की जरूरत है। अगर संभव हो तो ऐसे लोगों से दूर रहें जो धूम्रपान करते हैं।

**वृश्चिकः** लंबे समय से रूका हुआ काम पूरा होगा। आज सरकारी दफ्तरों में फंसा हुआ काम आसानी से हो जाएगा।

**धनुः** ध्यान और योग न केवल आध्यात्मिक तौर पर, बल्कि शारीरिक तौर पर भी आपके लिए फादेमन्द साबित होंगे।

**मकरः** आज आपके लंबे समय से रूके हुए कार्य पूरे होंगे। काम के सिलसिले में विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है।

**कुंभः** अगर आपकी योजना बाहर घूमने-फिरने की है तो आपका वक्त हंसी-खुशी और सुकून भरा रहेगा।

**मीनः** ऑफिस में किसी सहकर्मी से विवाद हो सकता है। ये विवाद आपको भारी पड़ सकता है, इसलिए जितना हो सके एवॉएड करें।

## एसबीआई लाइफ ने हैक-एआई-थॉन लॉन्च किया

चंडीगढ़। भारत की सबसे विश्वसनीय निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने हैक-एआई-थॉन के पहले संस्करण की शुरुआत की है। यह एक राष्ट्रीय स्तर की नवाचार पहल है, जो होनहार प्रतिभाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से जीवन बीमा के भविष्य को एक नई पहचान देने के लिए प्रेरित करती है। यह पहल भारत भर के टेक्नोलॉजी छात्रों को एक अनूठा मंच प्रदान करती है, जहाँ वे बीमा से जुड़ी व्यावसायिक चुनौतियों, जैसे- ग्राहक अनुभव में सुधार, उत्पाद की पहुँच बढ़ाने और धोखाधड़ी की रोकथाम जैसे क्षेत्रों में नए और अनूठे समाधान बनाने में सहयोग कर सकते हैं।एसबीआई लाइफ के 'हैक-एआई-थॉन' के रीजनल राउंड में लोगों की ओर से ज़बरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें पूरे भारत से 7,500 से अधिक टेक छात्रों ने पंजीकरण कराया। कठोर चयन प्रक्रिया के बाद, पुणे, दिल्ली और चेन्नई में आयोजित रीजनल राउंड के लिए 50 से अधिक टीमों का चयन किया गया। इन फाइनलिस्ट में से शीर्ष 15 टीमों को मुंबई में आयोजित होने वाले ग्रैंड फिनाले में अपने नवाचार प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा।

## एमजी सेलेक्ट ने चंडीगढ़ में एम9 और साइबरस्टर को एक्सक्लूसिव प्रीव्यू के लिए पेश किया

चंडीगढ़। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के लग्जरी चैनल एमजी सेलेक्ट ने चंडीगढ़ में एक एक्सक्लूसिव कस्टमर इवेंट में अपने अद्वितीय प्रोडक्ट - एमजी एम9 प्रेसिडेंशियल लिमोसिन और दुनिया की सबसे तेज एमजी रोडस्टर - साइबरस्टर का अनावरण किया। क्लाइंट्स को वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में डिलीवरी से पहले वाहनों का व्यापक पूर्वावलोकन प्रदान करने के इस कार्यक्रम को प्री-रिजर्व क्लाइंट तक सीमित रखा गया था। एमजी एम9 स्पेस, आराम और स्थिरता में एक नया बेंचमार्क स्थापित करता है। इस लिमोसिन में दूसरी पंक्ति का केबिन शानदार है, जिसमें प्रेसिडेंशियल सीटें हैं, जिसमें 14-तरफ़ा एडजस्टमेंट, 8 मसाज मोड, वेंटिलेशन और हीटिंग है सिस्टम है - जो उपभोक्ता को बेजोड़ आराम और सोफिस्टिकेशन प्रदान करता है। एमजी एम9 ड्राइवर को गाड़ी ड्राइव करने के बेहतरीनअनुभव के लिए डिज़ाइन किया गया और इसका शानदार इंटीरियर डिज़ाइन और महत्वाकांक्षी जीवनशैली का मिश्रण दर्शाता है। क्लासिक रून्न क्क का उत्तराधिकारी साइबरस्टर में उपभोक्ता को मिलते है इलेक्ट्रिक कैंची दरवाजे और एक कन्वर्टबल छत, जो तकनीक के साथ ऐश - आराम को जोड़ता है। इलेक्ट्रिक कैंची दरवाजे पाँच सेकंड में खुलते हैं, रिमोट से ऑपरेट करने की सुविधा देते हैं, और सिंगल-टच बटन से संचालित होते हैं।

## भारत में पहली बार 25 सप्ताह में जन्मीं त्रिदेवी नवजात बालिकाएं सकुशल घर पहुंचीं

**पलवल।** जन्म के समय इन तीनों नवजात बच्चियों का कुल वजन एक सामान्य पूर्णकालिक शिशु से भी कम था। अमृता अस्पताल, फरीदाबाद ने भारत में नवजात देखभाल के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए, मात्र 5.5 माह की गर्भावस्था में जन्मीं तीन नवजात बालिकाओं को सफलतापूर्वक अस्पताल से छुट्टी दे दी दी है। इन नवजातों का कुल वजन केवल 2.5 किलोग्राम था और ये जन्म के बाद लंबे समय तक निसु में गहन निगरानी में रहीं। अस्पताल की विशेषज्ञ टीम ने 225 दिनों तक इन तीनों शिशुओं की उच्च जोखिम वाली देखभाल की, और यह सुनिश्चित किया कि इस दौरान किसी भी तरह की चिकित्सकीय जटिलता न हो- न तो कोई अस्पताल में हुआ संक्रमण, न ही मस्तिष्क में रक्तस्राव, और न ही कोई दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्या। यह भारत में अपनी तरह का पहला दर्ज मामला है, जब इतनी कम अवधि में जन्मे और इतने कम वजन वाले तीन नवजात जीवित रह सके हों। गर्भावस्था की शुरुआत से ही यह मामला असाधारण था। मां, जो कि एक 46 वर्षीय विश्वविद्यालय प्रोफेसर हैं, ने दीर्घकालीन गर्भधारण की चुनौती के बाद प्राकृतिक रूप से तीन नवजातों को गर्भधारण किया और तीसरी तिमाही तक सफलतापूर्वक ले गई। अंतिम हफ्तों में मां की तबीयत कई संक्रमणों के कारण बिगड़ने लगी और उन्हें भी गहन चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता पड़ी।

# बेटियां पढ़ लिखकर दो परिवारों का नाम रोशन करती है: राजीव जैन

**राजकीय कन्या कॉलेज सेक्टर 12 के वार्षिकोत्सव में मुख्यातिथि के रूप में अपने सम्बोधन कहा**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। नगर निगम मेयर एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मिडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा है कि बेटियां पढ़ लिखकर दो परिवारों का नाम रोशन कर भला करती हैं और जिस क्षेत्र में जाएं वहीं सफलता का झंडा गाड़ती हैं। राजीव जैन ने बुधवार को राजकीय कन्या कॉलेज सेक्टर 12 के वार्षिकोत्सव में मुख्यातिथि के रूप में अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार ने बेटियों की उच्च शिक्षा के लिए प्रत्येक 20 किलोमीटर पर कॉलेज खोलने का अभियान शुरू किया जिससे बेटियां चाहे लोकसेवा आयोग की परीक्षा हो या फिर स्कूल, कालेज के परिणाम सभी में बेटियां आगे रहती हैं, उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वह अपनी संस्कृति एवं संस्कारों के साथ ही आगे बढे। उन्होंने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि नकारात्मक विचारों को त्याग कर छात्राओं को अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्हें कहा कि वह हमेशा बेटियों की शिक्षा के लिए अपने प्रयास को जारी रखेंगे और महाविद्यालय से संबंधित जो भी कार्य होगा उसको प्राथमिकता के आधार पर संपूर्ण करवाएंगे। कॉलेज



प्राचार्य द्वारा रखी गई महाविद्यालय की कई मांगों को भी पूरा करने का आश्वासन दिया।

राजीव जैन ने छात्राओं को एम0 ए0 राजनीतिक विज्ञान प्रथम वर्ष के परिणाम में प्रीति ने पहला सपना ने दूसरा और प्रिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। एम0.ए0 इंग्लिश प्रथम वर्ष में भारती पहले दिव्या दूसरे और अंजू तीसरे स्थान पर रही। एम.काम प्रथम वर्ष में प्रिया ने पहला, नीतू ने दूसरा और ज्योति कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। एमएससी ज्योग्राफी मैं ईशा पहले,रोमी दूसरे और अनु तीसरे स्थान पर रही। बीएससी प्रथम वर्ष में आरुषि पहले, आयुषी दूसरे और साक्षी तीसरे स्थान पर रही। बीकॉम प्रथम वर्ष में छवि पहले आशा रानी दूसरे और नैना तीसरे स्थान पर रही। तनीषा, साक्षी व्हेन नोबिता को कॉलेज कलर से नवाजा गया। छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। कॉलेज के प्रधानाचार्य नरेश आंतिल ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि वर्मा लैब के निदेशक प्रवीण वर्मा, गीता विद्या मंदिर की प्राचार्या डॉक्टर नीरू, ताऊ देवीलाल कॉलेज मुरथल की प्राचार्या डॉक्टर सीमा ठाकरान एवं कालेज का समस्त टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ उपस्थित रहा। मंच संचालन सुभाष सिसोदिया द्वारा किया गया।

## लेक्सस इंडिया ने एलएम350एच की बुकिंग्स फिर से शुरू की

चंडीगढ़ । लेक्सस इंडिया ने आज लेक्सस एलएम350एच की बुकिंग फिर से शुरू करने की घोणा की है। अपनी शुरूआत के बाद से लेक्सस एलएम350एच ने बहु-आयामी दृष्टिकोण के साथ देश भर के लक्जरी कार प्रशंसकों को खूब लुभाया है। सोच-समझ कर तैयार किए गए इस मास्टरपीस ने अल्ट्रा-लक्जरी मोबिलिटी सेगमेन्ट को नया आयाम दिया है। लेक्सस के इस फ्लैगशिप मॉडल एलएम350एच को भारतीय बाजार में खूब पसंद किया गया है, जो अल्ट्रा-लक्जरी वाहनों की बढ़ती मांग को दर्शाता है। यह कार अपने सेगमेन्ट में नए बेंचमार्क स्थापित करते हुए मेहमानों को बेहतरीन अनुभव प्रदान करती है। यात्री को शांत एवं प्रोडक्टिव वातावरण प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई यह कार आधुनिक हाइब्रिड टेक्नोलॉजी के साथ राईड को स्मूद और शोर से रहित बनाती है, सटीक हैण्डलिंग के साथ पिछली सीट भी शानदार आराम को सुनिश्चित करती है, ताकि राइडर की यात्रा पूरी तरह से आरामदायक रहे। इसके फोर-सीटर और सैवन-सीटर दोनों कॉन्फीगरेशन राइड के दौरान अधिकतम आराम का अनुभव प्रदान करते हैं। इस घोषणा पर बात करते हुए हिकारू इकेउची, प्रे?ीडेन्ट, लेक्सस इंडिया ने कहा, ''हम अपने मेहमानों के प्रति आभारी हैं जिन्होंने धैर्य रखते हुए लेक्सस एलएम350एच के लिए पूरा समर्थन एवं उत्साह दर्शाया है।

# मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त दो आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिले की क्राईम यूनिट कुण्डली की पुलिस टीम नें मादक पदार्थ तस्करी की घटना में संलिप्त दो आरोपियों को मादक पदार्थ चरस की वाणिज्य मात्रा सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी काहनचन्द पुत्र जग्गर व शेरसिंह पुत्र भागेराम दोनों निवासी जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश के रहने वाले है।

इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि गत 07 मई को क्राईम यूनिट कुण्डली की अनुसन्धान टीम में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक आशीष अपनी पुलिस टीम के साथ बराये गस्त भम्भेवा रोड गांव भावड मौजुद था कि खुफिया जानकारी मिली कि काहनचन्द व शेरसिंह वासियान कुल्लू, हिमाचल प्रदेश गाडी पर गांव निजामपुर से भावड की तरफ जायेगें जिनके पास चरस है। अगर भावड से निजामपुर रोड पर नहर के पास नाकाबन्दी की जाये तो चरस सहित काबू आ सकते है। जो पुलिस टीम सूचना के आधार पर भावड से निजामपुर रोड पर नहर पुल के पास पहुंची। जहां पर गांव निजामपुर की तरफ से सडक पर एक गाडी आल्टो आती दिखाई दी जिसको पुलिस टीम ने काबू करके गाडी के चालक व कन्डैक्टर साईड में बैठे नौजवान लडके से नाम पता पुछा तो कार चालक ने अपना नाम शेरसिंह पुत्र भागेराम निवासी जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश व साईड मे बैठे युवक ने अपना नाम काहनचन्द पुत्र जग्गर निवासी जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश बतलाया। जो पुलिस टीम द्वारा नियमानुसार तलाशी अमल में लाई तो कन्डकटर सीट पर बैठे युवक की गोद में एक पोलीथीन रखी हुई है। तथा एक सफेद रंग की पोलीथीन ड्राईवर सीट के पिछली सीट पर रखी हुई है। जो पुलिस टीम ने दोनों पोलीथीन को खोलकर चैक किया तो चरस बरामद हुई। जो बरामदा चरस का दोनों पोलीथीन समेत इल्कट्रोनिक काटा पर वजन किया तो कूल वजन 4 किलो 350 ग्राम हुआ। इस घटना का मादक द्रव्य पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत थाना बरोदा में अभियोग दर्ज किया गया।

क्राईम यूनिट कुण्डली की अनुसंधान टीम में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक मनोज ने अपनी पुलिस टीम के साथ कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थ की तस्करी की घटना में संलिप्त दो आरोपियों काहनचन्द पुत्र जग्गर व शेरसिंह पुत्र भागेराम दोनों निवासी जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश को गिरफ्तार किया हैद्य गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेशकर पाँच दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।




# शिशुओं के पालन में प्रबंधन लापरवाह

## सीजीएम शिशुगृह में मिली बदहाली को देख रह गई हैरान

**उपायुक्त को पत्र लिख कर बयान किए मौजूदा हालात**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 7 मई।** अपर्णा भारद्वाज, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), पंचकूला ने सेक्टर-15, पंचकूला स्थित शिशु गृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में सुविधा के प्रबंधन, स्वच्छता और सुरक्षा के बारे में कई गंभीर चिंताएं सामने आई, जिससे वहां रखे गए बच्चों के कल्याण के बारे में चिंताएं पैदा हुई। निरीक्षण के दौरान, अपर्णा भारद्वाज ने पाया कि शिशु गृह या स्वागत क्षेत्र में कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौजूद नहीं था। इसके बजाय, अधिकारी कार्यालय परिसर में अनौपचारिक बातचीत में व्यस्त पाए गए, जो पूरी तरह से अपनी जिम्मेदारियों की उपेक्षा कर रहे थे।

**उपायुक्त को पत्र लिख हस्तक्षेप करने को कहा:** खामियों और संबंधित कर्मचारियों के लापरवाह रवैया को देखते हुए अपर्णा भारद्वाज ने पंचकूला के




उपायुक्त को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला है। पत्र में शिशु गृह में रहने वाले बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए तत्काल सुधारात्मक उपाय और संबंधित अधिकारियों की सख्त जवाबदेही की मांग की गई है। अपर्णा भारद्वाज ने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों की देखभाल और सुरक्षा के लिए बनी संस्थाओं को स्वच्छता, पर्यवेक्षण और सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखना चाहिए। इस संबंध में किसी भी लापरवाही से गंभीरता से निपटा जाएगा।

**सीसीटीवी कैमरे भी मिले खराब:** निरीक्षण में यह भी पता चला कि सुविधा में स्थापित कई सीसीटीवी कैमरे काम नहीं कर रहे थे। सुश्री भारद्वाज के ध्यान में लाया गया कि यह एक बार-बार आने वाली समस्या है, और पिछले दौरों में भी कई कैमरों के खराब होने की सूचना मिली थी। बार-बार निर्देशों के बावजूद, अधिकारी खराब निगरानी उपकरणों की मरम्मत या उन्हें बदलने में विफल रहे हैं। यह बाल देखभाल के लिए आवश्यक सुरक्षा और निगरानी तंत्र से गंभीर रूप से समझौता करता है।

### शिशुगृह में मिले 9 नन्हें बच्चे, सुरक्षा को खतरा

निरीक्षण के समय, शिशु गृह में बिना किसी निगरानी के नौ बच्चे मौजूद थे, जो उनकी सुरक्षा और भलाई के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे थे। निरीक्षण में यह भी पता चला कि सुविधा का उद्यान क्षेत्र दयनीय स्थिति में था, कचरे से अटा पड़ा था और हर जगह गंदगी थी। पूछे जाने पर, प्रभारी ने इस मुद्दे को संबोधित करने में असहायता व्यक्त की और इसके बजाय सफाई कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का पालन करने का निर्देश देने के लिए नीचे हस्ताक्षरकर्ता से निर्देश मांगे। बच्चों के स्थानों में बुनियादी स्वच्छता मानकों को बनाए रखने में दिखाई गई अनिच्छा और लापरवाही बेहद चिंताजनक है। तस्वीरें और वीडियो साक्ष्य एकत्र किए गए हैं और समीक्षा के लिए उपलब्ध हैं। सुविधा के प्रवेश द्वार पर एक बड़ी सुरक्षा चूक देखी गई, जहां तीन भरे हुए एलपीजी सिलेंडर लापरवाही से संग्रहीत पाए गए। यह न केवल बुनियादी अग्नि सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन करता है बल्कि बच्चों और कर्मचारियों के जीवन के लिए सीधा खतरा पैदा करता है। कर्मचारियों ने यह कहकर इसे सही ठहराने का प्रयास किया कि खाना पकाने के उद्देश्यों के लिए सिलेंडर की आवश्यकता थी। हालांकि, सुश्री भारद्वाज ने दृढ़ता से सलाह दी कि भरे हुए सिलेंडरों को किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए, विशेष रूप से आपात स्थिति के दौरान, एक निर्दिष्ट आउटहाउस या अलग सुविधा में संग्रहीत किया जाना चाहिए।







# हरियाणा सरकार में आईएएस अफसरों के हुए तबादले

**आईएएस टीएल सत्यप्रकाश सरकार के आयुक्त एवं सचिव नियुक्त**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 7 मई।** हरियाणा के राज्यपाल ने बुधवार को आईएएस अफसरों के तबादलों के आदेश जारी किए। इनमें आईएएस टीएल सत्यप्रकाश को सरकार का आयुक्त एवं सचिव के अलावा परिवहन विभाग का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। आईएएस सीजी रजनी कांथन को हरियाणा मानव संसाधन विभाग का आयुक्त एवं सचिव, वित्त विभाग सचिव, हरियाणा प्रशासनिक विभाग (सामान्य) एवं सेंट्रल कमेटी, एग्जामिनेशन के सचिव नियुक्त किया है। आईएएस शेखर विद्यार्थी को सरकार का आयुक्त एवं सचिव पुरालेख विभाग और दमकल सेवाएं हरियाणा का महानिदेशक, आईएफओएस एस. नारायणन को हरियाणा उच्च शिक्षा विभाग महानिदेशक एवं सचिव का कार्यभार दिया गया है। अमना तसनीम को हरियाणा विदेश समन्वय विभाग का निदेशक, राहुल हुड्डा को हरियाणा सरकार का विशेष सचिव एवं रेवेन्यू व आपदा प्रबंधन हरियाणा का कार्यभार, सचिन गुप्ता को एचएसवीपी पंचकूला का प्रशासक व इसके अतिरिक्त अर्बन एस्टेट पंचकूला के निदेशक का चार्ज सौंपा गया है। आईएएस आयुष सिन्हा को मानेसर नगर निगम का आयुक्त, आईएएस अखिल पिलानी को यमुनानगर नगर निगम निगम का आयुक्त, आनंदर कुमार शर्मा को रोहतक जिला नगर निगम आयुक्त, आईएएस सलोनी शर्मा को फरीदाबाद नगर निगम का अतिरिक्त आयुक्त, आईएएस डा. बलप्रीत सिंह को अंबाला नगर निगम आयुक्त और यश जुल्का को गुरूग्राम नगर निगम का अतिरिक्त आयुक्त नियुक्त किया गया है।

# प्रधानमंत्री ने भारतीयों का मान बढ़ाया: कुलभूषण गोयल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर हमला कर, दिया गया एक सशक्त जवाब है। भारत आतंकवाद को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद महापौर के कार्यालय में विभिन्न दलों के नेता एवं पार्षद एकत्रित हुए और एयर स्ट्राइक की सराहना की। कुलभूषण गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह सुनिश्चित हो गया है कि आतंक के हर अपराधी पर कार्रवाई की जाए। हमारी बहादुर सेना को बधाई और शुभकामनाएं, सुरक्षा और सफलता की ओर बढ़ते रहें। देश भर में उनके परिवारों को सलाम और धन्यवाद जिन्होंने देश को ऐसे बहादुर बेटे दिए। उन्होंने कहा कि मैं भारतीय सशस्त्र बलों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नमन करता हूं क्योंकि उनके निर्णय और निर्णायक शक्ति ने 140 करोड़ भारतीयों का मान बढ़ाया है।










अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)